
हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025

## केदारनाथ धाम यात्रा

# मई की हेलीकॉप्टर के टिकटों की बुकिंग 5 घंटे में हुई फुल



धाम के कपाट दो मई से खुलने जा रहे

**प्रति यात्री आने जाने का किराया**

- गुप्तकाशी से केदारनाथ **8532 रु.**
- फाटा से केदारनाथ- **6062 रु.**
- सिरसी से केदारनाथ **6060 रु.**

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

केदारनाथ धाम के कपाट दो मई से खुलने जा रहे हैं। इसी दिन से गुप्तकाशी, सिरसी और फाटा हेलिपैड से हेली सेवाओं का संचालन शुरू किया जाएगा। चारधाम यात्रा के लिए केदारनाथ हेली सेवा की 31 मई तक टिकटों की बुकिंग पांच घंटे के भीतर फुल हो गई। आईआरटीसी ने मंगलवार दोपहर 12 बजे ऑनलाइन हेली टिकटों की बुकिंग के लिए वेबसाइट ओपन की। कुछ ही घंटों में पूरे मई महीने की टिकट बुक हो गए। इस दौरान कई यात्रियों को टिकट बुक न होने की वजह से निराश होना पड़ा।

***टिकट फुल यात्री मायूस, अगली तारीख का इंतजार***

*जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि आईआरसीटी की अधिकारिक वेबसाइट पर केदारनाथ हेली टिकटों की बुकिंग की जा रही है। वेबसाइट खुलने के कुछ ही घंटों में 31 मई तक की सभी टिकट फुल हो चुकी है। आगे की यात्रा के लिए हेली टिकट बुकिंग की दोबारा से तारीख तय की जाएगी।*

रतलाम में सर्वाधिक पारा 44.2 डिग्री

# तेज गर्मी का 'असर'...भोपाल सहित तीन जिलों में स्कूलों का समय बदला, लगातार तीसरे दिन 5 जिलों में चली लू

## छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मध्य सिवनी और डिंडोरी में भी बारिश के साथ ओले गिरे

## भोपाल में छाए रहे बादल, आज से कल तक बौछारों की उम्मीद, तापमान दशमलव दो डिग्री गिरकर 41 डिग्री



लिंक रोड नंबर एक दोपहर साढ़े 3 बजे

**18** जिलों में पारा 40 से 44 डिग्री, पांच जिलों में रात का पारा भी 25 से 30 डिग्री के बीच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में बुधवार को लगातार तीसरे दिन 5 जिलों में लू तो प्रदेशभर में भीषण गर्मी का दौर रहा। कुछ जिलों में बारिश के साथ ओले भी गिरे। तेज गर्मी और लू को देखते हुए भोपाल सहित तीन जिलों में मिडिल तक के स्कूलों का समय बदल दिया गया है। भोपाल जिले में अत्यधिक गर्मी पड़ने से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों की कक्षाएं दोपहर 12 के बाद नहीं लगेंगी।



सावरकर सेतु शाम 6 बजे

### यहां हुई बारिश, गिरे ओले

बुधवार को पांढुर्णा, सिवनी में आंधी और गरज चमक के साथ ओले गिरे। बालाघाट, मध्य सिवनी और डिंडोरी में भी बारिश और ओलावृष्टि हुई। मंडला, छिंदवाड़ा, अनूपपुर, नरसिंहपुर, बैतूल, जबलपुर, ग्वालियर, नीमच, गुना, मंदसौर और सागर जिलों में शाम के समय बिजली के साथ हल्की बारिश हुई है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
बेंगलुरु दिल्ली
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### ठगी के शिकार लोगों को 1.91 करोड़ वापस किए

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने बुधवार को यहां एक मेले का आयोजन किया तथा उन लोगों को कुल 1.91 करोड़ रुपए लौटाए जो इस साल जनवरी से मार्च तक साइबर ठगी के शिकार हो गए थे। भुवनेश्वर-कटक आयुक्त कार्यालय ने इस 'मनी रिटर्न मेले' का आयोजन किया।



### श्रीनगर के लिए वंदे भारत हरी झंडी दिखाएंगे पीएम

**जम्मू।** आने वाली 19 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीनगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। इस दिन कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल मार्ग जुड़ जाएगा और और यात्री बिना किसी परेशानी के देश के किसी भी कोने में ट्रेन द्वारा जा सकेंगे।



### आईईडी विस्फोट में बीएसएफ जवान घायल

**नई दिल्ली।** पंजाब में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा बाड़ के पास बुधवार को हुए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान घायल हो गया। बल ने एक बयान में यह जानकारी दी।



## गुड न्यूज: आरबीआई ने लगातार दूसरी बार रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती की

# होम, कार व कॉरपोरेट लोन की ईएमआई घटने की उम्मीद बढ़ी

आरबीआई गवर्नर ने वित्तीय वर्ष 2026 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.5% रहने का अनुमान जताया





एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को लगातार दूसरी बार प्रमुख ब्याज दर में 25 आधार अंकों की कटौती का ऐलान किया है। केंद्रीय बैंक के इस फैसले से अमेरिका की ओर से लगाए गए पारस्परिक शुल्कों से प्रभावित अर्थव्यवस्था को सहारा मिलने की उम्मीद बढ़ी है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो रेट में तत्काल प्रभाव से 0.25 फीसदी की कटौती का फैसला सर्वसम्मति से लिया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि रेपो दर को तत्काल प्रभाव से 25 आधार अंकों से घटाकर 6% करने के लिए मतदान किया। इस दौरान गवर्नर ने वैश्विक विकास के लिए नई चुनौतियों की ओर इशारा भी किया। इस कदम से आवास, ऑटो और कॉर्पोरेट ऋण लेने वालों को राहत मिली। आरबीआई गवर्नर ने वित्तीय वर्ष 2026 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.5% रहने का अनुमान जताया।

### मैं संजय हूं, लेकिन महाभारत का 'संजय' नहीं...

मैं संजय हूं, लेकिन महाभारत का संजय नहीं हूं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को एमपीसी के फैसलों की घोषणा के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि वे महाभारत के संजय नहीं हैं जो भविष्य में ब्याज दरों पर होने वाली कार्रवाई का पूर्वानुमान लगा सके और यह भी बता सकें कि मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच ब्याज दरों में नरमी किस स्तर पर रुकेगी। उन्होंने कहा कि हम वृद्धि दर और महंगाई दर की गति को प्रबंधित करने की कोशिश में हैं। उन्होंने कहा कि यह कहां तक पहुंचेगा... हम वास्तव में नहीं जानते। मैं संजय हूं, लेकिन मैं महाभारत का संजय नहीं हूं कि इतनी दूर तक देख सकूं। मेरे पास उनकी जैसी दिव्य दृष्टि नहीं है।



*केंद्रीय बैंक के इस फैसले से अमेरिका की ओर से लगाए गए पारस्परिक शुल्कों से प्रभावित अर्थव्यवस्था को सहारा मिलने की उम्मीद बढ़ी है*



### फरवरी में भी की गई थी 25 आधार अंकों की कटौती

फरवरी में अपनी पिछली नीति में आरबीआई ने रेपो दर को 25 आधार अंकों से घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था। यह दर मई 2020 में पिछली दर में कटौती के बाद आई थी। दरों में आखिरी संशोधन फरवरी 2023 में हुआ था। जब नीति दर को 25 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया था।

### वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4% तक रह सकती है महंगाई दर

मल्होत्रा ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति निर्णायक रूप से सकारात्मक दायरे में प्रवेश कर रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुद्रास्फीति 4% रहने का अनुमान लगाया गया है। फरवरी में महंगाई दर 4.2% रहने का अनुमान लगाया गया है।

### क्या है रेपो रेट?

रेपो रेट वह दर होती है जिस पर आरबीआई बैंकों को कर्ज देता है। बैंक इस कर्ज से ग्राहकों को लोन देते हैं। रेपो रेट कम होने का मतलब है कि बैंक से मिलने वाले कई तरह के कर्ज, जैसे होम लोन, कार लोग अब सस्ते हो जाएंगे। हालांकि बैंक ईएमआई में कब तक और कितनी कटौती करेंगे यह उन पर निर्भर करता है। भारतीय रिजर्व बैंक की माद्रिक नीति समिति हर दो महीने के अंतराल पर होने वाली अपनी तीन दिवसीय बैठक में रेपो दर को घटाने, बढ़ाने या स्थिर रखने पर फैसला लेती है।

## जावरा में बर्फ फैक्ट्री से रिसी अमोनिया गैस



# सीएसपी के माता-पिता सहित कई लोगों की तबीयत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

जावरा में पुलिस कॉलोनी के पास स्थित आइस फैक्ट्री में मंगलवार रात अमोनिया गैस लीकेज होने से हड़कंप मच गया। गैस लीकेज से पुलिस कॉलोनी में निवासरत सीएसपी दुर्गेश आर्मो और उनका परिवार गैस की चपेट में आ गया, जिससे उन्हें आंखों में जलन होने लगी। जानकारी मिलने पर पुलिस प्रशासन का अमला हरकत के आया और मौके पर फायर ब्रिगेड को बुलवाकर पानी का छिड़काव करवाया। उसके बाद गैस लीकेज वाल बंद किया गया। बुधवार सुबह मध्यप्रदेश प्रदूषण बोर्ड उज्जैन की फैक्ट्री की जांच करने पहुंची। जांच में पाया कि फैक्ट्री अवैध रूप से संचालित की जा रही थी।

उज्जैन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम पहुंची

फैक्ट्री अवैध रूप से हो रही थी संचालित, जड़ा ताला

### नहीं मिले दस्तावेज फैक्ट्री बंद कराई

घटना की जांच करने के लिए बुधवार सुबह मध्यप्रदेश प्रदूषण बोर्ड उज्जैन की टीम आइस फैक्ट्री पर पहुंची है। टीम के अधिकारियों ने संचालक से फैक्ट्री से जुड़े दस्तावेज मांगे, लेकिन संचालक कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाया। फैक्ट्री संचालक के पास न तो फैक्ट्री संचालित करने की परमिशन पाई गई और न ही मध्यप्रदेश पॉल्यूशन बोर्ड का लाइसेंस पाया गया। टीम के सदस्यों ने मौके पर पंचनामा बनाया। फिलहाल, फैक्ट्री को बंद कर दिया गया है।

## पूर्व मंत्री के निर्माणाधीन मकान में 'महापाप'

# रेप केस में 10 साल की सजा काटकर आया व नाबालिग को बनाया शिकार



आरोपी को गिरफ्तार किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल

शहडोल में 54 वर्षीय अधेड़ ने 13 साल की बच्ची को अपनी हवस का शिकार बना लिया। आरोपी बच्ची से दुष्कर्म मामले में दस साल की सजा पा चुका है, और हाल ही में रिहा हुआ था। वहीं ये घटना पूर्वमंत्री के निर्माणाधीन मकान में अंजाम दी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार सुबह थाना कोतवाली इलाके के पांडव नगर स्थित निजी स्कूल में पढ़ने वाली 13 वर्षीय छात्रा घर से साइकिल से जा रही थी। तभी स्कूल के समीप पंकज पिता प्रकाश चंद्र कटारे (54) ने उसे रोका और उसे बहला फुसलाकर अपने साथ पूर्व मंत्री के पांडव नगर स्थित निर्माणाधीन मकान में ले गया।

2 लाख रुपए की रिश्वत मांग रहा था रेंजर

# सड़क बनाने के बदले ठेकेदार से 3% कमीशन मांगा, 1 लाख लेते पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

- इंदौर लोकायुक्त की धार में कार्रवाई

प्रदेश में हर दूसरे दिन कहीं न कहीं लोकायुक्त रिश्वतखोर अधिकारी-कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ रही है लेकिन इसके बावजूद रिश्वतखोर बाज आते नजर नहीं आ रहे हैं। अब धार जिले में लोकायुक्त ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक रेंजर को रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ा है। धार जिले के वन परिक्षेत्र बाग के रेंजर वैभव उपाध्याय के खिलाफ मनावर के रहने वाले ठेकेदार जितेंद्र वास्केल ने शिकायत की थी। फरियादी के मुताबिक उसने बाग रोड से पांडु



गुफा तक 3 किलोमीटर रोड के निर्माण का ठेका लिया है। इसमें से लगभग 2 किलोमीटर रोड वन विभाग एरिया में आती है। इसकी अनुमति भी उसने वन विभाग से ली है। लेकिन रेंजर वैभव उपाध्याय ने काम रुकवा दिया और लागत का 3 प्रतिशत रिश्वत के रूप में मांगा है।

### टीकमगढ़: राशन दुकान संचालक से मांगे 50 हजार

जिले के बल्देवगढ़ में पदस्थ सहायक खाद्य अधिकारी पंकज करौलिया को बुधवार को लोकायुक्त सागर की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगेहथों पकड़ा है। रिश्वतखोर पंकज करौलिया ने राशन दुकान संचालक विजय सिंह ठाकुर निवासी गांव पिपरा से उनकी दोनों दुकानों की पीओएस मशीन में जीरोईंग करने के लिए 50 हजार की रिश्वत मांगी थी। फरियादी विजय सिंह ने सागर लोकायुक्त ऑफिस में इसकी शिकायत की थी। 10 हजार रुपए रिश्वत की रकम लेकर सहायक खाद्य अधिकारी ने फरियादी विजय को अपने घर पर बुलाया था जैसे ही घर पर करौलिया ने रिश्वत ली तो लोकायुक्त टीम ने उसे रंगेहाथों पकड़ लिया।

जलसंकट: पत्नी गई थी मायके

### पति की गुहार पर शुरू हुआ पाइप लाइन का काम

**डिंडोरी।** जिले के ग्राम देवरा में जितेंद्र सोनी की पत्नी लक्ष्मी सोनी यह कहकर मायके चली गई कि उसके गांव में पानी की भारी किल्लत है। ऐसे में लंबी दूरी से पानी लाना और हैंडपंप पर घंटों खड़े रहना उसके बस की बात नहीं है। जब इस गांव में पानी की समस्या का समाधान हो जाए तभी मुझे मायके लेने आना। लक्ष्मी से बात से पति जितेंद्र सदमें में आ गया। उसने बिना देरी के कलेक्टर की जनसुनवाई में आवेदन दे दिया।



- 1 हैंडपंप पर ढाई हजार लोग निर्भर, रातभर लोग भरते हैं पानी

## फ्लाइट दिल्ली से बैंकॉक जा रही थी

# एयर इंडिया की फ्लाइट में फिर पेशाब कांड निजी कंपनी के अधिकारी पर कर दी टॉयलेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- यात्री ने पीड़ित से माफी मांगी तो नहीं की शिकायत

दिल्ली से बैंकॉक जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2336 के बिजनेस क्लास में एक पुरुष यात्री ने एक निजी कंपनी के बड़े अधिकारी पर पेशाब कर दी। एयर इंडिया ने भी इस घटना की पुष्टि की है और बताया है कि क्रू ने पीड़ित यात्री के लिए शिकायत दर्ज करवाने में मदद की भी




पेशकश की। हालांकि, उसने मना कर दिया। यह घटना तब हुई, जब फ्लाइट बैंकॉक में लैंड कर रही थी। इससे पहले नवंबर, 2022 में भी एयर इंडिया की फ्लाइट में पेशाब करने का मामला सामने आ चुका है।

### एयर इंडिया ने कहा सहायता की पेशकश की गई

कंपनी ने आगे कहा कि अनियंत्रित यात्री को चेतावनी देने के अलावा, हमारे क्रू ने पीड़ित यात्री को बैंकॉक में अधिकारियों के साथ शिकायत करने में सहायता करने की पेशकश की, जिसे उस समय अस्वीकार कर दिया गया था। घटना का आकलन करने और अनियंत्रित यात्री के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई, यदि कोई हो तो, निर्धारित करने के लिए स्थायी स्वतंत्र कमेटी बुलाई जाएगी। एयर इंडिया ऐसे मामलों में डीजीसीए द्वारा निर्धारित किए गए एसओपी का पालन करेगा।

## उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने 'मुन्ना भाइयों' पर लगाम लगाने लिया सख्त फैसला

जुर्माना भी अभ्यर्थियों की संख्या के हिसाब से बढ़ता जाएगा

# परीक्षा के दौरान बायोमीट्रिक सत्यापन में गड़बड़ी पर एजेंसी को लगेगा 10 गुना जुर्माना, नई व्यवस्था लागू

## ज्यादा गड़बड़ी होने पर एजेंसी को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

अलग खबर

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की भर्ती परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केंद्रों में बायोमीट्रिक सत्यापन में किसी भी तरह की गड़बड़ी के लिए संबंधित एजेंसी को उपस्थित परीक्षार्थियों के लिए निर्धारित राशि का दस गुना जुर्माना देना होगा। आयोग ने परीक्षा में गड़बड़ी के लिए एजेंसी की जिम्मेदारी तय करते हुए यह व्यवस्था लागू की है। जुर्माना भी अभ्यर्थियों की संख्या के हिसाब से बढ़ता जाएगा। उदाहरण के तौर पर परीक्षा केंद्र में अगर किसी एक अभ्यर्थी के पास ब्लूटूथ पाया जाता है।





### एजेंसी पर लगा था तीन लाख का जुर्माना

आयोग के सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों हुई परीक्षा में एक अभ्यर्थी के पास ब्लूटूथ मिलने पर केंद्र में उपस्थित कुल परीक्षार्थियों की संख्या के हिसाब से संबंधित एजेंसी पर तीन लाख का जुर्माना लगाया गया। परीक्षा केंद्र में बायोमीट्रिक सत्यापन की जिम्मेदारी पूरी तरह से एजेंसी को सौंपी जा चुकी है। नई व्यवस्था के तहत एजेंसी की जिम्मेदारी होगी कि बायोमीट्रिक डिवाइस सही तरीके से काम करे, सभी परीक्षार्थियों का सत्यापन हो और कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में ब्लूटूथ या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर प्रवेश न करें। आयोग ने प्रति अभ्यर्थी भुगतान की राशि तय कर रखी है। एजेंसी को परीक्षा केंद्र में उपस्थित कुल परीक्षार्थियों की संख्या के हिसाब से धनराशि का भुगतान किया जाता है।



डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब अचानक शुरू हो हेयर फॉलिंग की प्रॉब्लम



**मेरी उम्र 38 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरे बाल कुछ ज्यादा ही झड़ रहे हैं। कृपया बताएं कि इस समस्या से निजात पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अंकुर, रायपुर**

आप इस बात पर गौर करें कि क्या आपका रहने का स्थान चेंज हुआ है? मतलब आप जो पानी पीते हैं, वो तो नहीं बदला है, क्योंकि कई बार पानी बदलने की वजह से इस तरह की समस्या देखी जाती है। आपने बताया है कि समस्या अभी शुरू हुई है। अगर ऐसा है तो आपको पानी बदलना चाहिए, साथ ही बाजार में उपलब्ध तरह-तरह के शैंपू और साबुन का प्रयोग कम से कम करें। अगर प्रॉब्लम ज्यादा है तो आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के बाद भी मेरा गला सूखता रहता है। हमेशा प्यास-सी लगी रहती है। ऐसा क्यों होता है? कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-पवन, बिलासपुर**

यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, क्योंकि मौसम बदलते यानी गर्मी के मौसम में यह समस्या काफी लोगों को देखी जा रही है। अगर ऐसा है तो चिंता की बात नहीं है, प्यास के अनुसार पानी पीते रहे। लेकिन अगर सभी मौसम में ऐसा है तो जरूर आपको ध्यान देना चाहिए। हालांकि कई बार पेट की समस्या की वजह से प्यास ज्यादा लगती है, इस बात पर ध्यान दें। फिलहाल कुछ दिनों के लिए अधिक ऑयली खाना ना खाएं, इस तरह परिवर्तन करने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मुझे सिगरेट पीने की लत है। कई बार इस लत को छोड़ने की कोशिश की, लेकिन छोड़ नहीं पाया। कृपया कोई उपाय बताएं, जिससे मेरी स्मोकिंग छूट जाए।**

**-संकेत, रोहतक**

मौजूदा समय में देश में कई शहरों में ऐसे सरकारी केंद्र हैं, जहां पर इस तरह की लत छुड़वाई जाती है। वहां डॉक्टर ऐसी दवा देते हैं, जिससे उस जैसे केमिकल बॉडी को मिलते हैं, जो सिगरेट पीने के दौरान मिलते हैं और इसकी मात्रा धीरे-धीरे करके कम की जाती है, जिससे आदत छोड़ने में मदद मिलती है। तो बेहतर होगा कि आप एक बार किसी ऐसे सेंटर में संपर्क कर लें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। आजकल मुझे छोटी-छोटी बातों पर बहुत अधिक गुस्सा आता है। गुस्से की वजह से मेरे हाथ-पैर कांपने लगते हैं और पसीना भी बहुत आता है। कृपया बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-महेंद्र प्रताप, बलौदा बाजार**

आपके लक्षणों से ऐसा लग रहा है कि बीपी बढ़ने की वजह से इस तरह की समस्या आ रही है। बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर अपने बीपी की जांच कराएं। क्योंकि बीपी का प्रमुख लक्षण कुछ ऐसा ही होता है। अगर ऐसा है तो डॉक्टर आपके लिए दवा शुरू करेंगे, जिसे आपको रेग्युलर खाना पड़ेगा, जिससे आराम मिलेगा। इसे लेकर लापरवाही न बरतें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में सोडियम का लेवल कम आया है। मैं दवा तो ले रहा हूं लेकिन प्लीज बताएं मुझे कैसी डाइट लेनी चाहिए, जिससे सोडियम लेवल नॉर्मल करने में मदद मिल सके?**

**-संजय, महासमुंद**

चूंकि आपकी उम्र अधिक है, सोडियम की कमी से परेशानी हो सकती है। हालांकि सोडियम की कमी और अधिकता नुकसानदेय हो सकती है। आपको खान-पान में ध्यान देना होगा। सामान्य नमक का सेवन करना होगा। बेहतर होगा कि आप एक बार डाइटीशियन से संपर्क कर लें, वो खान-पान का चार्ट बनाकर देंगे, उसी के अनुसार डाइट लेने से सोडियम बैलेंस रहेगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

स्पेशलः वर्ल्ड पार्किंसंस डे, 11 अप्रैल

आमतौर पर माना जाता है कि पार्किंसंस रोग बुजुर्गों में होता है लेकिन यंग और मिड एज के लोग भी इससे ग्रस्त हो सकते हैं। यह एक न्यूरोलॉजिकल रोग है, जिसके कई कारण हो सकते हैं। इस रोग के होने के कारणों, लक्षणों, इससे जुड़े मिथ्स-फैक्ट्स और केयर के तरीकों के बारे में यहां बता रहे हैं।

# प्रॉपर केयर से बेहतर होती है पार्किंसंस पेशेंट की लाइफ



डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. विनय गोयल
चेयरमैन-मूवमेंट डिसऑर्डर-न्यूरोलॉजी
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

इंटरनेशनल पार्किंसंस एंड मूवमेंट डिसऑर्डर सोसाइटी (एमडीएस) के अनुसार पार्किंसंस धीमी गति से बढ़ने वाला न्यूरोडीजेनेरेटिव रोग है, जो मस्तिष्क में डोपामाइन (डोपामिन) नामक रसायन के स्तर को कम कर देता है। यानी, पार्किंसंस की समस्या में मस्तिष्क की कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) की क्षति होती है, जिसके परिणामस्वरूप शरीर में कंपन जैसे लक्षण उत्पन्न होते हैं। आमतौर पर इसे वृद्धावस्था की समस्या माना जाता है, लेकिन मौजूदा दौर में युवा वर्ग (जिनकी उम्र 40 वर्ष से कम है) में भी इस समस्या के मामले बढ़ रहे हैं। इस रोग को लेकर लोगों में अवेयरनेस बढ़ाने के लिए हर वर्ष 11 अप्रैल को वर्ल्ड पार्किंसंस डे मनाया जाता है। ब्रिटिश डॉक्टर जेम्स पार्किंसन ने इस समस्या को आधुनिक मेडिकल साइंस में मान्यता दिलवाने के संदर्भ में सार्थक पहल की थी। इसलिए उनके जन्मदिवस 11 अप्रैल को वर्ल्ड पार्किंसंस डे के रूप में मनाया जाता है।

## रोग के कारण

मस्तिष्क में डोपामाइन नामक रसायन की कमी इस समस्या का एक प्रमुख कारण है। इसके अलावा भी कुछ वजहें हो सकती हैं।

**जेनेटिक कारणः** इसके अंतर्गत लगभग 20 ऐसे 'जींस' हैं, जिनके विकारग्रस्त या असामान्य होने से लोग पार्किंसन से ग्रस्त होते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो जेनेटिक डिफेक्ट के कारण एक बड़ी संख्या में लोग पार्किंसंस से ग्रस्त होते हैं।

**मस्तिष्क में चोटः** विभिन्न कारणों जैसे ऊंचाई से गिरने या दुर्घटना से मस्तिष्क में चोट लगने पर कालांतर में पार्किंसंस की समस्या हो सकती है।

**लकवाः** उच्च रक्तचाप या फिर स्ट्रोक होने के बाद होने वाले पैरालिसिस से पार्किंसंस से ग्रस्त होने का जोखिम बढ़ जाता है।

## प्रमुख लक्षण

- चलने में परेशानी या चाल में धीमापन।
- मांसपेशियों में अकड़न।
- शारीरिक संतुलन में दिक्कत।
- दाहिने या बाएं हाथ में कंपन होना।
- आमतौर पर पार्किंसन से ग्रस्त व्यक्ति जब विश्रामपूर्ण स्थिति में होता है, तब उसके हाथों में कंपन होता है, लेकिन काम करने की स्थिति में नहीं होता।



- पार्किंसन से ग्रस्त लोगों का शरीर आगे की तरफ झुक जाता है।
- लिखावट का छोटा होना, जिसे मेडिकल भाषा में माइक्रोग्राफिया कहते हैं।
- आवाज में धीमापन।
- रक्तचाप का निम्न या 'लो' होना।
- छोटे-छोटे कदमों वाली चाल।
- आवाज के वॉल्यूम का कम हो जाना।
- ऐसे लोग एक ही सांस में बोलना चाहते हैं। इस कारण वे शब्दों का सही उच्चारण नहीं कर पाते हैं।
- अकसर कब्ज की समस्या होना और सूंघने की क्षमता कम हो जाना।
- अनिद्रा की समस्या या नींद कम आना।



## ऐसे मिलेगी राहत

फिलहाल पार्किंसंस रोग का कोई स्थाई उपचार उपलब्ध नहीं है, लेकिन लक्षणों से राहत पाकर पीड़ित व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बनाए रखने में मदद करने के लिए उपचार अवश्य उपलब्ध हैं। इसके इलाज को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है। मेडिकल मैनेजमेंट, सर्जरी और नॉन मेडिकल ट्रीटमेंट।

**मेडिकल मैनेजमेंटः** इसके अंतर्गत पार्किंसंस से पीड़ित मरीज को न्यूरोलॉजिस्ट के परामर्श से पहले ऐसी दवाएं दी जाती हैं, जिनसे शरीर में डोपामाइन नामक हार्मोन का लेवल बढ़े। गौरतलब है कि डोपामाइन के स्तर को बढ़ाने वाली दवाएं शुरुआती दौर में या एक निश्चित समय तक पार्किंसंस पीड़ितों को राहत प्रदान करती हैं, लेकिन लगातार दवा लेने के कुछ वक्त के बाद ऐसी दवाओं के साइड इफेक्ट मरीज पर पड़ सकते हैं।

**पैलिडोटॉमीः** इस न्यूरोसर्जिकल प्रक्रिया का उपयोग अकसर डीप ब्रेन स्टिमुलेशन के विकल्प के रूप में, पार्किंसंस रोग के इलाज के लिए किया जाता है।

**डीप ब्रेन स्टिमुलेशनः** यह पार्किंसंस रोग का सर्जिकल उपचार है, जिसके अंतर्गत पार्किंसंस से पीड़ित व्यक्ति के मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड्स डालकर मस्तिष्क की 'सिग्नल प्रणाली' को सही किया जाता है।

**नॉन मेडिकल ट्रीटमेंटः** इसके अंतर्गत नियमित व्यायाम, संतुलित पौष्टिक खान-पान, पर्याप्त नींद, योग और मेडिटेशन और स्वास्थ्य कर जीवनशैली से संबंधित बातों को शामिल किया जाता है। पार्किंसंस से ग्रस्त लगभग 40% व्यक्ति कब्ज की समस्या से पीड़ित रहते हैं। इसलिए ऐसे व्यक्तियों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए।

**जीन थेरेपी और स्टेम सेल थेरेपीः** भविष्य में पार्किंसंस के इलाज में जीन थेरेपी और स्टेम सेल थेरेपी का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा, ऐसा जीववैज्ञानिकों का मानना है। इस संदर्भ में अमेरिका और यूरोप महाद्वीप के कई देशों में शोध व अध्ययन जारी हैं। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### पार्किंसंस से जुड़े मिथ्स और फैक्ट्स

**मिथः** पार्किंसंस एक संक्रामक रोग है।
**फैक्टः** पार्किंसंस संक्रामक रोग नहीं है। यह किसी व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है।
**मिथः** केवल वृद्ध लोगों को पार्किंसंस होता है।
**फैक्टः** आमतौर पर पार्किंसंस के मामले 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं, लेकिन युवावर्ग (40 साल तक की उम्र वालों) में भी इस रोग के मामले सामने आ रहे हैं।
**मिथः** पार्किंसंस लाइलाज बीमारी है।
**फैक्टः** यह सही है कि पार्किंसंस का कोई विशिष्ट स्थाई इलाज फिलहाल नहीं है, लेकिन इस बीमारी के लक्षणों को नियंत्रित करने के लिए उपचार उपलब्ध हैं। जैसे दवाएं, सर्जरी, व्यायाम आदि।




**मिथः** पार्किंसंस रोग से पीड़ित हर व्यक्ति के हाथ-पैर कांपते हैं।
**फैक्टः** यह सही है कि कंपन पार्किंसंस बीमारी का एक आम लक्षण है, लेकिन यह हर मरीज को नहीं होता। पार्किंसंस वालों को चलने में परेशानी या चाल में धीमापन, मांसपेशियों में अकड़न और शारीरिक संतुलन में दिक्कत आदि समस्याएं भी हो सकती हैं।
**मिथः** पार्किंसंस रोग वाले मरीज सामान्य जीवन नहीं जी सकते हैं।
**फैक्टः** अगर पार्किंसंस से पीड़ित लोग डॉक्टर के परामर्श पर अमल कर अपना इलाज करवाते हैं तो वे सामान्य जीवन जी सकते हैं।
**मिथः** पार्किंसंस से ग्रस्त हो जाने के बाद लोगों की रचनात्मक क्षमता कम हो जाती है।
**फैक्टः** समुचित इलाज कराते रहने से पार्किंसंस के दुष्प्रभाव मरीज पर हावी नहीं होने पाते, जिसके परिणामस्वरूप उनकी रचनात्मक क्षमता पर बहुत कम या नगण्य प्रभाव पड़ सकता है।
**मिथः** पार्किंसंस रोगी की जीवन प्रत्याशा कम हो सकती है।
**फैक्टः** यह सही है कि कुछ मामलों में पार्किंसंस रोगी की जीवन प्रत्याशा कम हो सकती है, लेकिन डॉक्टर के परामर्श पर अमल करने वाले मरीज सामान्य जीवन प्रत्याशा के साथ जी सकते हैं।

---

हर्बल जोन / रेखा देशराज

# भरपूर बलवर्धक विदारीकंद



आयुर्वेद की सदियों पुरानी जड़ी-बूटी विदारीकंद के साथ अनेक किंवदंतियां जुड़ी हुई हैं। माना जाता है कि महाभारत काल में भीम और दुर्योधन में जो हाथियों जैसा बल था, उसकी वजह विदारीकंद जड़ी बूटी ही थी। विदारीकंद को भारतीय कुड्ज़ू के नाम से भी जानते हैं। विदारीकंद देखने में शकरकंद जैसी प्रतीत होती है। इसका वैज्ञानिक नाम प्यूररिआ ट्यूबरोजा है। इसमें अनगिनत पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह शारीरिक शक्ति में वृद्धि करती है। यह प्रतिरक्षा शक्ति बढ़ाने वाली और तेजी से रिकवरी करने वाली टॉनिक के रूप में भी इस्तेमाल की जाती है। विदारीकंद का इस्तेमाल अनेक दवाइयों को बनाने में किया जाता है। उत्तर भारत के मैदानी और पहाड़ी इलाकों में यह लता के रूप में फैलती है और जमीन के अंदर इसके कंद का विकास होता है। लेकिन आजकल इसकी खूब खेती भी होती है। यह एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होती है। पुरुषों द्वारा इसे नियमित रूप से सेवन किए जाने पर प्रजनन क्षमता बढ़ती है। इसके सेवन से त्वचा में निखार आता है। विदारीकंद का चूर्ण मुनक्का के साथ खाने पर यह बच्चों के शरीर को मजबूत करती है। इसकी तासीर मधुर, स्निग्ध, शीतल और शुक्रवर्धक होती है। बाजार में बहुत आसानी से विदारीकंद का पावडर उपलब्ध होता है। विदारीकंद में पाया जाने वाला दूध उन महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद होता है, जो ब्रेस्टफीडिंग कराती हैं। विदारीकंद का उपयोग करने से उनमें दूध की मात्रा भी बढ़ती है और गुणवत्ता में सुधार होता है। लेकिन इसका इस्तेमाल हमेशा दूध पिलाने वाली मांओं को डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए। यह पुरुषों के मानसिक तनाव और चिंता को कम करता है। यह उन लोगों के लिए भी बड़ी उपयोगी जड़ी बूटी है, जो मूत्र संबंधी परेशानियों से ग्रस्त हैं। इसके सही सेवन से पेशाब करते समय होने वाली जलन और दर्द से राहत मिलती है। लेकिन जहां विदारीकंद इतनी फायदेमंद जड़ी-बूटी है, वहीं इसके कुछ नुकसान भी हैं। इसका ज्यादा इस्तेमाल करने से लिवर डैमेज हो सकता है। साथ ही खुजली की समस्या, उल्टियां और शरीर में लाल रक्त कणिकाओं की कमी हो सकती है। इसलिए विदारीकंद का सेवन कभी भी बिना डॉक्टर या आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह के नहीं करना चाहिए। *

---

डाइट सजेशन
विवेक कुमार

हमारे डेली डाइट रूटीन में सुबह के नाश्ते का बड़ा रोल होता है। खाली पेट हम जो भी खाते हैं, उसका हमारी हेल्थ और फिटनेस पर सीधा असर पड़ता है। इसलिए आपको पता होना चाहिए कि नाश्ते में क्या खाएं और क्या न खाएं?

# ऐसी हो मॉर्निंग डाइट आप रहेंगे हेल्दी-फिट



आपके फिट दिखने और स्वस्थ होने में इस बात की बड़ी भूमिका है कि आप किस समय क्या खाते हैं? सुबह खाली पेट क्या खाएं और क्या न खाएं, अगर आपको इस बात की समझ है तो आप हेल्दी-फिट रहेंगे। लब्बोलुआब यह कि आपको इस बात की समझ होनी बहुत जरूरी है कि किस समय क्या खाएं?

**सबसे पहले गुनगुना पानीः** यह इसलिए जरूरी है क्योंकि इससे शरीर हाइड्रेट रहता है, मेटाबॉलिज्म मजबूत और सक्रिय रहता है और यह शरीर के टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करता है। इसलिए सुबह उठने के बाद सबसे पहले एक-दो गिलास, जितना सहजता से पी सकें गुनगुना पानी पीएं। इसमें नीबू और शहद मिलाकर पीएं तो और अच्छा है। फ्रेश नारियल पानी पीना भी बहुत फायदेमंद होता है क्योंकि यह इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर होता है और शरीर को प्राकृतिक तरीके से रिहाइड्रेट करता है। घी या शुद्ध मक्खन के साथ सुबह गर्म पानी पीना भी बहुत फायदेमंद है क्योंकि एक चम्मच घी या मक्खन के साथ गर्म पानी पीना शरीर को साफ करता है और वेट लॉस में भी मदद करता है।

**डेटॉक्स वॉटरः** सुबह-सुबह डेटॉक्स वॉटर (इसे आसानी से घर में बना सकते हैं) पीने के कई फायदे हैं, जैसे- यह हाइड्रेशन बढ़ाता है क्योंकि स्वादिष्ट होने के कारण इसे आप साधारण पानी की तुलना में ज्यादा पीते हैं। यह वजन घटाने में मददगार है क्योंकि यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। इसे पीने से स्किन चमकदार बनती है, क्योंकि यह विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। इसे पीने से पाचन सुधरता है, यह पाचनतंत्र को सही रखने में मदद करता है।

**भीगे बादाम और अखरोटः** सुबह फ्रेश होने के बाद सबसे पहले भीगे बादाम और अखरोट खाना बहुत फायदेमंद होता है। ये विटामिन ई, प्रोटीन और हेल्दी फैट्स के अच्छे स्रोत हैं। बादाम और अखरोट दिमाग को तेज और पेट को भरा हुआ महसूस कराते हैं। सुबह खाली पेट भीगे हुए बादाम और अखरोट खाने से इम्यूनिटी बढ़ती है। बादाम और अखरोट में प्रोटीन, जिंक, आयरन, विटामिन ए और फोलिक एसिड होता है, जो इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। ये खाने से याददाश्त में सुधार होता है, क्योंकि बादाम में ओमेगा फैटी एसिड और विटामिन ई होता है, जो याददाश्त बढ़ाने में मदद करता है। इन्हें खाने से वजन कम होता है। बादाम और अखरोट में फाइबर होता है, जो लंबे समय तक पेट भरा रखता है और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। इन्हें खाने से हार्ट हेल्थ बेहतर होता है। बादाम और अखरोट में पोटैशियम होता है, जो हृदय को स्वस्थ रखता है। बादाम और अखरोट में कैल्शियम होता है, जो हड्डियों को मजबूत करता है।

**ताजे फलः** सुबह-सुबह ताजे फल खाने से फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और प्राकृतिक शुगर मिलती है, जो ऊर्जा से लबालब कर देती है। ऐसे फलों में पपीता, सेब, केला, नाशपाती, अमरूद, कीवी, अनार और तरबूज सबसे शानदार फल हैं। सुबह खाली पेट फल खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। शरीर को ज्यादा पोषक तत्व मिलते हैं। वजन कंट्रोल में रहता है। शरीर हाइड्रेट रहता है। दिल की सेहत अच्छी रहती है। इम्यूनिटी बढ़ती है।

**इनसे करें परहेजः** हालांकि ज्यादातर लोगों की आदत होती है लेकिन सुबह चाय या कॉफी पीने से बचना चाहिए क्योंकि इससे एसिडिटी होती है। इससे ब्लड शुगर लेवल में बदलाव आ सकता है। सुबह खाली पेट फ्रूट जूस पीने से भी बचना चाहिए क्योंकि जूस की प्रोसेस में फलों के रेशे और कई विटामिन, न्यूट्रिएंट्स नष्ट हो जाते हैं। पोषण के लिहाज से पूरे फल को ही डाइट में शामिल करना चाहिए। खाली पेट दही खाने से पेट के एसिड में इजाफा हो सकता है। ऐसे में, सुबह की शुरुआत दही खाने से न करें। इससे एसिडिटी और कब्ज हो सकती हैं। नाश्ते में स्पाइसी फूड्स सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इससे पेट में जलन पैदा हो सकती है, जिससे अपच, एसिडिटी और पेट दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। *

---

अवेयरनेस

अपोलो हॉस्पिटल्स के द्वारा करवाए गए टेस्ट स्टडी की रिपोर्ट, भारतीय लोगों में हेल्थ संबंधी समस्याओं के बारे में कई खुलासे करती है। इस बारे में आपको जानना चाहिए, ताकि आप भी अपनी हेल्थ को लेकर पूरी तरह अवेयर रहें।

# लक्षणों का न करें इंतजार रेग्युलर करवाएं चेकअप




हाल में ही अपोलो हॉस्पिटल्स ने अपनी 'हेल्थ ऑफ द नेशन 2025' रिपोर्ट का पांचवां संस्करण जारी किया है। जो स्पष्ट रूप से संदेश देता है कि 'लक्षणों का इंतजार न करें, बल्कि निवारक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।' देश भर में अपोलो सिस्टम से 2.5 मिलियन लोगों के हेल्थ चेकअप पर आधारित इस रिपोर्ट के अनुसार लाखों लोग क्रॉनिक बीमारियों से पीड़ित हैं, जबकि उनमें इन बीमारियों के कोई लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। उल्लेखनीय है कि इनमें से 26 फीसदी लोग हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) का शिकार हैं और 23 फीसदी डायबिटीज से पीड़ित हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि लक्षणों पर आधारित हेल्थकेयर अब व्यावहारिक नहीं रहा है।

**लोगों में बढ़ रही अवेयरनेसः** इस रिपोर्ट के मुताबिक निवारक स्वास्थ्य जांच अब कई गुना बढ़ गई है। 2019 में यह आंकड़ा 1 मिलियन था, जो 5 सालों में 150 फीसदी बढ़कर 2024 में 2.5 मिलियन पर पहुंच गया है। ये आंकड़े आम लोगों में बढ़ती जागरुकता और निवारक स्वास्थ्य जांच के बढ़ते महत्व की ओर इशारा करते हैं। यह रिपोर्ट तात्कालिक स्वास्थ्य की तीन चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करती है। फैटी लिवर रोग, मेनोपॉज के बाद महिलाओं के स्वास्थ्य में गिरावट और बचपन में मोटापा। इन पर ध्यान देने की तुरंत जरूरत है। इस बारे में अपोलो हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. प्रताप रेड्डी के अनुसार, 'भारत में हर परिवार को स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर स्वस्थ एवं खुशहाल बनने का अवसर मिलना चाहिए। यह रिपोर्ट हर नागरिक को जागरूक एवं सशक्त बनाने, जल्द से जल्द टेस्ट या स्क्रीनिंग कराने की आवश्यकता पर जोर देती है।'



इस रिपोर्ट में इन प्रमुख रोगों के मामले सबसे अधिक सामने आए हैं।

**फैटी लिवरः** एक समय था, जब माना जाता था कि फैटी लिवर सिर्फ उन्हीं लोगों को होता है, जो शराब का सेवन करते हैं। लेकिन आज मोटापे, डायबिटीज और उच्च रक्तचाप के चलते भी फैटी लिवर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। 257,199 लोगों की जांच में 65 फीसदी में फैटी लिवर पाया गया। खास बात यह है कि इनमें से 85 फीसदी लोग शराब का सेवन नहीं करते हैं।

**महिलाओं का स्वास्थ्यः** इस रिपोर्ट से यह भी साफ है कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं के स्वास्थ्य में अचानक गिरावट आती है। मेनोपॉज से पहले डायबिटीज के 14 फीसदी मामले पाए गए, वहीं मेनोपॉज के बाद यह आंकड़ा 40 फीसदी दर्ज किया गया। इसी तरह ओबेसिटी की संभावना भी 76 फीसदी से बढ़कर 86 फीसदी हो गई और फैटी लिवर के मामले 54 फीसदी से बढ़कर 70 फीसदी पर पहुंच गए। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि हॉर्मोनल बदलाव का महिलाओं के स्वास्थ्य पर गहरा असर होता है। ऐसे में महिलाओं के लिए जरूरी है कि मेनोपॉज की अवस्था में पहुंचने पर वे अपने स्वास्थ्य की देखभाल के लिए पूरी तरह सजग रहें और रेग्युलर हेल्थ चेकअप करवाती रहें।

**बच्चों में ओबेसिटीः** रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि छात्रों में ओबेसिटी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य पर गहरा खतरा हैं। रिपोर्ट के अनुसार प्राइमरी स्कूल के 8 फीसदी छात्रों का वजन सामान्य से अधिक पाया गया। किशोरावस्था तक ये आंकड़े और अधिक बढ़ जाते हैं।

निश्चित ही यह रिपोर्ट हमें अवेयर करती है कि हम अपनी हेल्थ का पूरा ध्यान रखें और रेग्युलर चेकअप करवाते रहें। *

जबलपुर
गुरुवार, 10 अप्रैल 2025
- चैत मास शुक्ल पक्ष-13
- वर्ष : 19, अंक : 334
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 39
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com








## खबर संक्षेप

### भूस्खलन पीड़ितों का ऋण माफ नहीं होगा

**कोच्चि।** केंद्र सरकार ने केरल उच्च न्यायालय को बताया कि पिछले साल जुलाई में वायनाड में हुए भूस्खलन से प्रभावित लोगों के ऋण माफ नहीं किए जाएंगे। उच्च न्यायालय ने पूछा था कि क्या प्रभावित व्यक्तियों के ऋण माफ किए जा सकते हैं।




यह दलील वायनाड भूस्खलन के मद्देनजर न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका में दी गई। गई, जिसका उद्देश्य केरल में आपदा रोकथाम उपायों में सुधार करना है।


### नवजात के रोने से मां ने कर दी हत्या

**अहमदाबाद।** यहां 22 वर्षीय एक महिला को अपने नवजात बेटे को भूमिगत पानी की टंकी में फेंक कर कथित रूप से हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, क्योंकि वह उसके लगातार रोने से परेशान थी। मेघानीनगर पुलिस में महिला के पति ने शिकायत की थी कि उसका तीन महीने का बच्चा कहीं मिल नहीं रहा है।ने बताया कि करिश्मा बघेल ने पिछले शनिवार को दावा किया था कि उनका तीन महीने का बेटा ख्याल कहीं मिल नहीं रहा। इसके बाद उनके पति दिलीप ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। तलाश के बाद पुलिस को अंबिकानगर इलाके में उनके घर के पानी के टैंक में बच्चे का शव मिला। बसिया ने बताया कि पुलिस को बाद में पता चला कि बच्चे को पानी की टंकी में फेंकने वाली मां ही थी। उन्होंने बताया कि उसे गिरफ्तार कर लिया गया।



### अनंत के जन्मदिन से पहले मथुरा में अनुष्ठान

**मथुरा।** उद्योगपति मुकेश अंबानी के पुत्र अनंत अंबानी के जन्मदिन से एक दिन पहले बुधवार को पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के प्रमुख केंद्र मथुरा के द्वारकाधीश मंदिर में उनकी ओर से अनुष्ठान और प्रसाद का आयोजन किया गया। अनंत अंबानी के जन्मदिन गुरुवार को है उस उपलक्ष्य में उनके परिवार की ओर से मनोरथ का आयोजन किया गया है।



---

**चीन-अमेरिका में टैरिफ महायुद्ध : दोनों महाशक्तियां अपने-अपने हित के लिए झुकने को तैयार नहीं**

# ट्रंप के '104%' के जवाब में अब चीन ने दागी 84% वाली मिसाइल

अब अमेरिका पहुंचने वाले चीनी सामान दोगुने दाम से भी ज्यादा कीमत पर बिकेंगे

*करीब 49% के टैरिफ के बाद अमेरिका से मोलभाव में लगे जापान, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, कंबोडिया और ताइवान जैसे एशियाई मुल्कों के लिए भी ट्रंप के लहजे में कटाक्ष था। बकौल ट्रंप- मैं आपको बता रहा हूं कि ये देश हमें फोन कर रहे हैं। मेरी चापलूसी कर रहे हैं। वे एक डील करने के लिए तरस रहे हैं।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ से वर्ल्ड इकोनॉमी में शुरू हुआ वार अब और तेज हो गया है। टैरिफ को लेकर अमेरिका और चीन में महायुद्ध सा छिड़ गया है। डोनाल्ड ट्रंप के 104 प्रतिशत वाले टैरिफ के जवाब में चीन ने भी करारा जवाब दिया है। चीन ने अब अमेरिकी सामानों पर 84 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है।

चीन के कॉमर्स मंत्रालय ने इस बात की घोषणा की। चीनी मंत्री के अनुसार यह टैरिफ गुरुवार से लागू होगा। मालूम हो कि बीते दिनों अमेरिका ने चीन पर 104 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। जिसके जवाब में आज चीन ने घोषणा की कि वह गुरुवार से अमेरिकी वस्तुओं पर 84 प्रतिशत तक टैरिफ लगाएगा, जो पहले से घोषित 34 प्रतिशत से काफी ज्यादा है। पूरी दुनिया को टैरिफ वार में धकेलने वाले ट्रंप के तेवर भी गजब हैं। मंगलवार रात रिपब्लिकन पार्टी के डिनर में यह दिखा भी। ट्रंप ने कहा कि जिस चीन पर 104% टैरिफ लगाया गया है, वह उससे एक डील करने के लिए बेताब है। उसे बस यह समझ नहीं आ रहा कि इसे शुरू करें तो कैसे। करीब 49% के टैरिफ के बाद अमेरिका से मोलभाव में लगे जापान, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, कंबोडिया और ताइवान जैसे एशियाई मुल्कों के लिए भी ट्रंप के लहजे में कटाक्ष था। बकौल ट्रंप- मैं आपको बता रहा हूं कि ये देश हमें फोन कर रहे हैं। मेरी चापलूसी कर रहे हैं। वे एक डील करने के लिए तरस रहे हैं। **क्या अब ट्रेड वार और तेज होगा ?:** चीन और अमेरिका के बीच टैरिफ की यह लड़ाई अब और भी तेज हो गई है।

***चीन का टैरिफ पहले से घोषित 34 प्रतिशत से काफी ज्यादा, यह आज से लागू***

**अमेरिका का चीन पर 104% टैरिफ लागू**



◆ चीन बोला- ट्रंप टैरिफ वार भड़काएंगे तो चीन अंत तक लड़ेगा

इससे पहले अमेरिकी 104 प्रतिशत टैरिफ पर चीन के विदेश मामलों के प्रवक्ता ने कहा कि चीनी लोगों के विकास के वैध अधिकार को उसके सामानों पर शुल्क लगाकर वंचित नहीं किया जाना चाहिए। लिन जियान ने अमेरिका पर धमकाने का आरोप लगाया, और ट्रम्प के प्रशासन से बातचीत के माध्यम से विवाद को हल करने के लिए समानता, आपसी सम्मान और पारस्परिकता का रवैया प्रदर्शित करने की अपील की। साथ ही चीन के विदेश मामलों के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि अगर ट्रंप व्यापार युद्ध को भड़काने पर जोर देते हैं, तो चीन अंत तक लड़ने के लिए मजबूर हो जाएगा।

**ड्रैगन को अब याद आई भारत की 'दोस्ती'**

चीन अमेरिकी टैरिफ से त्रस्त है, उसे भारत की याद भी आ गई है। वो भारत को अपना करीबी दोस्त बता रहा है। चीनी एबेंसी ने एक जारी बयान में कहा कि भारत और चीन के ट्रेड रिश्ते आपसी सहमति और लाभ पर टिके हुए हैं। इस समय जब अमेरिकी टैरिफ की वजह से कई देशों को नुकसान हो रहा है, दो सबसे बड़े विकासशील देशों को साथ आना चाहिए, साथ आकर इस मुश्किल स्थिति से निकलना चाहिए। एबेंसी ने इस बात पर भी जोर दिया है कि टैरिफ वॉर कोई एक जीतता नहीं है। सभी को इसका नुकसान उठाना पड़ता है।

*अमेरिका ने कहा चीन कर रहा भारी गलती, खामियाजा भुगतना होगा*

*व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिना लेविट ने चीन द्वारा अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई को एक गलती करार दिया। उन्होंने कहा कि जब अमेरिका को चुनौती दी जाती है तो जवाब सशक्त और अडिग होता है। लेविट ने कहा- चीन द्वारा जवाबी कार्रवाई करना एक गलती थी। जब अमेरिका पर हमला होता है तो वह और भी जोरदार तरीके से पलटवार करता है। चीन ने वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन को दिए गए एक बयान में कहा कि प्रभावित सदस्यों में से एक के रूप में, चीन इस लापरवाह कदम पर गंभीर चिंता और विरोध व्यक्त करता है। रेसिप्रोकल टैरिफ व्यापार असंतुलन का समाधान नहीं है और कभी नहीं होगा। इसके बजाए, वे उलटे असर करेंगे, जिससे अमेरिका को ही नुकसान होगा।*

---

पुडुचेरी के कॉलेज से कार्डियोलॉजिस्ट का फर्जी सर्टिफिकेट बनवाया



# कुंवारा है डॉ. कैम, दस्तावेज में पत्नी और बच्चों के नाम भी फर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह का फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर एन जॉन कैम उर्फ नरेंद्र विक्रमादित्य यादव पुलिस रिमांड पर है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपनी निजी जिंदगी और डिग्रियों को लेकर कई खुलासे किए हैं। आरोपी ने मेडिकल कम्युनिटी में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए विदेशी नाम रखा था। आरोपी का दावा है कि उसकी एमबीबीएस की डिग्री असली है, जो उसने नॉर्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज से की थी। अब, पुलिस की टीम इसे लेकर जानकारी जुटा रही है। पूछताछ में आरोपी ने खुद को अविवाहित बताया है। उसने फर्जी दस्तावेज बनाने के लिए पत्नी और बच्चों के फेक नाम लिख थे।

- जांच करने दिल्ली से आई राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की टीम वापस लौटी

◆ एमबीबीएस की डिग्री नॉर्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज की बताई



### 2013 में बनवाया था फर्जी सर्टिफिकेट

आरोपी एन जॉन कैम ने पुलिस को बताया कि उसके पास एमबीबीएस की डिग्री थी। इसी बीच वह यूके गया और उसने एमडी एमआरसीपी का कोर्स करने के बाद एक-दो साल वाले कुछ और मेडिकल कोर्स किए। इसके बाद जब वह भारत लौटा तो उसके सामने एक और समस्या आ गई कि यहां प्रैक्टिस करने के लिए उसे भारत की डिग्री की ही जरूरत थी। भारत की एमडी कार्डियोलॉजिस्ट की डिग्री के बिना वह प्रैक्टिस नहीं कर सकता था। ऐसे में उसने साल 2013 में पुड्डूचेरी के एक मेडिकल कॉलेज के नाम से उसने कार्डियोलॉजिस्ट का फर्जी सर्टिफिकेट बना लिया।

---

**बोनट पर लटकाकर घसीटने वाला गैंग पकड़ाया**

# आरोपी दिल्ली में कैब चलाने और सब्जी बेचने का काम करने लगते

पुलिस को 26 अलग अलग बैंकों के एटीएम कार्ड मिले

चोर प्रोफेशनल गैंग के सदस्य,जो यूपी के प्रतापगढ़ जिले के





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर में एक पुलिसकर्मी से लूट कर फरार हुए बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया है। वारदात उस वक्त हुई, जब सिविल ड्रेस में मौजूद हवलदार ने एटीएम से कैश निकाला और चार बदमाशों ने मिलकर न सिर्फ उससे 30 हजार रुपए लूटे, बल्कि भागते समय उसे टक्कर मारकर कार के बोनट पर लटका लिया और करीब एक किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गए। जांच में पता चला है कि यह कोई साधारण चोर नहीं, बल्कि प्रोफेशनल गैंग के सदस्य हैं, जो यूपी के प्रतापगढ़ जिले से हैं और फिलहाल दिल्ली के शाहीन बाग, ओखला इलाके से गैंग चला रहे हैं। पकड़े गए दो आरोपियों के पास से पुलिस को 26 अलग-अलग बैंकों के एटीएम कार्ड मिले हैं। यह गैंग वारदातों को अंजाम देने के बाद खुद को बचाने के लिए दिल्ली में ओला कैब ड्राइवर और सब्जी विक्रेता बनकर छिप जाते हैं। सीएसपी मनीष यादव ने बताया वाहन चालक नरेन्द्र पालिया के साथ लूट की सूचना पर सभी पॉइंट्स को अलर्ट किया गया था। जल्द ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनसे पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं।

---

**अनूपपुर में बस और ऑटो की भीषण टक्कर**

# ऑटो रिक्शा के उड़े परखच्चे तीन की मौत और 5 लोग घायल

स्टेट हाईवे अमरकंटक मार्ग पर हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अनूपपुर

बुधवार को स्टेट हाईवे अमरकंटक मार्ग में किरार घाटी के पहले सजहा के पास एक यात्री बस ने सवारी बैठे एक ऑटो को टक्कर मार दी। इस घटना में ऑटो में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिला और एक पुरुष शामिल है। पांच घायलों को जिला अस्पताल अनूपपुर में इलाज के लिए भेजा गया है। शहडोल से डिंडोरी जा रही बस जैसे ही सजहा गांव के समीप पर मोड़ पर पहुंची सामने से आ रहे आटो से टकरा गई। घटना इतनी भीषण थी की ऑटो के परखच्चे उड़ गए। मौके पर ही आटो में सवार तीन की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में मोहवती पती जगन्नाथ सिंह (40), रामकुमार पिता दशरथ सिंह (40) और सूरजवती पति सुरेश सिंह (40) की मौके पर मौत हो गई है सभी निवासी ग्राम बड़हर खोह के हैं जो अनूपपुर जा रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान, कलेक्टर हर्षल पंचोली घायलों को देखने जिला अस्पताल पहुंचे।




**बुरहानपुर में कार पेड़ से टकराई महाराष्ट्र के 2 लोगों की मौत**

**बुरहानपुर।** इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर बुधवार दोपहर एक बेकाबू कार पेड़ से जा टकराई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों का बुरहानपुर जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम हुआ। मृतक महाराष्ट्र के रहने वाले थे। अभी तक उनकी पहचान नहीं हो पाई है। घटना शाहपुर में हनुमान मंदिर के पास दोपहर 12 से 1 बजे के बीच की है। हादसे के दौरान कार बेकाबू होकर केले के खेत में जा घुसी।

---

**राहुल ने गुजरात अधिवेशन में कहा- ये देश हर जात, धर्म और भाषा का है, ये हमारी विचारधारा**

# वक्फ संशोधन विधेयक धार्मिक स्वतंत्रता व संविधान पर हमला

आर्थिक तूफान आने वाला है, कोरोना में मोदी ने थाली बजवाई थी, अब वे कहां?

## आरएसएस की विचारधारा संविधान के खिलाफ

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

कांग्रेस वर्किंग कमेटी के गुजरात अधिवेशन में लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, उनकी (आरएसएस) विचारधारा संविधान के खिलाफ है। वे लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। वे भारत की सभी संस्थाओं पर नियंत्रण करना चाहते हैं और देश का पैसा अंबानी-अडाणी को सौंपना चाहते हैं। राहुल गांधी ने वक्फ विधेयक पर भी बयान दिया।



**जातिगत जनगणना का कानून बनाएंगे**



राहुल गांधी ने एक बार फिर से जाति जनगणना को लेकर आवाज उठाई है। तेलंगाना में हमने एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। हमने जाति जनगणना करायी है। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार आने पर लोकसभा में, राज्यसभा में हम कानून पास करेंगे। जाति जनगणना यहीं से निकालेंगे। अमेरिकी टैरिफ के मुद्दे पर राहुल ने कहा कि पहले मोदी अमेरिका जाते थे। राष्ट्रपति ट्रंप के गले मिलते थे।

**दादी का किस्सा सुनाया**

कहा-दुनिया मेरे मरने के बाद मुझे भूल भी जाए तो वो भी मुझे मंजूर

राहुल गांधी ने अपने बचपन का किस्सा सुनाते हुए बताया कि मैंने एक बार अपनी दादी इंदिरा गांधी से एक बार एक सवाल पूछा कि दादी मरने के बाद आपके बारे में लोगों को क्या कहना चाहिए? इंदिरा गांधी ने जवाब दिया कि राहुल, मैं अपना काम करती हूं। मरने के बाद लोग मेरे बारे में क्या सोचें, क्या न सोचें मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं सिर्फ अपने काम में दिलचस्पी रखती हूं। अगर पूरी दुनिया मेरे मरने के बाद मुझे भूल भी जाए तो वो भी मुझे मंजूर है। यही मेरी भी सोच है।

---

**इंदौर पहुंचे सीएम डॉ. यादव ने कांग्रेस पर बोला हमला**

# वोटों के चक्कर में आप बहुसंख्यकों के साथ लगातार 'अन्याय' करते हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को इंदौर पहुंचे। विमानतल पर उन्होंने कांग्रेस के अब सरदार पटेल के सिद्धांतों पर चलने के सवाल पर कहा कि चलिए देर आए, दुरुस्त आए। कांग्रेस को अब समझ में आ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने तो ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार करते हुए अतीत में राहुल गांधी के पूर्वज नेहरू को इसके लोकार्पण के लिए आमंत्रित किया था और उन्होंने मना कर दिया था। कहना पड़ रहा है कि आज भी वह राम मंदिर के दर्शन करने से बच रहे हैं। वोटों के लिए आप (कांग्रेस) कुछ भी कहो लेकिन जनता आपको देख रही है। जनता आपको माफ नहीं करती है।



## चिंतन

# रेपो दर में दूसरी कटौती से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी

एक तरफ जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था में टैरिफ वार की दहशत है, अमेरिका के जवाबी शुल्क के साथ आयात पर नए टैरिफ के 9 अप्रैल से प्रभावी होने व चीन के साथ टैरिफ युद्ध के बाद से विश्व स्तर पर आपूर्ति संतुलन के चरमराने का खतरा पैदा हो गया है, वहीं भारत ने इस विषम वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में घरेलू खपत को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। भारत के खिलाफ भी अमेरिका के जवाबी शुल्क व आयात पर नए टैरिफ दर को लेकर पैदा हुई चिंता के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के मकसद से बुधवार को लगातार दूसरी बार प्रमुख ब्याज दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया। इससे पहले इस साल फरवरी में मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर 6.25 प्रतिशत किया गया था। यह मई, 2020 के बाद पहली कटौती और ढाई साल के बाद पहला संशोधन था। मुद्रास्फीति में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच इस कदम से नवंबर, 2022 के बाद से कर्ज की लागत सबसे कम स्तर पर आ गई है। रेपो रेट में कटौती से उद्योग जगत व उपभोक्ता दोनों को फायदा होगा। उद्योग को कर्ज सस्ते में मिलेंगे, इससे निवेश प्रवाह बढ़ेगा। ब्याज घटने से होम, ऑटो और अन्य तरह के कंज्यूमर लोन भी सस्ते होंगे, जिससे खपत बढ़ाने में मदद मिलेगी। हाल के महीनों में सरकार ने घरेलू खपत बढ़ाने के कई उपाय किए हैं। जिनमें बजट में आयकर छूट सीमा बढ़ाने व कॉरपोरेट कर में कमी जैसी कई योजना के साथ महंगाई भत्ता में बढ़ोत्तरी व आठवें वेतन आयोग का ऐलान व शामिल हैं। रिजर्व बैंक ने फरवरी के बाद अप्रैल में भी चौथाई फीसदी की कटौती कर तीन महीने में नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में आधा फीसदी की कटौती कर दी है। अब रेपो रेट 6 फीसदी हो गया है। केंद्रीय बैंक ने आगे भी कटौती का संकेत दिया है। यह मौके पर उठाया गया सही आर्थिक कदम है। इसी के साथ सरकार को नए निवेश करने होंगे और अपने योजनागत खर्च बढ़ाने होंगे, जिससे घरेलू खपत व आर्थिक गतिविधियों में तेजी आए। भारत के पास वैश्विक आपूर्ति सिस्टम में भी भरपूर अवसर है, लेकिन इसके लिए प्रतिस्पर्धात्मक रहना जरूरी है। रिजर्व बैंक ने जीडीपी दर का अनुमान भी 6.7 फीसदी से घटा कर 6.5 फीसदी कर दिया है, इससे साफ है कि इस वर्ष भी भारतीय अर्थव्यवस्था सुस्ती की जद में रहेगी। पिछले दो तिमाही से भारतीय जीडीपी की चाल मंथर है, जो राष्ट्र के ग्रोथ व विकसित भारत के लक्ष्य के लिए माफिक नहीं है। निजी व सरकारी नए निवेश व सार्वजनिक खर्च बढ़ाने होंगे, आम लोगों को टैक्स राहत देनी होगी, अप्रत्यक्ष टैक्सेशन को और सरल बनाना होगा, कच्चे तेल के सस्ता होने के अनुरूप पेट्रोल व डीजल पर करों में कटौती करनी होगी, तभी घरेलू अर्थव्यवस्था गति पकड़ेगी। जीएसटी व पेट्रोलियम पर उच्च टैक्स दर के भरोसे राजस्व हासिल करने की प्रवृत्ति से बाहर निकलना होगा और इसे तर्कसंगत बनाना होगा। आयात पर निर्भरता कम करनी होगी व निर्यात के लिए नए बाजार देखने होंगे। अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लागू होने से वृद्धि और मुद्रास्फीति को लेकर अनिश्चितताएं बढ़ी हैं। डॉलर कमजोर हुआ है, बॉन्ड वैल्यू में नरमी आई है, स्टॉक मार्केट बेहाल है, कच्चे तेल तीन साल के निचले स्तर पर हैं। ऐसे में रिजर्व बैंक का 'रेपो कदम' भारतीय अर्थव्यस्था को गति देगा। आरबीआई का रेपो दर घटाने का निर्णय आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने का रणनीतिक कदम है।

## बैंकॉक सम्मेलन

अरविंद जयतिलक



# बिम्सटेक को प्रभावी बनाने की पहल

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों को एक मंच पर लाने वाला 'बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) शिखर सम्मेलन संपन्न हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिखर सम्मेलन के जरिए क्षेत्र में सहयोग और समन्वय बढ़ाने की पहल के साथ बैंकॉक विजन 2030 तक का रोडमैप खींच दिया। उन्होंने आर्थिक एकीकरण और कनेक्टिविटी पर जोर देते हुए व्यापार बाधाओं को कम करने, डिजिटल व्यापार एवं ई-कामर्स का विस्तार करने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने सीमा पार लेन-देन को सुव्यवस्थित करने के लिए बिम्सटेक डिजिटल व्यापार मंच की सार्थकता को भी रेखांकित किया। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने भारत के यूपीआई को बिम्सटेक सदस्य देशों की भुगतान सिस्टम से जोड़ने का आह्वान किया ताकि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई दी जा सके। अगर सदस्य देश इसमें दिलचस्पी दिखाते हैं तो निःसंदेह इस क्षेत्र में व्यापार, व्यवसाय और पर्यटन को पंख लगना तय है। जिस तरह दुनियाभर में व्यापारिक तनाव बढ़ रहा है और टैरिफ वार चल रहा है उस परिप्रेक्ष्य में बिम्सटेक क्षेत्र में स्थानीय मुद्रा में व्यापार की संभावनाएं अर्थव्यवस्था को नई गति दे सकती है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी व्यवहारिकता को समझने-परखने के लिए एक अध्ययन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने आतंकवाद निरोध और समुद्री सुरक्षा पर बल देते हुए मानव संसाधन अवसंरचना के संगठित विकास के लिए बिम्सटेक (बोधि) पहल का भी एलान किया। इसका उद्देश्य भारत में प्रत्येक वर्ष तीन सैकड़ा युवाओं को प्रशिक्षित करना है। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस के साथ बैठक कर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का भी सवाल उठाया। देखना दिलचस्प होगा कि मुहम्मद यूनुस इसे कितनी गंभीरता से लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पड़ोसी देश म्यांमार को भी आश्वस्त किया कि वहां आए भीषण भूकंप से निपटने में भारत का सहयोग जारी रहेगा। गौर करें तो इस शिखर सम्मेलन के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को प्रभावी बनाने की हर संभव पहल की है। ध्यान देना होगा कि मौजूदा समय में वैश्विक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में बिम्सटेक को प्रभावी बनाना न सिर्फ दक्षिण व पूर्वी एशिया के हित में है बल्कि यह क्षेत्रीय मंच समूचे विश्व के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी बन सकता है। शिखर सम्मेलन में बनी सहमति के इन प्रभावी सुझावों को मूर्त रूप दिया जाता है तो निःसंदेह बिम्सटेक की उपादेयता बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि बिम्सटेक यानी बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग उपक्रम की स्थापना 1997 में हुई। यह बंगाल की खाड़ी से तटवर्ती या समीपी देशों का एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग संगठन है। गौर करें तो बिम्सटेक क्षेत्र प्राकृतिक साधनों, जनशक्ति तथा प्रतिभा से भरपूर है। विश्व की 22 फीसद आबादी इस क्षेत्र में रहती है और इसका संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद 2500 अरब डॉलर है। अगर सदस्य देश सामंजस्य बनाकर कार्य करते हैं तो इससे इस क्षेत्र में व्याप्त गरीबी, अशिक्षा और कुपोषण से लड़ने में मदद मिलेगी। अच्छी बात है कि बिम्सटेक ने अपने हर सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय लिए हैं। इन निर्णयों का ही प्रतिफल है कि आज बिम्सटेक देशों के बीच आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं। आज नेपाल के कुल पूंजी निवेश में लगभग 36 फीसद पूंजी निवेश भारत करता है। भारत सरकार औसतन वार्षिक बजट का लगभग 60 से 75 करोड़ रुपये नेपाल को पर्याप्त सहायता पैकेज के रूप में देती है। बिम्सटेक के सदस्य देश भूटान की कृषि, सिंचाई, सड़क परियोजनाओं में भारत निरंतर सहयोग कर रहा है। भूटान की चुक्ख हाईडिल परियोजना एवं पेनडेना सीमेंट संयंत्र खोलने के लिए भारत ने बड़ी धनराशि मुहैया करायी है। भूटान के सचिवालय के निर्माण तथा पुराने मठों तथा विहारों के जीर्णोद्धार में भी भारत मदद कर रहा है। इसके अलावा भारत उसे केरोसिन और तेल की सब्सिडी भी देता है। बिम्सटेक के अन्य सदस्य देश म्यांमार, श्रीलंका और थाइलैंड के साथ भी भारत के गहरे रिश्ते हैं। म्यांमार में लोकतंत्र के उदय में भारत की अहम भूमिका रही है। पूंजी प्रवाह में उतार-चढ़ाव और विकसित देशों की मौद्रिक नीतियों में बदलाव के इस दौर में बिम्सटेक के लिए आवश्यक है कि वह आपसी मतभेदों को भुलाकर अर्थव्यवस्था के विकास को उत्प्रेरित करने, निवेश आकर्षित करने, उच्च आर्थिक वृद्धि बनाए रखने तथा रोजगार के अवसर सृजित करने से जुड़ी नीतियों को अमलीजामा पहनाएं।

(लेखक विदेशी मामलों के विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## दिवस विशेष

डा. अदिति अरुण

ऑटोइम्यून डिसॉर्डर्स, जीवनशैली के लाइलाज कहे जाने वाले रोग, मानसिक बीमारियां, चर्मरोग, जोड़ों के रोग, पेट संबंधी बीमारियां, आदि में होम्योपैथी ने भरोसेमंद इलाज के कई नए आयाम जोड़ दिए हैं। आधुनिक रोगों में होम्योपैथी की सीमा के बावजूद आधुनिक चिकित्सा अपने सामने किसी दूसरी चिकित्सा पद्धति को विकसित होते नहीं देख पा रही है। आधुनिक चिकित्सा की इसी सुपरमेसी का शिकार होम्योपैथी के समक्ष अनेक लाइलाज और जटिल रोगों की चुनौतियां भी हैं। सन् 2017 में अमेरिका में हुए 'नेशनल हेल्थ इंटरव्यू सर्वे' में पाया गया कि लोग तेज़ी से होम्योपैथिक चिकित्सा को सुरक्षित चिकित्सा विकल्प के रूप में स्वीकार करने लगे हैं।

# होम्योपैथी भी सुरक्षित चिकित्सा विकल्प

होम्योपैथी के लिए 10 अप्रैल का दिन बेहद ख़ास है। इस वर्ष तो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ. सैमुएल हैनिमैन की 270वीं जयन्ती भी है। दुनिया आज के दिन को "विश्व होम्योपैथिक दिवस" के रूप में मनाती है। इस विशेष दिवस के बहाने मैं होम्योपैथी के प्रशंसकों को यह बताना चाहती हूँ कि वैश्विक स्वास्थ्य की चुनौतियों के मद्देनज़र होम्योपैथी में उपचार का दायरा अब उन रोगों तक पहुंच चुका है जिसे दुनिया में आज भी लाइलाज बताया जा रहा है। ऑटोइम्यून डिसॉर्डर्स, जीवनशैली के लाइलाज कहे जाने वाले रोग, मानसिक बीमारियां, चर्मरोग, जोड़ों के रोग, पेट संबंधी बीमारियां, आदि में होम्योपैथी ने भरोसेमंद इलाज के कई नए आयाम जोड़ दिए हैं।

कहते हैं विज्ञान और तकनीक में आपसी प्रतिस्पर्धा की हद बेहद ख़तरनाक होती है। आधुनिक रोगों में होम्योपैथी की सीमा के बावजूद आधुनिक चिकित्सा पद्धति अपने सामने किसी दूसरी चिकित्सा पद्धति को विकसित होते नहीं देख पा रही है। आधुनिक चिकित्सा की इस सुपरमेसी का शिकार होम्योपैथी के समक्ष अनेक लाइलाज और जटिल रोगों की चुनौतियां भी हैं। सन् 2017 में अमेरिका में हुए 'नेशनल हेल्थ इंटरव्यू सर्वे' में पाया गया कि लोग तेज़ी से होम्योपैथिक चिकित्सा को सुरक्षित चिकित्सा विकल्प के रूप में स्वीकार करने लगे हैं। उस वर्ष अमेरिका में 39 लाख वयस्क तथा 9 लाख बच्चों ने होम्योपैथिक चिकित्सा ली। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा विधि है जो शुरू से ही चर्चित, रोचक और आशावादी पहलुओं के साथ विकसित हुई है। सन् 1810 में इसे जर्मन यात्री और मिशनरीज़ अपने साथ लेकर भारत आए। फिर तो इन छोटी मीठी गोलियां ने भारतीयों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा कर अपना सिक्का ज़माना शुरू कर दिया। सन् 1839 में पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह की गंभीर बीमारी के इलाज के लिए फ्रांस के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. जॉन मार्टीन होनिंगबर्गर भारत आए थे। डॉ. होनिंगबर्गर के उपचार से महाराज को बहुत लाभ मिला था। बाद में 1849 में पंजाब पर जब सर हेनरी लारेंस का क़ब्ज़ा हुआ तब डॉ. होनिंगबर्गर अपने देश लौट गए। सन् 1951 में एक अन्य विदेशी चिकित्सक जॉन हंटर लिटर ने कलकत्ता में एक होम्योपैथिक चिकित्सालय की स्थापना की। सन् 1881 में कलकत्ता में पहले होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की। होम्योपैथिक चिकित्सा और उपचार का दायरा अब काफ़ी बढ़ चुका है। बहुत से ऐसे सर्जिकल रोग हैं जिसमें एलोपैथी सर्जरी की ज़रूरत पड़ती है लेकिन होम्योपैथिक दवाओं से इन रोगों में भी अच्छा लाभ मिल रहा है। उदाहरण के लिए किडनी या गॉल ब्लैडर की पथरी, हर्निया ट्यूमर, पाइल्स, मस्से आदि रोगों में होम्योपैथी अच्छा उपचार दे रही है। होम्योपैथी को आप भविष्य की एक मुकम्मल चिकित्सा पद्धति भी कह सकते हैं। जीवनशैली से जुड़े रोग, ऑटोइम्यून डिसऑर्डर्स एवं लाइलाज बता दिए गए रोगों में तो होम्योपैथी बेहतर सिद्ध हो रही है। होम्योपैथी में भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों से निबटने की पूरी क्षमता है। लेकिन स्वास्थ्य संकट की गंभीरता और रोगों की जटिलता के मद्देनज़र यह भी ज़रूरी है कि होम्योपैथी का गंभीर अध्ययन हो और इसे बाज़ार के प्रभाव से बचाकर पीड़ित मानवता की सेवा के चिकित्सा माध्यम के रूप में




प्रोत्साहित किया जाए। इन दिनों हम वैश्विक महामारियों और लाइलाज बीमारियों के दौर में जी रहे हैं। लगभग हर उम्र और वर्ग में जटिल बीमारियों का लाइलाज होना जहां चिंता की बात है वहीं होम्योपैथिक उपचार ने न केवल इसे सहज बनाया है बल्कि बेहद कम ख़र्च में इलाज को आम लोगों के लिए सुलभ कर दिया है। अभी कुछ वर्ष पूर्व ही दुनिया भर में फैले कोरोना वायरस संक्रमण के दौर को याद कीजिए।

उपचार के नाम पर पूरी दुनिया में अफ़रातफ़री थी। लोग परेशान थे और मर रहे थे। ऐसे में होम्योपैथी के रोगनिरोधी दवाओं ने बहुत काम किया। भारत वर्ष में सरकारी और निजी तौर पर बड़ी तादाद में होम्योपैथी की रोग प्रतिरोधी दवा बांटी गई और उसका असर भी हुआ कि कोरोना संक्रमण काफ़ी हद तक कम हो गया और लोग दहशत से बाहर आ गए थे। गंभीर बीमारियों और महामारियों में होम्योपैथी की भूमिका को समझने के लिए जर्नल ऑफ हिस्ट्री ऑफ मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज की 1997 के अंक में दर्ज सन् 1832 एवं 1854 में युरोप में फैले एशियाटिक कालरा महामारी की स्थिति का अध्ययन करना चाहिए। उस समय के जाने माने जनस्वास्थ्य वैज्ञानिक डॉ. जान स्नो ने ब्रिटेन के किंग जॉर्ज (छठे) की मदद से रॉयल लंदन होम्योपैथिक अस्पताल के चिकित्सकों की सेवाएं ली और लाखों लोगों को असमय मरने से बचा लिया था। आज कल वैश्विक स्तर पर होम्योपैथी खूब चर्चा में है। विभिन्न लोगों एवं समूहों में आलोचनाओं के बाद भी होम्योपैथी की स्वीकार्यता बढ़ी ही है। आधुनिक चिकित्सा के कई बड़े चिकित्सक भी न केवल होम्योपैथिक उपचार को अपना रहे हैं बल्कि वे अपने मरीज़ों को होम्योपैथी उपचार लेने की सलाह भी दे रहे हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि होम्योपैथी के लाभकारी गुणों को वैज्ञानिकता की कसौटी पर परख कर उसे जनसुलभ बनाया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी "ट्रेडिशनल मेडिसिन इन एशिया" नाम से एक मोनोग्राफ प्रकाशित कर होम्योपैथी एवं अन्य आयुष पद्धतियों की प्रासंगिकता को स्वीकार किया है। संगठन ने इस वर्ष (2025) विश्व स्वास्थ्य दिवस के संदेश के रूप में "स्वस्थ शुरुआत- आशापूर्ण भविष्य" की बात की है। संगठन भी मान रहा है कि सभी तार्किक एवं वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धतियों का समन्वय करके ही दुनिया को रोगमुक्त करने की दिशा में सोचा जा सकता है। हम होम्योपैथी की प्रासंगिकता और वैज्ञानिकता को लेकर नियमित चर्चा करें, इसकी कमियों को दूर करने का प्रयास करें साथ ही इसे जनसुलभ बनने के लिए भी पहल करें। वैश्वीकरण के दौर में जब स्वास्थ्य और शिक्षा बाजार की भेंट चढ़ गए हों, तब इस सहज और सस्ती वैज्ञानिक उपचार प्रणाली का महत्त्व वैसे ही बढ़ जाता है। होम्योपैथी में नियमित अनुसंधान की सख़्त ज़रूरत है। हम होम्योपैथिक चिकित्सकों को भी नये रोगों की चुनौतियों और उसके सफल होम्योपैथिक उपचार का अध्ययन करते रहना चाहिए। इन लाइलाज रोगों की चुनौतियाँ तथा आम लोगों में बढ़ती ग़रीबी के मद्दे नज़र भी होम्योपैथी जैसी सहज और सुलभ चिकित्सा पद्धति को और बढ़ाया जाना चाहिए। देखा जा रहा है कि महँगे इलाज का बोझ आम लोगों को कंगाल बना रहा है।देश की एक बड़ी आबादी कुपोषण का शिकार है। हमें यह भी सोचना होगा कि एक तार्किक चिकित्सा प्रणाली को मज़बूत और ज़िम्मेदार बनाने के प्रयासों के बजाए वे कौन लोग हैं जो इसे झाड़ फूंक,प्लेसिबो या सफ़ेद गोली के जुमले में बाँधे रखना चाहते हैं? यदि ये एलोपैथी की दवा और व्यापार की लॉबी है तो कहना होगा कि उनका स्वार्थ महँगी और बेतुके इलाज के नाम पर लूट क़ायम करना और भ्रम खड़ा करना है। हमें उनसे सावधान रहना होगा। नहीं तो आप उपचार की एक सहज, सरल, सस्ती और प्रामाणिक चिकित्सा विधि से महरूम रह जाएंगे।

(लेखिका होम्योपैथिक चिकित्सक एवं पोषणविज्ञानी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# शिव के अंश से जन्म पर मनुष्य ज्ञानी होता है



संकलित
**दर्शन**

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते-देखते बढ़ भी जाती है।

# मृत्यु अटल है, जो समझे वे प्रसन्न रहेंगे



संकलित
**प्रेरणा**

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पर प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बात मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया

## सीमावर्ती चौकी के गांव पहुंची बिजली




**गंगटोक।** सिक्किम के सीमावर्ती डोकला चौकी के समीप गांव डीकचू में पहली बार बिजली पहुंची है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर इस संबंध में जानकारी दी।

## आज की पाती

### महंगाई को मिलकर नकेल दें सरकारें

देश के लोग इस वक्त महंगाई से त्रस्त हैं। सरकार को महंगाई रोकने के अपने वादों को पूरा करना चाहिए। अकसर यह देखा जाता है कि चुनाव के दौरान भारी भरकम वादे किए जाते हैं, लेकिन उन वादों को निभाया नहीं जाता है। केंद्र की वर्तमान सरकार ने भी चुनाव के दौरान महंगाई पर नकेल कसने का वादा किया था, लेकिन वह इस वादे को पूरा नहीं कर पाई है। प्रायः हर प्रदेश में खाद्य पदार्थों के दाम ऊपर ही जा रहे हैं। आटा, चावल, सब्जियां, तेल, दालों आदि के भाव अपनी ऊंचाई पर हैं। फलों के दाम भी बढ़ते ही जा रहे हैं। महंगाई को बढने से रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों को भी कदम उठाने चाहिए। यह एक सामूहिक दायित्व है।

*- लखन चतुर्वेदी, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### रामसहाय के निधन से दुख



सुप्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री रामसहाय पांडे जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उन्होंने अपनी अद्भुत कला, लगन और परिश्रम से बुंदेलखंड के लोकनृत्य राई को अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाई। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों और प्रशंसकों को संबल प्रदान करें। ओम शांति!

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### समृद्ध राजधानी दिल्ली



हमारा लक्ष्य केवल शासन करना नहीं, बल्कि प्रत्येक दिल्लीवासी को नीति निर्धारण और विकास प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाना है। दिल्ली को एक समावेशी, सशक्त और समृद्ध राजधानी बनाने के संकल्प के साथ हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### संविधान की सुरक्षा जरूरी



बीजेपी लगातार दलितों को अपमानित और संविधान पर आक्रमण करती आ रही है। इसलिए संविधान का सिर्फ सम्मान नहीं, सुरक्षा भी ज़रूरी है। देश संविधान और उसके आदर्शों से चलेगा, मनुस्मृति से नहीं।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### रचनात्मक सामग्री



भारत रचनात्मक सामग्री का सबसे बड़ा निर्माता और उपभोक्ता है। यदि संगठित और असंगठित रचनात्मक अर्थव्यवस्था को एक साथ रखते हैं तो हम पहले से ही एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर


# अमेरिका ने खाद्य सहायता कार्यक्रम में मदद बंद की




ट्रंप प्रशासन ने अफगानिस्तान, सीरिया, यमन और 11 अन्य गरीब देशों में लाखों लोगों के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम को वित्तीय सहायता देना बंद कर दिया है, जबकि इनमें से कई देश संघर्ष का सामना कर रहे हैं। संगठन और अधिकारियों ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को यह जानकारी दी। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिका से इस फैसले को वापस लेने की अपील की। दो अमेरिकी अधिकारियों और एसोसिएटेड प्रेस के पास मौजूद दस्तावेजों के अनुसार इस सहायता को बंद कर 'यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट' द्वारा संचालित कुछ बचे मानवीय कार्यक्रमों को भी बंद किया जा रहा है। डब्ल्यूएफपी ने 'एक्स' पर कहा, 'यह कटौती अत्यधिक भूख और भुखमरी का सामना कर रहे लाखों लोगों के लिए मौत की सजा के बराबर हो सकती है।" एजेंसी ने कहा कि उसने इस तरह के कार्यक्रमों के 'लगातार समर्थन का आग्रह करने के लि" ट्रंप प्रशासन से बात की है और पहले के योगदान के लिए अमेरिका और अन्य मददगारों को धन्यवाद दिया।

## ऑफ बीट

# पालतू बिल्ली से एलर्जी का खतरा क्यों ज्यादा होता है



अगर आपने अपने घर में बिल्ली पाल रखी है, तो सावधान हो जाएं। पालतू बिल्लियां धूल के कणों के बाद एलर्जी उभरने की दूसरी सबसे बड़ी वजह हैं। लेकिन, पालतू बिल्लियों से एलर्जी का वास्तविक स्रोत क्या है? और क्या बिल्लियों की कुछ नस्लें एलर्जी के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील होती हैं? बिल्लियों से एलर्जी को लेकर कई भ्रम और गलतफहमियां हैं। आइए, इनमें से कुछ को दूर करें। बाल जिम्मेदार नहीं-आम धारणा के विपरीत बिल्ली के बाल लोगों में एलर्जी के लिए जिम्मेदार नहीं होते। अलबत्ता, बिल्ली की लार और त्वचा की ग्रंथियों में पैदा होने वाला प्रोटीन 'फेल डी 1' एलर्जी के खतरे को बढ़ावा देता है। यूं तो बिल्लियों के शरीर में एलर्जी के लिए जिम्मेदार आठ कण का उत्पादन होता है, लेकिन विभिन्न अध्ययनों में 'फेल डी 1' को इनमें सर्वाधिक घातक पाया गया है। 'फेल डी 1' एक सूक्ष्म प्रोटीन है, जो कपड़ों और अन्य सतहों से आसानी से चिपक जाता है। यह हवा में भी लंबे समय तक सक्रिय रह सकता है, जिससे इसके श्वास के रास्ते शरीर में प्रवेश करने की आशंका रहती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि 'फेल डी 1' उन घरों में भी मौजूद हो सकता है, जहां बिल्लियां नहीं होतीं।

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### आदिवासी भूमि फर्जीवाड़े के आरोप का मामला

## पत्रकार गंगा पाठक सहित अन्य की अपील पर हाई कोर्ट ने गौरीघाट पुलिस से तलब की केस डायरी

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने बहुचर्चित आदिवासी भूमि फर्जीवाड़ा प्रकरण के आरोपित गंगा पाठक सहित अन्य की अपील पर गौरीघाट पुलिस को केस डायरी पेश करने निर्देश दिया है। जस्टिस अचल कुमार पालीवाल की एकलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को नियत की है।

बुधवार को अपीलकर्ता जबलपुर निवासी पत्रकार गंगा पाठक सहित अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त व मयंक शर्मा ने पक्ष रखा। जबकि राज्य की ओर से शासकीय अधिवक्ता आलोक अग्निहोत्री खड़े हुए। अपीलकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने इस प्रकरण को पूर्व से दायर एक अन्य अपील के साथ संलग्न कर सुनवाई किए जाने पर बल दिया। कोर्ट ने यह मांग स्वीकार कर ली। साथ ही राज्य को निर्देश दे दिया कि अगली सुनवाई की तिथि से पूर्व पीड़ित प्रतिवादी क्रमांक दो को तामील कराएं।



दरअसल, हाई कोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने आदिवासी भूमि फर्जीवाड़े के आरोपित जबलपुर निवासी गंगा पाठक व पत्नी ममता पाठक की अग्रिम जमानत अर्जियों पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने मामला नौ अप्रैल को किसी अन्य बेंच के समक्ष सूचीबद्ध करने की व्यवस्था दे दी थी। कोर्ट ने आवेदन की प्रकृति एमसीसी से बदलकर सीआर करने की अनुमति भी दे दी थी। लिहाजा, जस्टिस अचल कुमार पालीवाल की एकलपीठ के समक्ष सीआरए सुनवाई में आई। अपीलकर्ता गंगा पाठक सहित अन्य के विरुद्ध आदिवासी भूमि फर्जीवाड़े के आरोप को लेकर पूर्व में तिलवारा व बरगी थाने में प्रकरण दर्ज थे। इसी कड़ी में गौरीघाट थाने का प्रकरण भी अपील में सुनवाई के दौरान रेखांकित हुआ। पुलिस द्वारा अपराध दर्ज किए जाने के बाद से गंगा पाठक सहित अन्य फरार हैं। उन पर इनाम भी घोषित हो चुका है। सेशन कोर्ट ने अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त होने के बाद हाई कोर्ट की शरण में आए हैं। उनके विरुद्ध एसटी-एससी एक्ट सहित अन्य धाराओं के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया है।

### वरिष्ठता को दरकिनार कर कनिष्ठ प्रोफेसर को प्राचार्य का दायित्व देने पर रोक

**होमसाइंस कालेज का मामला, हाई कोर्ट ने जारी किए नोटिस**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने होमसाइंस कालेज, जबलपुर में वरिष्ठता को दरनिकार कर छह साल जूनियर प्रोफेसर को प्रभारी प्रचार्य बनाए जाने के मामले में राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने अंतरिम आदेश के जरिए प्राचार्य का दायित्व देने पर रोक लगा दी। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी डा. गिरीश वर्मा की ओर से अधिवक्ता अंकित अग्रवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता होमसाइंस कालेज में वह 2012 से प्रोफेसर के पद पर पदस्थ है। वह कालेज का सबसे वरिष्ठ प्रोफेसर है। अपेक्षाकृत छह वर्ष जूनियर समीर कुमार शुक्ला 2018 में प्रोफेसर के पद पर पदस्थ हुए थे। वरिष्ठ होने के बावजूद भी जूनियर को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौंपा गया है। याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार द्वारा 15 फरवरी 2022 को जारी परिपत्र के अनुसार प्रभारी प्राचार्य का दायित्व वरिष्ठ प्रोफेसर को दिया जाना आवश्यक है। अनावेदक को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व प्रदान करते हुए उक्त शर्त का परिपालन नहीं किया गया। अनावेदक प्रभारी प्राचार्य की ओर से कैबियेट दायर की गयी थी। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद जूनियर को प्रभारी प्राचार्य बनाए जाने के आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।

## तीन सप्ताह में हटाओ सैनिक सोसायटी के अतिक्रमण

### तहसीलदार ने सीमांकन रिपोर्ट पेश की, अतिक्रमणों के संबंध में अतिक्रमण शाखा को सूचित किया गया

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सैनिक सोसाइटी, जबलपुर के अतिक्रमण हटाने नगर निगम को तीन सप्ताह की मोहलत दे दी है। इससे पूर्व नगर निगम की ओर से अवगत कराया गया कि पूर्व निर्देश के पालन में प्रकरण में पक्षकार बनाए गए तहसीलदार ने सीमांकन रिपोर्ट पेश कर दी है। उसमें अतिक्रमण की शिकायत सही पाई गई है। लिहाजा, अतिक्रमण शाखा को सूचित कर दिया गया है। अब अतिक्रमण शाखा संबंधित अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी करेगी। जिसके बाद अतिक्रमणों के विरुद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया को गति दी जाएगी। इसके लिए समय अपेक्षित है।जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की एकलपीठ ने यह मांग स्वीकार कर ली।

**अब अतिक्रमण शाखा नोटिस जारी करेगी, जिसके बाद अतिक्रमणों पर कार्रवाई की प्रक्रिया होगी प्रारंभ**

याचिकाकर्ता सैनिक सोसायटी निवासी अधिवक्ता संजय सोनकर ने अपना पक्ष स्वयं रखा। उन्होंने दलील दी कि नगर निगम का रवैया टाल-मटोल वाला है। उसने पांच जुलाई, 2022 को सैनिक सोसायटी, बदनपुर स्थित मकान नंबर 843/ 1 क्रय किया था। इस मकान का पूर्व मालिक सुनील सेन केंद्रीय कारागार में उम्रकैद की सजा काट रहा है। उस पर अपने पड़ोसी राजकुमार गौतम के अलावा अपने ही परिवार के छह सदस्यों की हत्या का आरोप लगा था। इस हत्याकांड के मूल में वही समस्या थी, जो विचाराधीन याचिका में उठाई गई है। दरअसल, सुनील अपनी कालोनी में पडोसियों के अतिक्रमण से बुरी तरह तंग आ गया था। उसने कई बार शिकायतें कीं, लेकिन ठोस कार्रवाई नदारद रही। जब सड़क व नाली आदि के अतिक्रमण नहीं हटे तो एक दिन सुनील ने आपा खो दिया और हत्याकांड को अंजाम दे दिया। यह मकान खरीदने के बाद से याचिकाकर्ता भी अतिक्रमणों को हटाए जाने की शिकायत करता चला आ रहा है। मामला हाई कोर्ट पहुंचने के बाद दिशा-निर्देश जारी किए गए। लेकिन नगर निगम अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा रहा है। इस वजह से वर्षों पुरानी समस्या व शिकायत यथावत बनी हुई है।

## मंदिर में जल चढ़ाने निकली बालिका किडनैप

हरिभूमि, जबलपुर।

कटंगी थाना अंतर्गत पड़रिया निवासी एक बालिका उस समय संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई जब वह सुबह-सुबह मंदिर में जल चढ़ाने के लिए निकली थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी कर रही है।



पुलिस के मुताबिक पडरिया निवासी 16 वर्षीय बालिका सुबह करीब पांच घर से मंदिर में जल चढ़ाने की बात कहकर निकली थी लेकिन काफी देर हो जाने के बाद भी वापिस नहीं लौटीं। चिंतित परिजनों ने पहले तो अपने स्तर पर उसकी खोजबीन की। रिश्तेदारों, दोस्तों के यहां पता किया परंतु उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद परिजन सीधे थाने पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। साथ ही अज्ञात पर बच्ची को बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले जाने की आशंका जाहिर की जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

### एक बालक, दो युवतियां भी गायब

रांझी से एक बालक तो बरेला और हनुमानताल से दो युवतियां भी संदिग्ध परिस्थितियों से गायब हो गई है। पुलिस पुलिस तीनों ही मामलों में जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक रांझी निवासी 13 वर्षीय बालक घर से बिना बताये कहीं चला गया। जबकि बरेला थाना क्षेत्र से 20 वर्षीय युवती और हनुमानताल क्षेत्र से 20 वर्षीय युवती लापता हुई है।

### गाड़ियों को कवर करने एवं जिंगल चालू करने के लिए निगमायुक्त ने दिये निर्देश

**जबलपुर।** शहर की सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छता अभियान को लेकर निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव का नजरिया निरीक्षण के दौरान बहुत ही सख्त दिखाई दिया। निगमायुक्त ने सभी स्वास्थ्य अमले को सख्त लहजे में निर्धारित समय पर बीटवार सफाई कराने के साथ-साथ कचरा गाड़ियों को ऊपर से कबर्ड रखने और सभी गाड़ियों में जिंगल बजाने तथा समग्र ई-केव्हाईसी का प्रचार-प्रसार करने सख्त निर्देश दिये।सुबह-सुबह सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के समय निगमायुक्त ने देखा कि तीन पत्ती से लेकर शास्त्री ब्रिज एवं भंवरताल के चारों तरफ काफी देर से झाडू लगाई जा रही थी एवं चाय की दुकानों के आस-पास गंदगी फैली हुई थी। जिस पर निगमायुक्त श्रीमती यादव ने मुख्य स्वच्छता निरीक्षक को समक्ष में बुलाकर सही समय पर सफाई कराने और गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## अब बूढी खेरमाई पर विवादित टिप्पणी से भड़का आक्रोश

### सराफा चौक पर हिन्दू संगठनों का धरना प्रदर्शन

जबलपुर।

चारखम्बा स्थित प्रसिध्द बूढी खेरमाई को लेकर एक मुस्लिम युवक द्वारा की गई विवादित टिप्पणी के बाद हिन्दू संगठनों में आक्रोश भड़क गया। बुधवार की दोपहर हिन्दू संगठनों ने सराफा चौक पर उग्र धरना प्रदर्शन किया। घटना की जानकारी मिलते ही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलांदगी, एसडीएम शिवाली सिंह, सीएसपी और तीन थानों का बल मौके पर पहुंचा। आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करा दी गई है। पुलिस ने जांच के बाद कड़ी कार्यवाही का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।



हिन्दूवादी नेता नारायणी सेना के संयोजक सीताराम सेन ने बताया कि पिछले 15 दिनों से हिन्दू देवी देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का सिलसिला चल रहा है। पुलिस आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही नहीं कर रही है। जिससे माहौल बिगड़ रहा है। धरना प्रदर्शन के दौरान ही रांझी से एक अन्य युवक ने फोन पर धमकी दी और सोशल मीडिया पर अशलील टिप्पणी कर दी। मामले में कोतवाली थाने में अलग से एफआईआर दर्ज कराई गई है।

हिन्दू संगठनों चेतावनी दी है कि चार दिन के अंदर यदि हिन्दू धर्म का अपमान करने वालों पर कड़ी कार्यवाही कर उन्हें जेल नहीं भेजा गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

सराफा चौक में धरना प्रदर्शन की जानकारी लगने पर जगत गुरु स्वामी राघव देवाचार्य, क्षेत्रीय विधायक डॉ अभिलाष पांडे सहित, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारी मौके पर पहुंच गये थे।

## जबलपुर में एयर कनेक्टिविटी की अपार संभावनाएं : सिंह

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप जबलपुर में एयर कनेक्टिविटी के विस्तार को लेकर एक सारगर्भित परिचर्चा होटल नर्मदा जेक्शन में आयोजित की गई। इस बैठक में एयर इंडिया एक्सप्रेस की टीम और विभिन्न सेक्टरों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें जबलपुर में नई उड़ानों की उपयोगिता और आवश्यकता पर चर्चा की गई।

श्री राकेश सिंह ने इस अवसर पर जबलपुर के ऐतिहासिक और विकासात्मक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "जबलपुर में एयर कनेक्टिविटी की अपार संभावनाएं हैं, और यहां शिक्षा, रोजगार, उद्योग, व्यापार, रक्षा, न्याय, पर्यटन, धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में बहुत बड़ी संभावनाएं मौजूद हैं।" उन्होंने यह भी बताया कि जबलपुर में प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाई ओवर बन रहा है और दूसरा बड़ा रिंग रोड बन रहा है, जिससे शहर का बुनियादी ढांचा और भी सशक्त होगा।

**नई उड़ानों की उपयोगिता और आवश्यकता पर परिचर्चा**

कार्यक्रम में विख्यात चिंतक और लेखक प्रशांत पाल ने जबलपुर के औद्योगिक क्षेत्रों, विश्वविद्यालयों, और अन्य क्षेत्रों की संभावनाओं के बारे में प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि जबलपुर का रक्षा संस्थान, गारमेंट क्लस्टर, ऑटोमोबाइल सेक्टर, उच्च न्यायालय, और टूरिज़्म क्षेत्र की एयर कनेक्टिविटी के लिए एक बड़ी जरूरत है।

बैठक में उपस्थित एयर इंडिया एक्सप्रेस टीम ने जबलपुर की अपार संभावनाओं को स्वीकार करते हुए कहा कि वे निश्चित रूप से एयर कनेक्टिविटी का विस्तार करेंगे, हालांकि इसके लिए कुछ समय की आवश्यकता होगी। बैठक में राज्यसभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, नीरज सिंह एवं संतोष बरकड़े, महाधिवक्ता प्रशांत सिंह तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल एवं नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर भी मौजूद थे। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने इस परिचर्चा को अद्भुत व सारगर्भित तथा भविष्य के लिए सुखद मानते हुए जिला प्रशासन की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बैठक को अद्भुत और भविष्य के लिए सकारात्मक बताया, और जिला प्रशासन की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया।

## दफनाए गए शव को कब्र खोदकर बाहर निकाला

हरिभूमि, जबलपुर।

कुण्डम थाना अंतर्गत ग्राम कुड़िया में भूरासिंह की 6 मार्च को हुई मौत के मामले में दफनाए गए शव को कब्र खोदकर उखाड़ कर लाश को बाहर निकल गया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अगला कदम तय किया जाएगा।

मंहगांव निवासी तेज सिंह ने बताया कि बीते दिनों मझले और छोटे भाई में विवाद हुआ था जिसके कुछ घंटे बाद 6 मार्च को मझले भाई की मौत हो गई। अचानक मझले की मौत हो जाने के बाद परिवार की सहमति से बाडी को दफना दिया गया। लेकिन बीते दिनों परिवार के अन्य सदस्य और ग्रामीणों ने मांग रखी कि मझले की मौत क्यों हुई इसका पता लगना जरूरी है जिसके बाद अधिकारियों को ज्ञापन देकर बॉडी को पीएम कराकर मौत किस वजह से पता लगाने का आग्रह किया गया।

**कुड़िया में भूरासिंह की 6 मार्च को हुई मौत का मामला**

एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया है कि मृतक भूरासिंह के पुत्र मनोज सिंह को यह संदेह है कि उसके पिता की हत्या की गई हो सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि वापस लौटने पर उसे पता चला है कि उसके चाचा भागचंद से उसके पिता का बहुत विवाद हुआ था उसके बाद वो शांत हो गए, उसे यह जानकारी दी गई है कि यहां परिजनों ने हार्ट अटैक से उनकी मौत मान कर उनका अंतिम संस्कार कर दिया है। इस पर पुलिस ने एसडीएम से अनुमति लेकर दफनाए गए भूरे सिंह के शव को कब्र से निकाल कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अगला कदम तय किया जाएगा।

## मायके से 5 लाख लाओ, वरना ले लो तलाक

जबलपुर।

तिलवारा थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराई है। ससुराल वालें महिला को मायके से 5 लाख रुपए और बाईक लाने की मांग कर प्रताड़ित करते है। गत दिवस उसका पति उसे कार में घाना ले गया और तलाक देने की धमकी देने लगा, तलाक देने से मना करने पर उसे घाना में ही छोड़कर आ गया।

**दहेज लोभी पति, सास ससुर पर प्रकरण दर्ज**

तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार तिलवारा निवासी 30 वर्षीय श्रीमति नीलम सोनी की शादी 9 फरवरी 2023 को अंकित सोनी के साथ हुई थी। उसके माता पिता ने अपनी सामर्थता के अनुसार उसकी शादी में ससुराल वालों को नगदी तीन लाख रूपये, सोने के 10 तोला के गहने तथा गृहस्थी का सामान दिया था शादी के लगभग 2-3 माह बाद पति अंकित उर्फ अतुल सोनी , ससुर भागचंद सोनी ,सास सुनीता सोनी उसे दहेज का ताना देते हुए मायके से 5 लाख रूपये एवं मोटर सायकल की मांग कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ति करने लगे, जिससे तंग आकर वह अपने मायके तिलवारा चली गई थी। मायके वालों के समझाने पर जनवरी 2025 को पति के साथ ससुराल चली गयी थी फिर कुछ दिन अच्छे से रखने के बाद दहेज की मांग को लेकर पुनः परेशान करने लगे, उसके जेवर उतरवाकर घर में रख लिये और उसे मायके जाने के लिये कहने लगे। गत 13 मार्च 2025 को नीलम फिर से मायके आ गयी थी। गत 8 अप्रैल 2025 को पति अंकित सोनी उसे लेने उसके घर आये और कार से घाना ले गया और साथ में नही रहना है तो तलाक ले लो का कहने लगा, उसने कहा कि उसके मायके वाले दहेज नहीं दे पायेगें। अच्छे से रखोगे तो ससुराल में रहने के लिये तैयार हूं। इसी बात पर पति उसके साथ गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी दी और घाना में उसे कार से उतारकर चले गये। पुलिस ने आरोपी पति, सास और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 85, 296, 351 (2, भारतीय न्याय संहिता तथा 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### बजट में नई घोषणाओं से पहले, पुराने वादों की समीक्षा जरूरी

## आगे पाठ पीछे सपाट के फार्मूले पर चलता नगर निगम

जबलपुर।

नगर निगम बजट पर चर्चा का सत्र 16 अप्रैल से शुरु होगा. इस दौरान चर्चा का केंद्र आगामी योजनाओं और घोषणाओं पर होगा। हालांकि, यह चर्चा तभी सार्थक मानी जाएगी जब यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पिछले बजट की योजनाएं घोषणाएं कितनी सफल रही और उनमें से कितनी पूरी हुईं। अगर सिर्फ नई घोषणाओं और योजनाओं की बात होती है, तो यह स्थिति "पाठ पीछे, सपाट आगे" जैसी हो सकती है, यानी बीते बजट के अधूरे वादों की समीक्षा किए बिना नए वादों की कोई अहमियत नहीं होगी।

### पिछले बजट की योजनाओं की स्थिति

बात करें पिछले बजट की घोषणाओं की तो उनमें कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं का जिक्र किया गया था। उदाहरण के लिए, शहर में तीन नए फायर स्टेशन बनाने का वादा किया गया था, लेकिन यह योजना कहां तक पहुंची, यह सवाल अभी भी अनुत्तरित है। इसके अलावा, शहर में पार्किंग की समस्या को हल करने के लिए रिमोट पार्किंग और नई मल्टी-लेवल पार्किंग बनाने की घोषणाएं की गई थीं। लेकिन इन योजनाओं पर कितनी प्रगति हुई, यह स्पष्ट नहीं है।



हर साल यह भी कहा जाता है कि शहर के हर घर में नर्मदा जल पहुंचेगा, लेकिन यह वादा अब तक पूरा नहीं हुआ है। नर्मदा जल की आपूर्ति की दिशा में हर वर्ष बजट में नई घोषणाएं की जाती हैं, लेकिन धरातल पर उनकी स्थिति स्थिर बनी रहती है।

### नगर निगम के बजट का विश्लेषण

नगर निगम में पार्षद मद वाहवाही के साथ 80 लाख रुपये तक कर दी गई. लेकिन क्या आज आधे पार्षदों की आधी पार्षद मद भी पूरे वित्तीय वर्ष में पास नहीं की गई। वार्ड स्तर के छोटे छोटे काम जो पार्षद मद से होते हैं, आज भी अधूरे पड़े हैं।

### पुरानी घोषणाओं की समीक्षा जरूरी

इसलिए, इस नगर निगम नये वित्तीय वर्ष में बजट सत्र में नई घोषणाओं से पहले यह जरूरी है कि पुरानी घोषणाओं का पूरा विवरण लिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जिन योजनाओं के लिए बजट आवंटित किया गया था, वे धरातल पर उतरीं या नहीं। अगर पुराने वादों की समीक्षा होती है, तो जनता को यह उम्मीद हो सकती है कि इस बार बजट में की गई घोषणाएं प्लानिंग और रिसर्च के बाद की गई हैं और इनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा। वर्ना एरिया बेस्ड डेवलपमेंट, ई डस्टबिन, सफाई चिप, स्मार्ट स्ट्रीट लाईट, ई बाईक जैसी 24 ज्यादा योजनाएं हैं जिनपर बीते कुछ सालों में अरबों रुपये बहाया गया, लेकिन आज उन योजनाओं का नाम भी कोई नहीं जानता।

श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक पूजन एंव रात्रि 7 बजे से

# महावीर जयंती पर शोभायात्रा आज

हरिभूमि सिहोरा।

भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर आज गुरुवार को प्रातः 7 बजे पंचायती जैन से शोभायात्रा निकाली जायेगी जो महावीर चौक, कालभैरव चौक, झंडा बाजार,आजाद चौक,गौरी तिराहा,पुराना बस स्टैंड,मैना कुआं से होकर जैन मंदिर में संपन्न होगी। शोभायात्रा के बाद श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक पूजन एंव रात्रि 7 बजे से अन्य कार्यक्रमों के साथ आरती का भी आयोजन किया गया है।

### विश्व महामंत्र णमोकार दिवस मनाया गया

सकल जैन समाज ने पंचायती जैन मंदिर में एक साथ सम्पूर्ण विश्व के साथ साथ सिहोरा में भी एक समय पर सामूहिक णमोकार मंत्र का पाठ किया जिसमें समाज के सभी महिला एंव पुरुष वर्ग ने सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाया। विदित हो कि पूरे विश्व में जैन समाज का यह प्रथम बड़ा आयोजन था।





## भगवान महावीर जिनालय पर होगा जलाभिषेक

**पाटन।** भगवान महावीर जन्म कल्याण महामहोतसव पर बाजार स्थित भगवान महावीर जिनालय बडडी दाई मंदिर जी मै विशेष पूजन जलाभिषेक और भव्यता के साथ जन्म कल्याण महामहोतसव मनाया जायेगा साथ ही बडे जैन मंदिर से समाज द्वारा उत्साह पूर्वक आकर्षित शोभायात्रा निकली जा रही है जो नगर भ्रमण के बाद भगवान महावीर स्वामी जी का जलाभिषेक होगा जिसको लेकर जैन समाज ने ब्यापक तैयारी की है जगह जगह रंगोली चौक सजाये जा रहै है।




## धूमधाम से निकला बड़ी खेरमाई का जवारा विसर्जन समारोह

**जबलपुर।** 52 शक्तिपीठों में से एक गुप्त शक्तिपीठ मां बड़ी खेरमाई मंदिर का 373वें वर्ष का चैत्र नवरात्रि जवारा विसर्जन समारोह बुधवार को भव्य एवं धूमधाम से बैंड बाजों, ढोल नगाड़ों एवं मनमोहक झांकियों के साथ निकाला गया। जवारा विसर्जन समारोह में 500 से अधिक बानाधारी भक्त निकलें, इसके साथ ही 1100 से अधिक महिलाएं जवारा कलश धारण करके निकलीं।

### बैगा नृत्य बना आकर्षण का केंद्र

डिंडोरी से आये राष्ट्रीय स्तर के बैगा नर्तक मंडल ने जवारा समारोह में आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर समा बांध दिया। अखाड़ों ने अपने करतब दिखाये और मनमोहक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जवारा विसर्जन समारोह देर सायं 8:00 बजे से बड़ी खेरमाई माता मंदिर से प्रारंभ होकर हनुमानताल, राजा रसगुल्ला की गली, तमरहाई चौक, मिलोनीगंज चौक होते हुए हनुमानताल थाना के सामने विसर्जन के साथ समाप्त हुआ। इस अवसर पर बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के शरद अग्रवाल, आशीष त्रिवेदी, अनिल पाल, जयकांत उपाध्याय, महेंद्र जांगड़े, राहुल चौरसिया, सुरेश आहूजा आदि उपस्थित थे।





## बूढी खेरमाई में झंडा चढ़ाया

**पाटन।** नगर की बूढी खेरमाई जी गुरू मोहल्ला पाटन मे नव रात्रि के अवसर पर भक्तों ने मातारानी को झंडा का समर्पण किया और मातारानी के जश गाये गये। महिला समाज ने नौ दिन तक खूब भक्ति मय वातावरण बना रहा।

## सखी सहेली ग्रुप ने किया माता की भक्तों आयोजन



**जबलपुर।** सखी सहेली ग्रुप ने बल्देवबाग में माता रानी की भक्तों आयोजन किया। सभी सखियों ने मिलकर देवी गीत गाए और माता रानी का आशीर्वाद लिया। इस प्रोग्राम की आयोजक रहीं श्रीमति आभा तिवारी, विभा तिवारी, साधना, सोना दुबे, अनीता सोनी अग्रवाल नीलम अर्णिका तिवारी रानी पूनम विनीता केशरबानी सीमा दीपा मीना अग्रवाल सावित्री कंचन अद्या तिवारी लेकिशा तिवारी प्रियम रिदम अंजना बजाज रोशनी अग्रवाल रजनी अग्रवाल प्रियंका दुबे आदि रहीं।

## श्रीमद् भागवत कथा में सुदामा चरित्र का वर्णन



**भेड़ाघाट।** भेड़ाघाट चौराहे में हर्ष गार्डन में 3 अप्रैल से 10 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया जिसमें 9 अप्रैल को सुदामा चरित्र का वर्णन किया गया कथा व्यास सुश्री श्रुति उपाध्याय के प्रवचनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य यजमान दिलीप साहू श्रीमती कृष्णा साहू सचिन साहू श्रीमती दीक्षा साहू एवं समस्त साहू परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया।

## हनुमान जन्मोत्सव तक होगा सीताराम अखंड संकीर्तन



**मझौली।** श्री सिद्धन धाम लोढ़ा पहाड़ आश्रम वाले बाल संत जी महाराज के सानिध्य में कटाव धाम में श्री रामयज्ञ और श्रीराम कथा सीताराम अखंड संकीर्तन की भव्य शोभायात्रा का हुआ आयोजन। संत श्री के सानिध्य में रामनवमी से हनुमान जन्मोत्सव तक किया जाना है। जबलपुर जिले की मझौली तहसील का प्राचीन सिद्ध स्थान कटाव धाम क्षेत्र वासियों की आस्था का केंद्र है लोढ़ा पहाड़ सिद्धन धाम आश्रम वाले श्री बाल संतजू महाराज जी के सानिध्य में श्री रामयज्ञ श्रीराम कथा और सीताराम अखंड संकीर्तन का आयोजन 6 अप्रैल से 13 अप्रैल तक किया जाना है। श्री राम कथा का वाचन महंत श्री सीता राम शरण जी महाराज के द्वारा किया जा रहा है ।

भारतीय किसान संघ ने की विद्युत कंपनी के एमडी से मुलाकात

## 24 जिलों के किसान ट्रिपिंग और लो वोलटेज की समस्या से जूझ रहे

**जबलपुर।** ग्रीष्मकालीन फसल उरद व मूंग की सिंचाई में किसानों को आ रही विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत के प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी से मुलाकात की। किसान संघ के प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने प्रांत के 24 जिलों में किसानों को आ रही समस्याओं को रखा। श्री पटेल ने कहा कि पूरे प्रांत में कम वोल्टेज, लाईन ट्रिपिंग और दस घंटे थ्री फेस बिजली न मिलने के कारण किसान परेशान है। इसे तत्काल ठीक किया जाना चाहिए। मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग सलाहकार समिति के सदस्य व किसान संघ के सम्भागीय उपाध्यक्ष दामोदर पटेल ने कहा कि जमीनी स्तर पर लाइनमेन व अन्य कर्मचारियों का स्टाफ बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही श्री पटेल ने मानसून के पूर्व विद्युत लाईनों की मरम्मत, जले ट्रांसफार्मर शीघ्र बदलने, शहपुरा तहसील के हिनोतिया में व पनागर तहसील में नवीन सब स्टेशन स्थापित करने की मांग रखी। इसके साथ ही मंझौली के रानीताल में स्वीकृत सब स्टेशन का कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ करने की मांग भी की। प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी ने बताया कि सब स्टेशनों की हालत बहुत खराब है। उनमें लगे उपकरण जैसे ब्रेकर, पैनल, सीटी व एबी स्विच खराब हो गए हैं। जो कि स्टेशनों में कार्य करने वाले विद्युत विभाग के कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए भी ठीक नहीं है। इसलिए इन्हें शीघ्र बदला जाए। जिलाध्यक्ष रामदास पटेल ने विभाग के डीई व एसई के साथ किसानों की नियमित बैठक करने के लिए आदेश जारी करने की मांग की। जिससे किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो सके।



पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी ने किसानों की समस्यायों को गंभीरता से सुनकर कहा कि किसानों की विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है। श्री द्विवेदी ने निर्देश दिए कि प्रति माह पंद्रह दिन में डीई व प्रति माह एक दिन एसई स्तर के अधिकारी किसानों के साथ बैठक कर समस्याओं को सुनेंगे और उनका निराकरण करेंगे। जिसकी समीक्षा प्रति तीन माह में सीई स्तर के अधिकारी या फिर मैं स्वयं भी करूंगा। श्री द्विवेदी ने मौजूद अधिकारियों को तत्काल विद्युत लाईनों की मरम्मत, आउटसोर्स के माध्यम से कर्मचारियों की कमी दूर करने, जले ट्रांसफार्मर बदलने व सुधार के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य अभियन्ता के एल वर्मा, मुख्य महाप्रबंधक संजय भागवतकर और किसान प्रतिनिधि मंडल में भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम नारायण पचौरी, प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, सम्भागीय उपाध्यक्ष दामोदर पटेल, प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, जिलाध्यक्ष रामदास पटेल, शहपुरा तहसील मंत्री धरम पटेल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## हनुमान जन्मोत्सव को लेकर थाने में बैठक आयोजित

**सिहोरा।** पवन पुत्र वीर हनुमान के जन्मोत्सव को लेकर जहां सिहोरा खितौला में हनुमान भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है वहीं प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा भी व्यवस्थाओं को लेकर बैठकों का दौर जारी है।अंजनी के लाल के जन्मोत्सव को लेकर हिन्दू उत्सव समिति की एक बैठक का आयोजन सिहोरा पुलिस थाने में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या दिलीप दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए एसडीएम रुपेश सिंघई ने कहा कि सभी लोग मिलकर जुलकर जन्मोत्सव शांतिपूर्वक ढंग से मनायें एंव वाहन रैली में किसी तरह के अस्त्र शस्त्र को लेकर न चले। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पारुल शर्मा ने कहा समिति द्वारा बताये हुए रैली मार्ग में ही चलकर प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी तरह के आपत्ति जनक नारे न लगाये जिससे शांति भंग होने का खतरा हो । हिन्दू उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने वाहन रैली मार्ग को दुरुस्त करने,नगर पालिका द्वारा मार्ग का भ्रमण करने तथा समापन स्थल पर साफ सफाई पेयजल व्यवस्था करने के साथ सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर प्रभारी तहसीलदार शंशाक दुबे, सिहोरा थाना प्रभारी विपिन सिंह, खितौला थाना प्रभारी अर्चना सिंह जाट, सीएमओ शैलेन्द्र ओझा, एमपीवी से राकेश पांडे, प्रवीण पांडे, पार्षद रीता शुक्ला, अशोक खरे, बिनोद खत्री, राजा मोर, राजेश दाहिया, आदि उपस्थित थे।

## अवैध खनन को लेकर वन विभाग को ज्ञापन सौंपा

**भेड़ाघाट।** सरस्वती घाट के ऊपर से पीली मिट्टी का खनन किया जा रहा हैं। एक माह से अवैध मिट्टी का खनन किया जा रहा हैं और पीली मिट्टी हाईवे की धमा चौकड़ी से पर्यटकों रहवासियों को भारी परेशानी व सामना करना पड़ रहा है हाईवा से अवैध खनन का कार्य जोरों से चल रहा है खनिज विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने से अवैध खनन केखिलाफ ज्ञापन वन मंडल अधिकारी रिषी मिश्रा कार्यालय में सौंपा गया हैं ज्ञापन सौंपनेवालोंमेंसुखदेव धुर्वे शिवानी ठाकुर कोमल भूमिया दिलीप सिंह रेशमा ठाकुर मुस्कान भूमिया कमलेश गोटिया राजेश विश्वकर्मा इत्यादि लोगों ने ज्ञापन सौंपा कर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

## आयुष भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित




**जबलपुर।** महाविद्यालय महात्मा गांधी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, जबलपुर व आयुष विभाग जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व होम्योपैथिक दिवस के उपलक्ष्य पर 09-04-2025 को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर डॉ. अर्चना मरावी के तत्वावधान में आयोजित किया गया जिसमें कार्यालय के कार्यरत कर्मचारी एवं आगन्तुकों की जांच एवं परामर्श किया गया, शिविर के माध्यम से होम्योपैथिक पद्धति अपनाने व होम्योपैथिक परामर्श के प्रति लोगो को जागरूक किया गया। जिसमें हमारे महाविद्यालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा लोगों को निःशुल्क परामर्श दिया गया एवं उन्हें होम्योपैथिक दवाई भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में लगभग 300 लोगों की उपस्थिति रही। महाविद्यालय से डॉ. माया गुप्ता, डॉ .प्रवीण मल्होत्रा, डॉ. नैनसी माहतो एवं अन्य छात्र-छात्राओं की उपस्थिती रही। डॉ. जितेंद्र पटेल, डॉ. नैन्सी, डॉ. माया गुप्ता इस शिविर के मुख्य डॉक्टर रहे, डॉ. प्रवीण मल्होत्रा की देखरेख में इस कैंप को सम्पन्न किया गया। अंतिम वर्ष के छात्रों ने शिविर के संचालन में बहुत मदद की।




**श्रीमती राधा राजपूत-** अहीर मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री इंदर सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती राधा राजपूत (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पान बाई चक्रवर्ती-** लकडग़ंज टोरिया निवासी श्री मोहन लाल चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती पान बाई चक्रवर्ती (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनोज श्रीवास-** सन सिटी कंचनपुर अधारताल निवासी श्री माखन लाल श्रीवास के पुत्र श्री मनोज श्रीवास (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री देवी-** भरतीपुर झूलेलाल मंदिर के पास निवासी श्री भगवान दास की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री देवी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अरुणधती दोडमनी-** विजय नगर निवासी श्री बसबराज दोडमनी की धर्मपत्नी श्रीतमी अरुणधती दोडमनी (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री गुप्ता-** तुलसी मोहल्ला घमापुर निवासी श्री ओम प्रकाश गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री गुप्ता (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नरेश पाटकर-** फूटाताल चौक निवासी श्री नरेश पाटकर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई कुरील-** द्वारका नगर चुंगी चौकी लालमाटी निवासी श्री भगवान दास कुरील की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई कुरील (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अर्चना चक्रवर्ती-** न्यू शोभापुर कॉलोनी व्हीकल रोड निवासी श्री हरिहर चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना चक्रवर्ती (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेंद्र कुमार पांडे-** सिद्धबाबा वार्ड लालमाटी निवासी श्री सुरेंद्र कुमार पांडे (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सोनी लाल-** नई बस्ती कजरवारा निवासी श्री सोनी लाल (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मटरू लाल-** बंबा देवी शीतलामाई निवासी श्री मटरू लाल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

# प्रधानमंत्री मोदी 11 अप्रैल को अशोक नगर जिले के श्री आनंदपुर धाम आएंगे

## अल्बानिया रिपब्लिक के चुनाव में राज्य निर्वाचन आयोग बनेगा आब्जर्वर

**भोपाल।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग को अल्बानिया रिपब्लिक के संसदीय चुनाव में ऑब्जर्वर के रूप में आमंत्रित किया गया है। अल्बानिया में 9 से 11 मई 2025 तक संसदीय निर्वाचन होना है। आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग मनोज श्रीवास्तव, सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से स्थानीय निर्वाचन में किए गए विभिन्न नवाचारों जैसे पेपरलेस बूथ आदि के सफल प्रयोग के कारण अल्बानिया के निर्वाचन आयोग ने राज्य निर्वाचन आयोग को प्रेक्षक के रूप में आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि यह पहला राज्य निर्वाचन आयोग है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निर्वाचक प्रेक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया है।

## आपदा प्रबंधन विषय पर पुलिस अफसरों के लिए सेमिनार आयोजित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी भौंरी में प्रदेश से आए हुए मैदानी पुलिस अधिकारियों के दो दिवसीय आपदा प्रबंधन सत्र का उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण राजाबाबू सिंह के निर्देशन में हुआ। सत्र प्रारंभ पर सहायक निदेशक प्रशासन एवम बेसिक ट्रेनिंग नीरज पांडे ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सहायक निदेशक ट्रेनिंग श्रद्धा जोशी द्वारा मुख्य अतिथि को अकादमी का स्मृति चिन्ह भेंट किया। यास्मीन जैहरा सहायक निदेशक सम्पदा ने आभार प्रदर्शन किया। सेमिनार में उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक सहित 50 पुलिस अधिकारी उपस्थित हुए।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी 10 अप्रैल को प्रदेश की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का बदनावर से करेंगे लोकार्पण और भूमिपूजन

### केंद्रीय मंत्री अमित शाह इस माह दो बार आएंगे मप्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 अप्रैल को अशोकनगर जिले की ईसागढ़ तहसील स्थित श्री आनंदपुर धाम पधार रहे हैं, जबकि केंद्रीय गृह तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह का भोपाल में 13 अप्रैल और 17 अप्रैल को नीमच में आगमन हो रहा है। उनकी मौजूदगी में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और दुग्ध संघ के बीच रवीन्द्र भवन में अनुबंध पर हस्ताक्षर होंगे, साथ ही प्रदेश में जारी सहकारिता गतिविधियों की समीक्षा भी की जाएगी।

इसी तरह 17 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री शाह का नीमच दौरा भी प्रस्तावित है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी धार जिले के बदनावर से 10 अप्रैल को प्रदेश की विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 12-13-14 अप्रैल को दिल्ली के लाल किला प्रांगण में आयोजित विक्रमोत्सव के तहत सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैबिनेट के सभी सदस्य इस कार्यक्रम में सहभागिता कर आयोजन की गरिमा बढ़ाएं। उधर, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के मप्र आगमन की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने चाक-चौबंद इंतजाम कराने का निर्देश दिया है।

- मुख्यमंत्री ने की प्रधानमंत्री की 11 अप्रैल की मध्यप्रदेश यात्रा की तैयारियों की समीक्षा
- प्रधानमंत्री संतगण से करेंगे भेंट आनंद सरोवर में पुष्प अर्पित करेंगे




### प्रधानमंत्री के आगमन से वैशाखी का वार्षिक मेला बनेगा यादगार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 अप्रैल को मप्र के अशोक नगर जिले में अपने प्रवास के दौरान श्री आनंदपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री परमहंस अद्वैत मत के प्रमुख गुरू महाराज, महात्मा शब्द प्रेमानंदजी और अन्य संतगण से भेंट कर श्री आनंदपुर धाम के सेवा प्रकल्पों की जानकारी लेंगे। धाम में वैशाखी मेले में लगभग 20 हजार श्रद्धालु भागीदारी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेन्स से ग्वालियर संभाग के कमिश्नर, आईजी सहित वरिष्ठ अधिकारियों और कलेक्टर, एसपी अशोक नगर से चर्चा कर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री की गरिमा के अनुरूप आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री इसके पहले पिछले चार अप्रैल को श्री आनंदपुर धाम पहुंचकर भी प्रधानमंत्री यात्रा की तैयारियों का अवलोकन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार की बैठक में कार्यक्रम के स्वरूप और अन्य तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री की यात्रा के लिए सभी जरूरी प्रबंध कर लिए गए हैं। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रमुख धार्मिक, आध्यात्मिक और सेवा संस्थानों में से एक अशोक नगर के आनंदपुर धाम में प्रतिवर्ष वैशाखी पर वार्षिक मेला लगता है। इस समागम में धाम से जुड़े हजारों देशी-विदेशी अनुयायी पधारते हैं। इस वर्ष प्रधानमंत्री के आगमन के कारण यह मेला यादगार बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री आनंदपुर धाम जैसे स्थान आस्था के केंद्र होने के साथ ही धार्मिक, आध्यात्मिक पर्यटन के भी बड़े केंद्र हैं, जिसे जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों को एक बार जरूर देखना चाहिए।

**आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश**

#### लंगर में प्रसाद ग्रहण करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी श्री आनंदपुर धाम परिसर स्थित आनंद सरोवर में पुष्प अर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री को इस धाम में होने वाली भक्ति और ज्ञान से जुड़ी गतिविधियों के साथ ही संचालित सेवा कार्यों की भी जानकारी दी जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री श्री आनंदपुर सत्संग आश्रम परिसर स्थित चारों मंदिरों को देखेंगे। वे विशाल सत्संग हॉल में मंचीय कार्यक्रम में वैशाखी के वार्षिक मेला आयोजन में नागरिकों और इस धाम से जुड़े देश-विदेश के अनुयाईयों को संबोधित करेंगे। वे लंगर में प्रसाद भी ग्रहण करेंगे।

### श्री आनंदपुर धाम में किया प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों का निरीक्षण

## पीएम मोदी का आध्यामिक आयोजन में पधारना ऐतिहासिक अवसर: शर्मा



*विशेष प्रतिनिधि, भोपाल। अशोकनगर जिले के ईसागढ़ स्थित परमहंस अद्वैत मत श्री आनंदपुर धाम में 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारियों का निरीक्षण भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को धाम के दर्शन उपरांत किया। इस दौरान धाम के ट्रस्टी सोनू महात्मा एवं सोमनाथ महात्मा से तैयारियों को लेकर शर्मा ने आवश्यक चर्चा की। वीडी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 अप्रैल को अशोकनगर जिले के ईसागढ़ स्थित श्री परमहंस अद्वैत मत श्री आनंदपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में आ रहे हैं। यह ऐतिहासिक अवसर है। श्री आनंदपुर धाम का आयोजन धार्मिक एवं आध्यात्मिक है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर लाखों संगत, क्षेत्र की जनता सहित प्रदेश के पार्टी कार्यकर्ता बहुत उत्साहित हैं। श्री आनंदपुर धाम की देश में लाखों संगत हैं, जो भारत की सनातन संस्कृति व आध्यात्म के लिए समर्पित हैं। निष्काम सेवा भाव से भक्त के पथ को अग्रसर करना ही श्री आनंदपुर धाम का मूल कार्य है। इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप अहिरवार, संभाग प्रभारी विजय दुबे, प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल, विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, बृजेन्द्र सिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय यादव, प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व सांसद केपी यादव आदि उपस्थित रहे।*

## कर्मचारी संघ के पदाधिकारी सीएम से मिले, पदोन्नति के लिए माना आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार शाम मंत्रालय कर्मचारी संघ और शीघ्र लेखक संघ के पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री द्वारा अधिकारी कर्मचारियों की पदोन्नति के संबंध में की गई घोषणा पर आभार व्यक्त कर प्रसन्नता व्यक्त की।

कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि नौ वर्ष बाद यह एक बड़ा निर्णय लिया जा रहा है जो कर्मचारी वर्ग के हित में रहेगा। अनेक कर्मचारी पदोन्नति की चाह में सेवानिवृत हो गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उलझे हुए मसले पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने की घोषणा की है जिसके लिए समस्त कर्मचारी उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के विकास में शासकीय सेवकों का महत्वपूर्ण योगदान है। शासन द्वारा समय-समय पर शासकीय सेवकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश के विकास में सभी वर्गों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर कर्मचारी संगठनों के सुभाष वर्मा, जीपी सिंह, संजय राठौर, शैलेंद्र पांडे, हरिशंकर भार्गव, सीमा कोरोपा, अनूप चौहान शामिल हुए।

## महाराष्ट्र की उप-सभापति नीलम ताई से शिवसेना पदाधिकारियों ने की संगठन विस्तार पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाराष्ट्र प्रदेश की उप-सभापति (विधान परिषद) एवं शिवसेना की वरिष्ठ नेत्री नीलम ताई गोन्हें के एक दिवसीय प्रदेश के दौरे आई। इस दौरान शिवसेना मप्र के वरिष्ठ पदाधिकारियों मुलाकात और संगठन विस्तार पर चर्चा की।

इस अवसर पर शिवसेना मप्र के प्रभारी सुरेश गुर्जर एवं मध्यप्रदेश राज्य प्रमुख राजीव चतुर्वेदी ने नीलम ताई से संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी रणनीतियाँ तथा प्रदेश में शिवसेना के संगठनात्मक विस्तार को लेकर जानकारी दी। इस मौके पर नीलम ताई ने शिवसेना के मूल विचारों को मध्यप्रदेश के जनमानस तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया और संगठन के कार्यकर्ताओं को सक्रियता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## सिलेंडर के बढ़े हुए दामों के विरोध में कांग्रेस नेता शुक्ला ने किया विरोध प्रदर्शन



**भोपाल।** घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 50 रुपए की वृद्धि कर केंद्र सरकार ने आम आदमी पर महंगाई का चाबुक चलाया है। भोपाल में अब सिलेंडर की कीमत 858.50 रुपए हो जाएगी। इसके विरोध में कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने मंगलवार को भोपाल के विकास नगर झुग्गी बस्ती में उज्ज्वला योजना लाभान्वित महिलाओं के साथ एक घर के चूल्हे पर रोटियां सेकी और सरकार के इस फैसले का विरोध किया।

## 39 आरक्षक, प्रधान आरक्षक के ट्रांसफर

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने मंगलवार को 139 पुलिस आरक्षकों और प्रदान आरक्षकों के ट्रांसफर किए हैं। ये थोकबंद तबादले पुलिस द्वारा स्टाफ के द्वारा दिए गए तबादला आवेदन के आधार पर किए गए हैं। इन सभी का एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरण स्वयं के व्यय पर किया गया है। पीएचक्यू की कार्मिक शाखा द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के तहत इन सभी को तय समय सीमा में रिलीव करने के निर्देश भी जिलों के एसपी को दिए गए हैं।

### कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

## मप्र में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड से एमओयू किए जाने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत भारत सरकार से संबद्ध संस्था एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किए जाने के लिए एमओयू किए जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत शिक्षा में गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा। कैबिनेट की मंगलवार को हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से संबद्ध संस्था एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड (भारत सरकार की मिनी रत्न श्रेणी-1) सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एन्टरप्राइजेज (सीपीएसई) संस्था है।

संस्था के द्वारा मप्र में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत गुणवत्ता सुधार, एलईपी (कक्षा 6वीं से 12 वीं ) के अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न गतिविधियों को संचालित किया जाएगा। इसमें सीखने में वृद्धि कार्यशालाएं, सीखने के परिणाम आधारित मूल्यांकन, राज्य के बाहर वैज्ञानिक एक्सपोजर विजिट, शिक्षक विकास, सतत व्यावसायिक विकास और परिणाम शिक्षण रणनीतियों में सुधार शामिल हैं।

### लोक वित्त से वित्त पोषित कार्यक्रमों का प्रशासकीय अनुमोदन

कैबिनेट ने लोक वित्त से वित्त पोषित कार्यक्रमों (योजनाओं) अन्तर्गत आने परीक्षण तथा प्रशासकीय अनुमोदन वाली परियोजनाओं के परीक्षण और प्रशासकीय अनुमोदन की प्रक्रिया का अनुमोदन किया गया हैं। इसे जारी करने के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया हैं। इसके तहत राज्य में कोई भी नवीन कार्यक्रम शुरू किए जाने के लिए कैबिनेट की सैद्धांतिक सहमति प्राप्त किया जाना जरूरी होगा। पूंजीगत परियोजनाओं और कार्यों की स्वीकृति के लिए सक्षम स्तर की समितियों के वित्तीय अधिकारों में दोगुनी वृद्धि की गई है। परियोजनाओं, कार्यों की स्वीकृति के लिए पीएम-गतीशक्ति का उपयोग अनिवार्य होगा। परियोजनाओं, कार्यों को जीआईएस आधारित बनाने की जरूरत के लिए एमपीएसईडीसी के जीओ पोर्टल पर प्लानिंग करना अनिवार्य होगा। परियोजना, कार्य में स्वीकृत लागत में वृद्धि होने पर पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने के लिए प्रशासकीय विभाग को पुनः सक्षम वित्तीय समिति की अनुशंसा प्राप्त करनी होगी। परंतु परियोजना, कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति के 10 प्रतिशत तक राशि व्यय करने की अनुमति रहेगी।

### पूंजी ऋण सुविधा के लिए शासकीय प्रत्याभूति

*राज्य की विद्युत कंपनियों के लिए कर सेल पूंजी नगद ऋण की सुविधा के लिए सरकारी गारंटी दी जाएंगी। इसका कैश फ्लो बना रहे, इसके लिए सरकार समय-समय पर इन कंपनियों को गारंटी देती है। तीनों विद्युत वितरण कंपनियों के लिए वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक प्रतिवर्ष राशि 12,466 करोड़ रुपए की नगद साख सुविधा, कार्यशील पूंजी ऋण के लिए शासकीय प्रत्याभूति तक प्रदान की जाएगी। इसमें प्रस्तावित गारंटी पर मात्र 0.5% की दर से प्रत्याभूति होगी।*

### माइक्रो इरिगेशन की प्रशासनिक स्वीकृत

पार्वती काली सिंध चंबल नदी जोड़ो परियोजना के तहत दाब युक्त माइक्रो इरिगेशन की प्रशासनिक स्वीकृत दी गई है। यह एक बड़ी परियोजना है, इससे 60 हजार हेक्टेयर में सिंचाई होगी। इसके लिए 2932 करोड़ की मंजूरी कैबिनेट ने दी है। इससे मल्हारगढ़ और मंदसौर को सिंचाई के लिए फायदा मिलेगा। सिंचित क्षेत्र 60 हजार हेक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत परियोजना से मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ तहसील के 32 ग्राम एवं मंदसौर तहसील के 115 ग्राम लाभान्वित होंगे।

### पीड़िता की मां का मुआवजा लेने से इंकार

## पीड़िता की मां बोली- न्याय चाहिए असली आरोपी को सजा दो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नाबालिग बच्ची से रेप और हत्या के मामले में पीड़िता की मां ने मुआवजा लेने से इंकार कर दिया है। पीड़िता की मां का कहना है कि उसे मुआवजा नहीं न्याय चाहिए। वहीं पीड़िता की मां ने आरोपी सोमेश यादव को निर्दोष बताया है और असली आरोपी को सजा देने की मांग की है। पीड़िता की मां ने आरोपी सोमेश यादव को निर्दोष वाले बयान के बाद पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल, पुलिस ने इस मामले में पीड़िता के चाचा को मुख्य आरोपी बनाया है, जो पुलिस हिरासत में है।

पीड़िता के परिवार ने कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा दिए गए मुआवजे के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। कलेक्टर ने मंगलवार को परिवार को कलेक्ट्रेट बुलाकर ढाई लाख रुपए मुआवजा देने की पेशकश की थी, लेकिन परिवार ने साफ कहा कि उन्हें पैसे नहीं, न्याय चाहिए। असली आरोपी को ही सजा मिलनी चाहिए। कांग्रेस की पांच सदस्यीय जांच समिति पीड़िता के घर पहुंची और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। मीडिया से बात करते हुए संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि पुलिस ने पीड़ित परिवार के ही सदस्य को आरोपी बना दिया, जबकि जिस बादल मेश्राम पर परिवार ने शंका जताई थी उसे छोड़ दिया गया है।

### मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए

विधायक संगीता सिन्हा ने आरोप लगाया कि परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट कर पूछताछ की गई। जिस परिवार को न्याय मिलना चाहिए, उसे पीटा गया है। उनके शरीर पर चोट के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। कांग्रेस की इस टीम में संगीता सिन्हा के साथ राजनांदगांव की पूर्व महापौर हेमा देशमुख, खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व पार्षद प्रेमलता साहू, दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, गया पटेल और मुकेश चंद्राकर शामिल थे।

## मिशन अमृत 2.0 में लापरवाही पर अधिकारियों को लगाई फटकार

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने मिशन अमृत 2.0 के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मिशन के कार्यों में देरी और लापरवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों और एजेंसियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने अधूरे कार्यों को बारिश से पहले पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। मिशन अमृत 2.0 के नोडल अधिकारी, अभियंता, प्रोजेक्ट डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट कन्सल्टेंट्स एवं उनके डिप्टी टीम लीडर्स भी बैठक में मौजूद थे।

## आदिवासी की भूमि कलेक्टर की अनुमति के बिना बेचना अवैध

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी में कहा कि आदिवासी की भूमि कलेक्टर की अनुमति के बिना बेचना अवैध है। लिहाजा, राजस्व अधिकारी की अनुमति से किया गया विक्रय अनुचित है। कलेक्टर की अनुमति के बिना किया गया हस्तांतरण शून्य, अमान्य व अवैध है। जस्ट विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने राजस्व मंडल, ग्वालियर के अध्यक्ष के आदेश की पुष्टि करते हुए याचिका निरस्त कर दी। नर्मदापुरम निवासी आरएन श्रीवास्तव की ओर से याचिका दायर की गई थी।

## नर्सिंग फर्जीवाड़ा: 2018 से 2022 तक की मान्यता व संबद्धता के मूल दस्तावेज हर हाल में पेश करें, हाईकोर्ट के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े के मामले में वर्ष 2018 से 2022 तक की मान्यता व संबद्धता प्रदान करने संबंधित सभी मूल दस्तावेज हर हाल में पेश करने के निर्देश दिए।

जस्टिस संजय द्विवेदी व जस्टिस एके पालीवाल की खंडपीठ ने कहा कि यदि अगली सुनवाई तक दस्तावेज पेश नहीं किए गए तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। अगली सुनवाई 25 अप्रैल को होगी। लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि प्रदेश में नियम विरूद्ध तरीके से नर्सिंग कॉलेज संचालित हो रहे हैं। नियमों को ताक में रखकर कॉलेजों को मान्यता प्रदान की गई है। तत्कालीन अधिकारियों द्वारा मान्यता नियम 2018 में 3 बार संशोधन किए गए थे। इसके चलते अपात्र कॉलेजों को निरंतर लाभ पहुंचाया जा रहा है। हाईकोर्ट ने नियमों में किए सभी संशोधनों की ओरिजनल फाइल भी पेश करने के निर्देश जारी किए थे।

### मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में शुरू की गई योजनाएं और अभियान हो रहे सफल

## छत्तीसगढ़ में कभी माने जाते थे नक्सलियों के गढ़ अब इन जिलों में तेज रफ्तार से हो रहे विकास कार्य

**विद्यार्थियों की संख्या में 20% की वृद्धि हुई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के दक्षिणी सीमावर्ती क्षेत्र, जो कभी नक्सलियों के गढ़ के रूप में पहचाने जाते थे, अब तेजी से विकास की नई पहचान बना रहे हैं। बस्तर के कैनवास पर एक सकारात्मक बदलाव की तस्वीर उभर रही है। राज्य सरकार ने नक्सलवाद उन्मूलन और समग्र प्रगति को समानांतर रूप से आगे बढ़ाया है। पिछले 15 महीनों में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शुरू की गई योजनाओं और अभियानों ने इन क्षेत्रों में विश्वास की नई किरण जगा दी है।

### सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और बिजली की बुनियादी सुविधाएं दी



*नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का परिवर्तन छत्तीसगढ़ के सात प्रमुख नक्सल प्रभावित जिलों- कांकेर, बस्तर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर (बस्तर संभाग) और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी (दुर्ग संभाग)- में सरकार ने नक्सल उन्मूलन और विकास की रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू किया है। कभी पिछड़ेपन और भय का प्रतीक रहे इन क्षेत्रों में अब सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं तेजी से पहुंचाई जा रही हैं।*

### मनरेगा के तहत 29,000 नए जॉब कार्ड जारी

प्रमुख योजनाओं का प्रभाव सरकार की जनहितैषी नीतियों ने इन क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है। मनरेगा के तहत 29,000 नए जॉब कार्ड जारी किए गए।

### 46 नए सुरक्षा कैंप

आधारभूत ढांचे में सुधार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 46 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं, जिनके दायरे में आने वाले 145 गांवों में 'नियद नेल्ला नार' योजना प्रभावी रूप से चल रही है। इन गांवों में 124 सड़क मार्ग से जुड़ चुके हैं, शेष 31 पर कार्य जारी है। शिक्षा के क्षेत्र में, मार्च 2024 तक 122 स्कूल क्रियाशील थे, जो अब 144 हो गए, और विद्यार्थियों की संख्या में 20% की वृद्धि हुई। आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या 193 से बढ़कर 202 हो गई।

# अगर ट्रंप दवाओं पर लगाएंगे टैरिफ तो भारतीय कंपनियां होंगी ज्यादा प्रभावित

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ये ऐलान किया है कि फार्मास्युटिकल्स पर उनका टैरिफ लगाने का लंबे समय से किया गया वादा जल्द पूरा होगा। बिना कोई अतिरिक्त जानकारी साझा किए हाउस रिपब्लिकन के लिए आयोजित फंड रेजिंग प्रोग्राम के दौरान ट्रंप ने कहा, 'हम जल्द ही बड़ा टैरिफ फार्मास्युटिकल्स पर कर लगाने जा रहे हैं।'

- देश में दवाओं के अधिक उत्पादन के लिए टैरिफ लगाने का वादा बार-बार करते रहें

ट्रंप ने कहा कि अगर हम ऐसा करते हैं तो वे कंपनियां हमारे बाजार में वापस आ जाएंगी। ऐसा इसलिए क्योंकि हम बड़े बाजार हैं। ब्लूमबर्ग के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप लंबे समये से घरेलू दवा उत्पादन की कमी पर अपना दुख जताते रहे हैं। ऐसे में देश में दवाओं के अधिक उत्पादन के लिए टैरिफ लगाने का वादा ट्रंप बार-बार करते रहे हैं।


### दवा कंपनियों पर लगेगा टैरिफ

मार्च में उन्होंने कहा था कि व्हाइट हाउस जल्दी ही फार्मास्युटिकल्स पर टैरिफ का ऐलान करेगा। इसके साथ ही उन्होंने ये संकेत दिया था कि अमेरिका लंबे समय तक इस क्षेत्र से बाहर नहीं रह पाएगा। उनकी ये टिप्पणी ऐसे वक्त पर की गई है जब ट्रंप की तरफ से दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ के चलते अमेरिकी समेत वैश्विक शेयर बाजार में कोहराम मचा हुआ है।

## ट्रंप लंबे समय से घरेलू दवा उत्पादन की कमी पर दुख जताते रहें

### भारतीय कंपनियों पर व्यापक असर होगा

अगर ट्रंप की तरफ से फार्मास्युटिकल्स पर टैरिफ का एलान किया जाता है तो इसका अमेरिका को निर्यात करने वाली भारतीय दवा कंपनियों पर व्यापक असर होगा। दवा क्षेत्र के एक्सपर्ट्स से बात करते हुए बताया, भारतीय दवा कंपनियों की तरफ से अमेरिका में अधिकतर जेनेरिक्स या फिर पॉपुलर दवाएं सस्ती में भेजी जाती है। इस पर इस वक्त न के बराबर सरचार्ज लगता है। जबकि भारत की तरफ से अमेरिका से एक्सपोर्ट हो रही दवाओं पर 10% का टैक्स लगाया जाता है।




*सन फार्मा ने 32 फीसदी बेचकर की थी कमाई : भारत की सबसे बड़ी दवा निर्माता कंपनी सन फार्मा पिछले वित्तीय वर्ष में अपनी कुल कमाई का 32% कमाई अमेरिका में बेचकर की थी। इसके अलावा, अन्य फर्म जैसे- डॉ. रेड्डी, अरबिन्दो फार्मा, जायडस लाइफसाइंस और ग्लेड फर्मांका भी अमेरिका में काफी एक्सपोर्ट होता है।*

### कौन सी कंपनियां होंगी प्रभावित?

रायटर्स के मुताबिक, भारत के कुल दवा निर्यात का करीब एक तिहाई हिस्सा अमेरिका में एक्सपोर्ट की जाती है. मार्च 2024 में बेंगलुरू स्थित बायकॉन और मुंबई बेस्ड ल्यूपिन ने अमेरिका से 44% और 37% की कमाई की थी। हैदराबाद स्थित इंडियन मल्टीनेशनल फॉर्मास्युटिकल एंड बायोटेक्नोलॉजी कंपनी लारस लैब ने भी नॉर्थ अमेरिकी मार्केट से करीब 17% की कमाई की थी।

## खबर संक्षेप

### भारतपे समूह को ऑनलाइन भुगतान की मंजूरी मिली



**नई दिल्ली।** भारतपे समूह की कंपनी रेजिलिएंट पेमेंट्स को ऑनलाइन भुगतान सेवाएं मुहैया कराने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से अंतिम मंजूरी मिल गई है। इससे भारतपे अपने 'पेमेंट गेटवे' के माध्यम से लेनदेन सहित विभिन्न भुगतान-संबंधी सेवाओं को सुविधाजनक बना पाएगी।

### जियो फाइनेंस देगा शेयर म्यूचुअल फंड के बदले कर्ज



**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी जियो फाइनेंस लि. ने प्रतिभूतियों के एवज में कर्ज देने के क्षेत्र में कदम रखा है। कंपनी ने कहा कि डीमैट खाते में रखे शेयर और म्यूचुअल फंड जैसे निवेश उत्पादों को गिरवी रखकर ग्राहक कर्ज ले सकेंगे। कंपनी का दावा है कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल और सुरक्षित होगी।

### सरकारी खजाने में कोल इंडिया का योगदान घटा



**नई दिल्ली।** कोल इंडिया लिमिटेड ने इस साल मार्च में सरकारी खजाने में 5,832.69 करोड़ रुपये का योगदान किया है, जो सालाना आधार पर 4.7 प्रतिशत कम है। घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान देने वाली सीआईएल ने मार्च, 2024 में केंद्र और राज्य सरकारों के खजाने में 6,126.42 करोड़ रुपये का योगदान किया था।

### खाद्य तेलों में पोषक तत्व बढ़ाने टेक्नोसर्व का करार




**नई दिल्ली।** खाद्य तेल व्यापार निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने कहा कि उसने भारत में खाद्य तेलों का पोषक तत्वों से संवर्धन बढ़ाने के लिए एनजीओ टेक्नोसर्व के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। कार्यशालाओं के माध्यम से खाद्य तेल उत्पादकों की विशेषज्ञता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

### रुपया 45 पैसे टूटकर 86.71 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और यह 45 पैसे और टूटकर 86.71 प्रति डॉलर पर आ गया। वैश्विक स्तर पर शुल्क को लेकर तनाव बढ़ने से रुपये में गिरावट आई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने वृद्धि को बढ़ावा देने के उपाय के तौर पर प्रमुख ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है।

### एमएसएमई के लिए ऋण वृद्धि की रफ्तार सुस्त पड़ी




**नई दिल्ली।** सूक्ष्म और लघु व्यवसायों के लिए ऋण वृद्धि मई, 2024 के 15.5 प्रतिशत से घटकर नवंबर, 2024 में 10.1 प्रतिशत रह गई है। एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। बड़े व्यवसायों के मामले में, ऋण वृद्धि स्थिर रही, जबकि मध्यम आकार की फर्मों के लिए यह नवंबर में बढ़कर 20 प्रतिशत हो गई, जो जून में 12.6 प्रतिशत थी। यूग्रो कैपिटल और डन एंड ब्रैडस्ट्रीट द्वारा द्विवार्षिक एमएसएमई संपर्क रिपोर्ट के तीसरे संस्करण में यह जानकारी दी गई है।

## आरबीआई की घोषणा के बाद बैंक अधिकारियों ने कहा

# रेपो दर में कमी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए, छोटे उद्यमों को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में कटौती और मौद्रिक नीति के रुख को 'उदार' करने का निर्णय व्यापार युद्ध के बीच अर्थव्यवस्था को गति देने की दिशा में उठाया गया कदम है। इससे अन्य क्षेत्रों के अलावा सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्यमों के लिए उधार लेने की लागत कम होने की उम्मीद है।

बैंक अधिकारियों ने बुधवार को यह कहा। इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अजय श्रीवास्तव ने कहा कि रेपा दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती का निर्णय व्यापार युद्ध के बढ़ते तनाव के बीच अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने की दिशा में एक सक्रिय कदम है।

### लगातार दूसरी कटौती

इस साल नीतिगत दर में लगातार दूसरी कटौती प्रमुख क्षेत्रों में विकास को प्रोत्साहित करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र के हित को केंद्र में रखने का प्रमाण है।' उन्होंने कहा, ''सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए इस कटौती से कर्ज की लागत कम होने की संभावना है, जिससे इस क्षेत्र की वृद्धि और नवोन्मेष करने की क्षमता बढ़ेगी।''

- निर्णय व्यापार युद्धि के बीच अर्थव्यवस्था को गति देगा
- एमएसएमई के लिए उधार लेने की लागत कम होने की उम्मीद
- निर्णय वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रति सहायक बना रहेगा



*नकदी प्रवाह में होगा सुधार : इस कदम से फायदा होगा क्योंकि इससे ऋण लागत कम होगी और नकदी प्रवाह में सुधार होगा, जो उभरते बाजार की गतिशीलता में सुधार और विकास के लिए महत्वपूर्ण है। एमएसएमई हमारे ऋण खंड का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है...इस कटौती से खासकर मझोले और छोटे शहरों (टियर दो और टियर तीन) में घर, वाहन और व्यक्तिगत ऋणों की मांग में तेजी आने की संभावना है।''*

*सह-ऋण ढ़ांच को व्यापक बनाया गया : शेट्टी ने कहा, "विनियमन के मामले में, संकटग्रस्त परिसंपत्तियों के लिए बाजार आधारित प्रतिभूतिकरण ढांचा, स्वर्ण ऋण और गैर-निधि आधारित सुविधाओं पर नीति की समीक्षा समय पर की गई है। सह-ऋण ढांचे को व्यापक बनाने से सभी संबंधित पक्षों को अधिक विकल्प मिलेंगे।*

### बाजार के लिए अच्छे भविष्य का संकेत

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा कि आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में कटौती और रुख में संशोधन कर इसे 'उदार' बनाना एक त्वरित एवं समय पर उठाया गया कदम है तथा यह बाजार के लिए एक भविष्य का संकेत है, जिससे वह उभरती वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रति सहायक बना रहेगा।

### भारत के जीडीपी में वृद्धि के संकेत

कुमार ने यह भी कहा कि इंडियन बैंक अपने ग्राहकों को तेजी से लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिससे समावेशी ऋण वृद्धि सुनिश्चित हो सके। अप्रैल की ऋण नीति पर टिप्पणी करते हुए वित्तीय सेवा एवं परामर्श कंपनी ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि आरबीआई की एमपीसी बैठक के निर्णय यह सुनिश्चित करते हुए भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि संभावनाओं की रक्षा करने की उसकी इच्छा का संकेत देते हैं।

### खुदरा मांग को समर्थन मिलेगा

इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी बिनोद कुमार ने कहा, ''आरबीआई के इस कदम से एमएसएमई और खुदरा मांग दोनों को समर्थन मिलने की उम्मीद है। एमएसएमई क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में करीब 30 प्रतिशत और निर्यात में 40 प्रतिशत से अधिक का योगदान है।

# रेपो दर में कटौती का शेयर बाजार को समर्थन नहीं, सेंसेक्स 380 अंक टूटा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बढ़ते व्यापार तनाव से वैश्विक बाजारों में आई गिरावट के बीच स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से प्रमुख नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की एक और कटौती किए जाने के बावजूद नुकसान के साथ बंद हुए।

- बढ़ते व्यापार तनाव के कारण वैश्विक बाजार में गिरावट

सेंसेक्स करीब 380 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 137 अंक की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक के नीतिगत मोर्चे पर सकारात्मक कदम उठाने के बावजूद वैश्विक व्यापार चिंताएं बाजार पर हावी रहीं और निवेशकों ने बिकवाली को प्राथमिकता दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 379.93 अंक यानी 0.51 प्रतिशत गिरकर 73,847.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 554.02 अंक गिरकर 73,673.06 अंक के निचले स्तर तक फिसल गया था। निफ्टी भी 136.70 अंक यानी 0.61 प्रतिशत गिरकर 22,399.15 अंक पर आ गया।



### दुनिया मंदी के जोखिम को स्वीकार रही

नायर ने कहा, हालांकि, भारत में रेपो दर में कटौती के साथ एक उदार नीतिगत रुख अपनाने को रचनात्मक कदम के रूप में लिया गया है। लेकिन बाजार की समग्र धारणा को ऊपर उठाने में इसका योगदान बहुत कम रहा है क्योंकि दुनिया मंदी के जोखिम को स्वीकार कर रही है।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारतीय स्टेट बैंक, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील, सन फार्मा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट का रुख हावी रहा। दूसरी तरफ नेस्ले, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और आईटीसी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

# सोना 1,050 रुपए टूटकर 91,000 से नीचे फिसला, चांदी मजबूत




- चांदी की कीमत 500 रुपए बढ़कर 93,200 रुपए प्रति किलोग्राम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

स्टॉकिस्ट और खुदरा विक्रेताओं के कमजोर उठान के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 90,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है।

पिछले बाजार बंद के समय 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,050 रुपये टूटकर 89,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि मंगलवार को यह 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 93,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मंगलवार को सफेद धातु 92,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, विदेशी बाजारों में हाजिर सोना 61.98 डॉलर या 2.08 प्रतिशत बढ़कर 3,044.14 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''पूरी तरह से वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंकाओं के कारण विश्व अर्थव्यवस्था मंदी में चली गई, जिससे सुरक्षित-पनाह परिसंपत्तियों की मांग फिर से बढ़ गई। इससे सोना 3,030 डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर अतिरिक्त शुल्क लगाया है, जिस पर अब 104 प्रतिशत शुल्क हो गया है। चीन ने भी इस मामले में कदम उठाते हुए अमेरिका पर शुल्क 34 से बढ़ाकर 84 प्रतिशत कर दिया है।

### एशियाई बाजार में चांदी बढ़कर बोली गई

गांधी ने कहा कि इसके अलावा ट्रंप की शुल्क नीति ने अमेरिकी डॉलर पर दबाव डालना जारी रखा, जो लगातार दूसरे दिन गिरा, जिससे सोने की कीमतों को और फायदा हुआ। एशियाई बाजार में हाजिर चांदी करीब दो प्रतिशत बढ़कर 30.41 डॉलर प्रति औंस पर बोली गई।

## खनिजों की खोज के लिए लाइसेंस व्यवस्था जरूरी...



**नई दिल्ली।** सरकार ने देश के महत्वपूर्ण खनिज भंडारों की खोज के लिए लाइसेंस व्यवस्था की बदलावकारी क्षमता पर प्रकाश डाला। खान मंत्रालय ने अन्वेषण लाइसेंस (ईएल) व्यवस्था और अन्वेषण लाइसेंस ब्लॉक की पहले चरण की नीलामी पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला और रोडशो का आयोजन किया। खान मंत्रालय के सचिव वी एल कांता राव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि यह नीति खनिज भंडारों के निष्क्रिय स्वामित्व से सक्रिय खोज की दिशा में बदलाव का प्रतीक है। राव ने कहा कि यह नीति निजी संस्थाओं को लिथियम, सोना, हीरा और प्लैटिनम समूह तत्वों जैसे खनिजों के लिए बड़े पैमाने पर प्रारंभिक चरण की खोज करने के लिए सशक्त बनाती है।

# सरकार ने एमएसपी के तहत 100 लाख गांठ कपास खरीदा

- तेलंगाना में सबसे अधिक 40 लाख गांठ की खरीद की गई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने चालू कपास सत्र 2024-25 में 31 मार्च तक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) परिचालन के तहत 100 लाख गांठ के बराबर 525 लाख क्विंटल कपास की खरीद की है।

यह खरीद कपड़ा मंत्रालय के तहत भारतीय कपास निगम (सीसीआई) के माध्यम से की गई। कपास की एक गांठ 170 किलोग्राम के बराबर होती है। एक सरकारी बयान में कहा गया कि यह खरीद 263 लाख गांठ की कुल कपास आवक का 38 प्रतिशत और देश में अनुमानित कुल कपास उत्पादन 294.25 लाख गांठ का 34 प्रतिशत है। राज्यों में से, तेलंगाना में सबसे अधिक 40 लाख गांठ की खरीद की गई। उसके बाद महाराष्ट्र में 30 लाख गांठ और गुजरात में 14 लाख गांठ की खरीद हुई।



# पिछले साल बेरोजगारी दर मामूली रूप से घटी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कैलेंडर वर्ष 2024 में 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों में बेरोजगारी दर वर्ष 2023 के पांच प्रतिशत से घटकर 4.9 प्रतिशत पर आ गई। बुधवार को जारी आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में यह जानकारी दी गई।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र बेरोजगारी में मामूली गिरावट (4.3 प्रतिशत से घटकर 4.2 प्रतिशत) आई है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए मामूली नरमी है। शहरी क्षेत्र में पुरुष बेरोजगारी 6.0 प्रतिशत से बढ़कर 6.1 प्रतिशत हो गई लेकिन महिला बेरोजगारी 8.9 प्रतिशत से घटकर 8.2 प्रतिशत रह गई। इससे समग्र शहरी बेरोजगारी दर 6.7 प्रतिशत पर स्थिर रही।



- बेरोजगारी दर वर्ष 2023 के पांच फीसदी से घटकर 4.9 फीसदी पर आई

### शहरी क्षेत्रों में पुरुषों के लिए एलएफपीआर बढ़ा

*शहरी क्षेत्रों में पुरुषों के लिए एलएफपीआर में वृद्धि (2023 में 74.3 प्रतिशत से 2024 में 75.6 प्रतिशत) हुई और महिलाओं के लिए थोड़ी वृद्धि (25.5 प्रतिशत से 25.8 प्रतिशत) हुई, जिससे एलएफपीआर में समग्र वृद्धि (50.3 प्रतिशत से 51.0 प्रतिशत) हुई। एलएफपीआर का मतलब जनसंख्या के उस प्रतिशत से है जो या तो कार्यरत है या रोजगार की तलाश में है।*

# बैंक ऑफ इंडिया व यूको बैंक ने घटाई ब्याज दर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- कर्जों की ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत कटौती की

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक ने बुधवार को रेपो दर में कटौती किए जाने के कुछ घंटों के ही भीतर ऋण की दरों में 0.25 प्रतिशत अंकों की कटौती करने की घोषणा कर दी।

सार्वजनिक क्षेत्र के इन बैंकों के इस फैसले से उनके मौजूदा और नए उधारकर्ताओं दोनों को फायदा होगा। अन्य बैंकों की तरफ से भी जल्द ही इसी तरह की घोषणा किए जाने की उम्मीद है। बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक ने शेयर बाजारों को अलग-अलग दी गई सूचनाओं में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से अल्पकालिक ऋण दर (रेपो दर) में कटौती किए जाने के बाद ऋण दर में यह संशोधन किया गया है। कटौती के बाद बैंक ऑफ इंडिया की नई रेपो आधारित ऋण दर (आरबीएलआर) पहले के 9.10 प्रतिशत से घटकर 8.85 प्रतिशत हो गई है। नई दर बुधवार से ही प्रभावी हो जाने की घोषणा बैंक ने की। इस बीच यूको बैंक ने कहा कि उसने रेपो संबद्ध दर को घटाकर 8.8 प्रतिशत कर दिया है।

### नई दर आज से प्रभावी

नई दर बृहस्पतिवार से प्रभावी होगी। इसके पहले आरबीआई ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर 6.0 प्रतिशत करने की घोषणा की थी।

## भारतीय निर्यातकों ने दी गई सुविधा वापस लेने की थी मांग

# भारत ने बांग्लादेश के लिए पारगमन सुविधा की समाप्त

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने बांग्लादेश से बंदरगाहों और हवाई अड्डों के रास्ते में किसी तीसरे देश को निर्यात करने के लिए भारतीय भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों का उपयोग करने की अनुमति देने वाली पारगमन सुविधा को समाप्त कर दिया है। एक सरकारी परिपत्र में यह जानकारी दी गई है।

- भारत द्वारा जून, 2020 में बांग्लादेश को प्रदान की गई थी

मुख्य रूप से परिधान क्षेत्र के भारतीय निर्यातकों ने पहले सरकार से पड़ोसी देश को दी गई यह सुविधा वापस लेने का आग्रह किया था। इस सुविधा ने भूटान, नेपाल और म्यांमा जैसे देशों में बांग्लादेश के निर्यात के लिए सुचारू व्यापार प्रवाह को सक्षम किया था।

### बांग्लादेश के निर्यात में आएगी बाधा

शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस सुविधा को वापस लेने से बांग्लादेश के निर्यात और आयात लॉजिस्टिक्स में बाधा आने की उम्मीद है, जो तीसरे देश के व्यापार के लिए भारतीय बुनियादी ढांचे पर निर्भर है।



*हमारी हवाई क्षमता में वृद्धि होगी : भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, ''अब हमारे पास अपने माल के लिए अधिक हवाई क्षमता होगी। पहले निर्यातकों ने बांग्लादेश को दी गई पारगमन सुविधा के कारण कम जगह की शिकायत की थी।''*

### सीबीआईसी ने जारी किया परिपत्र

यह सुविधा, भारत द्वारा जून, 2020 में बांग्लादेश को प्रदान की गई थी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के आठ अप्रैल के परिपत्र में कहा गया, "29 जून, 2020 के संशोधित परिपत्र को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्णय लिया गया है। भारत में पहले से प्रवेश किए गए कार्गो को उस परिपत्र में दी गई प्रक्रिया के अनुसार भारतीय क्षेत्र से बाहर जाने की अनुमति दी जा सकती है।"

### एयरलाइंस अनुचित लाभ उठा रही थी

एईपीसी के अध्यक्ष सुधीर सेखरी ने कहा था कि लगभग 20-30 ट्रक प्रतिदिन दिल्ली आते हैं, जिससे माल की सुचारू आवाजाही धीमी हो जाती है और एयरलाइंस इसका अनुचित लाभ उठा रही हैं। इससे हवाई माल भाड़े में अत्यधिक वृद्धि होती है, निर्यात कार्गो की हैंडलिंग और प्रसंस्करण में देरी होती है।

### भारतीय निर्यात क्षेत्रों को मिलेगी मदद

व्यापार विशेषज्ञों के अनुसार, इस निर्णय से परिधान, जूते और रत्न एवं आभूषण जैसे कई भारतीय निर्यात क्षेत्रों को मदद मिलेगी। बांग्लादेश कपड़ा क्षेत्र में भारत का एक बड़ा प्रतिस्पर्धी है।

### निवेशकों के संरक्षण के लिए 1600 फोन नंबर : सेबी



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने निवेशक संरक्षण को बढ़ावा देने और वित्तीय धोखाधड़ी पर लगाम लगाने के इरादे से सभी विनियमित एवं पंजीकृत इकाइयों को अपने मौजूदा ग्राहकों से संपर्क के लिए '1600' फोन नंबर शृंखला का ही इस्तेमाल करने का निर्देश दिया। इस निर्देश के जरिये सेबी निवेशकों की सुरक्षा को बढ़ाना चाहता है। अक्सर धोखाधड़ी करने वाले संस्थान अपनी पहचान छुपाने के लिए सामान्य 10 अंक वाले नंबर का इस्तेमाल करते हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बयान में कहा कि '1600'' नंबर शृंखला को अपनाने से निवेशक आसानी से यह पहचान सकेंगे कि उनकी कॉल या संदेश सेबी-विनियमित संस्थाओं से आ रहा है। ऐसा होने से निवेशकों के वित्तीय घोटालों में फंसने की संभावना कम हो जाएगी।

## प्रधानमंत्री वर्चुअल जुड़े, हजारों की तादाद में जुटे श्रद्धालु

# जबलपुर की धरती पर सामूहिक स्वरों से गूंजा णमोकार मंत्र





जबलपुर।

जैन ट्रेड ऑर्गनाईजेशन (जीतो) के संयोजन में आयोजित विश्व णमोकार मंत्र दिवस पर जबलपुर में एक नया इतिहास रच दिया। णमोकार मंत्र के सामूहिक स्वरों से पूरा आकाश गूंज उठा। इस मंत्र जरिए एक स्वर में विश्व भर को आत्म शुद्धि, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया गया। इस कार्यक्र में आचार्य श्री समय सागर महाराज का ससंघ दिव्य आर्शीवाद मिला। पंडित रविशंकर शुक्ल राईट टाउन स्टेडियम परिसर में आयोजित समारोह का। इसमें लगभग 20 हजार स्त्री-पुरुष, बच्चों और बुजुर्गों ने एक साथ एक स्वर में णमोकार मंत्र का जाप किया। कार्यक्रम में जहां जैन धर्मावलम्बी बहुत बड़ी संख्या में शामिल हुए वहीं समाज के प्रत्येक वर्ग से आए लोगों ने इसमें शिकरत कर आध्यात्मिकता का अनुभव किया। शुभारम्भ योग ध्यान सत्र से किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक उन्नति के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर प्रज्ञा मनीषी, विद्या निधि आचार्य श्री समय सागर महाराज का दिव्य सान्निध्य भी मिला। आचार्य श्री समयसागर ने णमोकार मंत्र जाप से जीवन में आने वाली सकारात्मकता पर प्रकाश डालते हुए इसकी महिमा का बखान किया।

इस दौरान दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े प्रधानमंत्री ने णमोकार मंत्र के आध्यात्मिक महत्व को प्रतिपादित करते हुये, उन्होंने 9 संकल्प दिलाए। पहला संकल्प जल संवर्धन एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता अभियान में भागीदारी, वोकल फार लोकल, देश दर्शन को बढ़ावा देना, प्राकृतिक खेती अपनाना, भारतीय जीवन शैली अपनामा, योग व खेल को जीवन में स्थान देना और गरीबों की सहायता संकल्प लेना शामिल है. बुधवार को पूरे विश्व के 108 देशों में णमोकार मंत्र दिवस पर देशों में यह आयोजन किया गया। सभी जगह श्रद्धालु एकत्र हुए हैं। यह एक ऐतिहासिक और यादगार अध्यात्म पर्व बन गया है। यह आयोजन गिनीज ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने की संभावना है। कार्यक्रम का संचालन संजीव चौधरी, अमित पड़रिया, सिध्दांत जैन ने किया।इस आयोजन को जैन समाज की विभिन्न संस्थाओं— दिगंबर जैन पंचायत सभा, श्वेतांबर जैन समाज, जैन नवयुवक सभा, दिगंबर जैन संरक्षण सभा—का सहयोग रहा । लेडीज विंग की अध्यक्ष विनीता बड़कुल और नीलिमा जैन ने बताया कि महिलाएं पीले या केसरिया वस्त्रों में तथा पुरुष सफेद परिधान में शामिल हुए, जिससे आयोजन में एक अनुपम आध्यात्मिक दृश्य उत्पन्न हुआ।कार्यक्रम में राज्य सरकार के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सासंद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अभिलाष पाण्डे, नेता प्रतिपक्ष नगर-निगम अमरीश मिश्रा, पूर्व मंत्री शरद जैन, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक बृजकांत, विभाग संघ चालक एवं उद्योगपति कैलाश गुप्ता, नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, डॉ जितेन्द्र जामदार, परीधि जैन, कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष डॉ नीलेश जैन, पार्षद कमलेश अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन शामिल थे।

## राशन हितग्राहियों को 30 अप्रैल तक ई-केवायसी कराना अनिवार्य

**जबलपुर।** राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी करने जिले में 9 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती नुजहत बानो बकाई के मुताबिक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण मंत्रालय ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के सभी पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी 30 अप्रैल तक निर्देशानुसार जबलपुर जिले अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल के बाद ऐसे हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है, जो इस अवधि तक ई-केवायसी नहीं करा सकेंगे। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि विशेष अभियान के तहत ई-केवायसी से शेष रह गये सभी हितग्राहियों की सूची पीओएस मशीन, स्थानीय निकाय, जेएसओ लॉगिन पर उपलब्ध कराई गई है और इस सूची का प्रिन्ट निकालकर उसे ग्राम पंचायत अथवा वार्ड कार्यालय एवं उचित मूल्य दुकान पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिये गये हैं।

जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के हितग्राहियों की ई-केवायसी करने चलाये जा रहे विशेष अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय प्रशासन विभाग के स्थानीय अमले का सहयोग लिया जा रहा है। अभियान के तहत हितग्राहियों की ई-केवायसी ग्रामवार एवं मोहल्लेवार कैम्प लगाकर की जायेगी। ई-केवायसी करने गठित दलों को एक ग्राम अथवा मोहल्ले के सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी करने के बाद ही अन्य गांव या मोहल्ले में कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक के मुताबिक ई-केवायसी के दौरान परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु होने, स्थाई रूप से प्रवास पर जाने (विवाह आदि कारणों से) एवं डुप्लीकेट होने पर एम राशन मित्र पोर्टल पर स्थानीय निकाय के लॉगिन से विलोपन हेतु प्रविष्टी की जायेगी। उन्होंने बताया कि

30 अप्रैल तक ई-केवाईसी नहीं कराये जाने की स्थिति में सबंधित हितग्राही को खाद्यान्न का न मिल पाना संभावित है। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले के सभी पात्र हितग्राहियों से राशन दुकान में जाकर 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से अपनी ई-केवाईसी करा लेने का आग्रह किया है।

## वृंदोत्सव 2025 : शास्त्रीय संगीत की सुगंध से महका वृंदोत्सव



जबलपुर।

त्रिलोक संस्था द्वारा महाकोशल शहीद स्मारक ट्रस्ट सांस्कृतिक प्रकोष्ठ और संस्कृति संचालनालय भोपाल के सहयोग से शहर का प्रतिष्ठित आयोजन "वृंदोत्सव 2025" स्थानीय शहीद स्मारक, प्रेक्षाग्रह में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कला मर्मज्ञ डॉक्टर बैजनाथ गौतम और श्री जानकीरमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अभिजात कृष्ण त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विशाल यादव (हारमोनियम तकनीशियन) और प्रमोद बेन (तबला रिपेयरर) को संगीत के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में शास्त्रीय संगीत की विभिन्न प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें - राग बागेश्री - "आवो सजावो मंदिर आज" तीनताल की मध्यलय रचना,- राग यमन - तराना एकताल में निबद्ध,- राग देस- "होरी खेलन को चले कन्हैया" छोटा ख्याल तीनताल में एवं तराना- राग भूपाली - चतुरंग तीन ताल में,- राग भैरवी - "देखो माई तिहारो कन्हैया" तीनताल में, इन प्रस्तुतियों का निर्देशन डॉक्टर शिप्रा सुल्लेरे ने किया था। सारंगी पर भोपाल से पधारे शिराज हुसैन खान, तबले पर लोकेश मालवीय, चेतन बैन, मानसी सोनी, हारमोनियम पर राजवर्धन पटेल, गायक वृंद में थीं मुस्कान सोनी धोपे, माही सोनी, अर्पिता तिवारी, अनामिका बाजपेई, आरती दुबे, अदिति पटेल, चांदनी सेन, मृणालिका विश्वकर्मा।

## असाधु ने शहर का नाम किया गौरवान्वित

**जबलपुर।** संतोष कुमार मिश्र 'असाधु' द्वारा पिछले दिनों राम चरित भवन ह्यूस्टन (अमेरिका) द्वारा आयोजित हुए चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर कार्यक्रम में प्रस्तुत उनके शोध पत्र 'समुद्र लांघने हेतु केवल हनुमान जी ही सक्षम क्यों' को सात निर्णायकों के समूह ने सर्वोत्कृष्ठ शोध पत्र के रूप में चयन करते हुए 5100 रूपए की नगद राशि से पुरस्कृत किया। संतोष मिश्रा ने इस विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान भी दिया। संतोष मिश्र असाधु द्वारा की गई सूक्ष्म विवेचना एवं उनके समर्थन में प्रस्तुत किए गए वैज्ञानिक तथ्यों अधिवेशन में उपस्थित विद्वतजनों द्वारा प्रशंसा व सराहना की गई।



## विवि कर्मियों के श्रमसाध्य भत्ते की लड़ाई अब प्रदेश स्तर पर

### रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में 15 वर्ष बाद महासंघ की बैठक आयोजित



**जबलपुर।** प्रदेश के समस्त शासकीय विश्वविद्यालयों के संचालन में कार्यरत सभी कर्मचारियों का योगदान होता है, किन्तु फिर भी राज्य शासन द्वारा एक वर्ग विशेष तक श्रमसाध्य भत्ते को सीमित कर दिया गया है, जिससे वंचित कर्मियों के मन में द्वेष भावना का संचार हो रहा है, जो न तो विश्वविद्यालय हित में है और न ही कर्मचारी हित में। इस हेतु बिना किसी भेदभाव के सभी कर्मियों को समान रूप से श्रमसाध्य भत्ते की लड़ाई अब मध्य प्रदेश विश्वविद्यालयीन कर्मचारी महासंघ लडेग़ा। उक्त विचार मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ की रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में आयोजित प्रांतीय बैठक में प्रांताध्यक्ष राकेश सिंह गुर्जर ने कही। बैठक में मंत्रालयीन कर्मचारियों के समान विश्वविद्यालयीन कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान करने, शासन द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के निरस्त किये गये 70 पदों को स्वीकृत करने, समयमान वेतनमान की अंतराशि के भुगतान करने तथा भ्रष्टाचार उन्मूलन जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि यदि शासन द्वारा विश्वविद्यालयीन कर्मचारियों की जायज मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो प्रदेश स्तरीय आंदोलन किया जायेगा। बैठक में प्रांतीय महासचिव लखन सिंह परमार, प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रेमप्रकाश पुरोहित, अशोक कामत, प्रांतीय संयुक्त सचिव इन्द्र कुमार परोहा, रादुविवि कर्मचारी संघ अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह पटैल, महासचिव राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल सहित प्रदेश के ग्वालियर, भोपाल, इन्दौर, रीवा, महू विश्वविद्यालयों के लगभग 30 कर्मचारी प्रतिनिधि तथा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महाकोशल विश्वविद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया



**जबलपुर।** महाकोशल विश्वविद्यालय में युवा रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा आज विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. राहुल सिंघई, विशिष्ट अतिथि पीटी ऑफिसर राजेंद्र प्रताप यादव एवं शांतनु सिंह राजावत 2-एमपी नेवल बटालियन जबलपुर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया, तत्पश्चात विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में अतिथियों द्वारा स्वास्थ्य के विषय में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. आरसी मिश्रा, कुलसचिव ए.एच. सारस्वत, प्रो. चांसलर डॉ. मुश्ताक आलम एवं विश्वविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं के साथ एनसीसी कैडेट भी उपस्थित हुए। इस अवसर पर डॉ. राहुल सिंघई ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर, स्वस्थ मन, स्वस्थ समाज ही स्वस्थ राष्ट्र को बनाता है, अतः सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए, विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शांतनू सिंह राजावत ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही प्रथम धन होता है। अतः हमें अपने अच्छे स्वास्थ्य के बारे में सजग होना चाहिए।

## सिविक सेंटर व्यापारी संघ करेगा शोभायात्रा का स्वागत

**जबलपुर।** भगवान महावीर स्वामी की जयंती के उपलक्ष्य में सिविक सेंटर व्यापारी संघ द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा। मालवीय चौक स्थित अंजुमन स्कूल के सामने समिति द्वारा भव्य स्वागत पंडाल लगाया जाएगा। संघ के अध्यक्ष प्रशांत जैन ने बताया कि यह आयोजन का 30 वां वर्ष है। इस दौरान भगवान महावीर का संदेश जनजन तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही सुबह 7.30 बजे से आइसक्रीम व खोवे की जलेबी का वितरण किया जाएगा।



## कण्डम मेट्रो बसों से यात्री परेशान

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा संचालित खस्ताहाल मेट्रो बसों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। मेट्रो बसें कहीं भी कभी भी खराब हो जाती हैं, जिससे इस भीषण गर्मी में बसों में बैठा यात्री परेशान होता है, यही स्थिति 09 अप्रेल को दोपहर 1.30 बजे उस वक्त निर्मित हुई जब नगर निगम बस स्टॉफ के गेट पर मेट्रो बस बंद हो गई और कंडक्टर तथा अन्य चालक बस को धक्का मारकर चालू करने का प्रयास करते रहे और बस में बैठे यात्री परेशान होते रहे।



## भक्तों ने महाआरती कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया

**जबलपुर।** श्री शंकर महादेव मंदिर काछी धर्मशाला मॉडल रोड के संरक्षक रवि पटेल, व्यवस्थापक पवन पटेल, संयोजक प्रदीप पटेल द्वारा बताया गया कि 07 अप्रैल को मंदिर परिसर में नवमी के उपलक्ष्य में मां दुर्गा जी पूजन, हवन किया गया। तदोपरांत महाआरती का आयोजन किया गया था जिसमें क्षेत्रीय पार्षद अमरीश मिश्रा, अतुल पांडे एवं मोहल्ले की महिलाएं शामिल थीं जिसमें कौशल्या भाई पटेल, नर्मदा देवी पटेल, प्रीति पटेल, कामिनी पटेल, रुक्मणी, कृष्णा, शशि यादव, रजनी पटेल, पूजा, संजय पटेल, राजकुमार यादव, आकाश, आदित्य, आदेश, रचित, हर्षित, प्रत्यक्ष शांतनु, पर्व, आयुष, पीयूष, आदि मौजूद थे। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## अम्बेडकर जयंती की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न



**जबलपुर।** आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ के तत्वावधान में 9 अप्रैल को सत्यमेव जयते परिसर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती कार्यक्रम की तैयारी को लेकर एक आवश्यक बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रकवि शिवनाथ चौधरी आलम ने की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष देवेश चौधरी की उपस्थिति में सभी पदाधिकारियों ने अपने व्यापक सुझाव रखे जिसमें निर्णय लिया गया कि आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह को भव्य रूप में मनाने को लेकर जो भी तैयारी हैं उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। इस बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष वरिष्ठ सदस्य शिवनाथ चौधरी आलम ने एडवोकेट तरुण रोहिताश को आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ का प्रांतीय सचिव नियुक्त होने की घोषणा की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष देवेश चौधरी, शिवनाथ चौधरी आलम, एड. तेज कुमार भगत, एड. तरुण रोहितास, कमलेश धपोडकर, बीएल झरिया, शारदा पटेल, महेश अहिरवार, सीएल सिरसाट, राज कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।



## माँ रेवा की गोद में किया सुंदरकांड का संगीतमय पाठ

**जबलपुर।** श्री अयोध्यावासी युगल समिति जबलपुर के तत्वावधान में अपर्णा नीरज गुप्ता द्वारा माँ रेवा की गोद में सुंदर कांड का संगीतमय आयोजन किया गया। चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी के उपलक्ष्य में भजन, कीर्तन में पूर्णिमा, राकेश, नीरज, बबिता, वंदना, प्रेमलता, निधि, सारिका, सुधा इत्यादि ने भक्ति भाव से भाग लिया। नाव में सुंदरकांड का अद्भुत प्रस्तुतिकरण समाज के लिए अनुकरण योग्य होगा।



## परसवारा कालोनी में जवारा चल समारोह निकला

**जबलपुर।** धनवंतरी नगर परसवारा कॉलोनी माता महाकाली दरबार में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर माता के दरबार में मातारानी की 9 दिनों की भक्ति करने के पश्चात 9वें दिन कन्या पूजन, भंडारा का आयोजन किया गया, इसके पश्चात इस वर्ष भी जवारा चल समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में जवारा विसर्जन समारोह में सम्मिलित होकर मातारानी से अपनी अर्जी लगाई और मातारानी से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में अजय साहू, सुनील बंशकार, कमल दुबे, गोलू, शिवम पटेल, गुड्डू पटेल, कोमल विश्वकर्मा, तिलकराज जवरानी, अश्विनी सोनी, सहित अन्य भक्तजन उपस्थित रहे।

## अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ ने 09 अप्रेल को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के अतिथि शिक्षकों की लंबित मांगों का निराकरण किए जाने की मांग की। बताया गया प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में रिक्त पदों के विरुद्ध कार्य करने वाले अनुभवी अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित करने स्थायी नीति बनाई जाए। संघ ने निवेदन किया है कि उक्त विषय पर गंभीरतापूर्वक विचार कर उचित निर्णय लेकर स्थायी नीति बनाकर अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित किया जाए। अतिथि शिक्षकों की मांग है कि अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर विभागीय परीक्षा आयोजित कर नियमित शिक्षक बनाया जाए तथा जब तक विभागीय परीक्षा नहीं होती तब तक 12 माह का सेवाकाल हेतु अनुबंध किया जाए। अनुसूचित जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत अतिथि शिक्षकों को 6 माह का लंबित मानदेय तत्काल दिया जाए। नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 में सेवानिवृत्ति, स्थानांतरण, उच्च पद प्रभार से रिक्त हुए पदों पर अतिथि शिक्षक भर्ती में अनुभव, वरिष्ठता के आधार पर जिला, ब्लाक स्तर में स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाए, वहीं अनुभव और वरिष्ठता का लाभ देते हुए पुनः सेवा का अवसर प्रदान किया जाए। ज्ञापन के दौरान जिला अध्यक्ष हेमन्त तिवारी, संदीप तिवारी, सतीश नगरिया, पवन सेन, उदय प्रताप, राजेश दुबे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## त्रिरत्न बौद्ध विहार में धम्मदेशना कार्यक्रम संपन्न

जबलपुर। त्रिरत्न बौद्ध विहार निर्भय नगर आधारताल में 09 अप्रेल को पपू अय्याजी साक्य धम्मदिन्ना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने विश्व गुरु तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर मोमबत्ती एवं अगरबत्ती तथा पुष्प अर्पित कर तथागत गौतम बुद्ध की वंदना की। अय्याजी ने धम्मदेसना में संघ क्या है? उसके बारे में बताया, भगवान बुद्ध का शिष्य संघ ज्ञानमार्गी समुदाय संतदाय संतमार्गों पर आरूढ़ है, सरल मार्ग पर आरुढ़ है। ऐसे (भिक्षु) संघ को मैं नमस्कार करता हूँ, धम्मदेशना का लाभ सभी उपासक एवं उपासिकाओं ने लिया। कार्यक्रम में निर्मला पाटिल, ईश्वरी पाटिल, सीमा गनवीर, पारमी पाटिल, स्मिता बौद्ध, सुनीता चौर, करुणा पाटिल, संध्या भालेवार, दुर्गेश्वरी मानकर, किरण पाटिल, रमा झोड़ापे, पंचशीला भालेवार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरी बार सत्ता में आने के बाद हम एकमात्र देश हैं, जो वास्तव में सैद्धांतिक रूप से इस तरह की समझ तक पहुंच पाए हैं। आज दुनिया का हर देश अमेरिका से निपटने की रणनीति बना रहा है। भारत का फोकस ट्रंप प्रशासन के साथ व्यापार समझौता करना है

टैरिफ से जुड़ी चिंताओं पर विदेश मंत्री ने बताई रणनीति

# भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर यूएस से जल्द करेगा बातचीत, दोनों पक्ष बेहद रचनात्मक, वॉशिंगटन के साथ सहमति बनाने वाले हम एकमात्र देश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी टैरिफ ने दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं में



उथल-पुथल मचा रखी है। भारत पर भी ट्रंप ने 26 फीसदी टैरिफ लगाया है। टैरिफ लगने के बाद बुधवार को पहली बार सरकार ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि टैरिफ से निपटने के लिए भारत की रणनीति इस साल के अंत तक वाशिंगटन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) करना है। फरवरी में वाशिंगटन में पीएम नरेंद्र मोदी और ट्रंप के बीच वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने 2025 तक बीटीए की पहली किस्त पर बातचीत करने का ऐलान किया था। विदेश मंत्री ने कहा कि वाशिंगटन के साथ सहमति बनाने वाला भारत शायद एकमात्र देश है। जयशंकर ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस बारे में सोचना संभव है कि इसका क्या असर होगा, क्योंकि हम नहीं जानते। हमारी रणनीति क्या है? मुझे लगता है कि यह बिल्कुल स्पष्ट है। हमने तय किया कि हम इन मुद्दों पर ट्रंप प्रशासन से जल्द ही बातचीत करेंगे। दोनों पक्ष बेहद रचनात्मक थे। हम इस बात पर सहमत हुए कि इस साल के अंत तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने की कोशिश की जाएगी।

**फरवरी में दोनों देशों ने बीटीए पर बातचीत का किया था ऐलान**

**जो बाइडेन प्रशासन में भी व्यापार संभावनाओं पर चर्चा की थी**

## ट्रंप के पहले कार्यकाल में भी हुई थी बातचीत

*विदेश मंत्री के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप के पहले प्रशासन में भी भारत एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा था। मगर यह बातचीत सफल नहीं हुई। जो बाइडेन प्रशासन में भी हमने व्यापार संभावनाओं पर चर्चा की और आईपीईएफ पहल तक पहुंचे। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए वाशिंगटन के दीर्घकालिक दृष्टिकोण तहत, तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मई 2022 में महत्वाकांक्षी हिंद-प्रशांत समृद्धि के लिए आर्थिक ढांचा (आईपीईएफ) का शुभारंभ किया था। यह पहल स्वच्छ ऊर्जा, आपूर्ति-श्रृंखला में लचीलापन और डिजिटल व्यापार जैसे क्षेत्रों में समान विचारधारा वाले देशों के बीच गहन सहयोग के मकसद से की गई थी।*

### बाइडेन द्विपक्षीय समझौते के खिलाफ थे

जयशंकर ने कहा कि वे (बाइडेन प्रशासन) द्विपक्षीय समझौता करने के बहुत खिलाफ थे। भारत के नजरिए से, असल में अमेरिका के साथ द्विपक्षीय रूप से कुछ करना किसी भी तरह से नकारात्मक या अवांछित स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, यह कुछ ऐसा है जो लंबे समय से हमारा उद्देश्य रहा है।

### हर देश रणनीति बना रहा

विदेश मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरी बार सत्ता में आने के बाद हम एकमात्र देश हैं, जो वास्तव में सैद्धांतिक रूप से इस तरह की समझ तक पहुंच पाए हैं। आज दुनिया का हर देश अमेरिका से निपटने की रणनीति बना रहा है। भारत का फोकस ट्रंप प्रशासन के साथ व्यापार समझौता करना है। हमारी रणनीति लक्ष्य यह देखना है कि क्या द्विपक्षीय व्यापार समझौते करके वास्तव में इस स्थिति से निपटना संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि लंबे समय से यह हमारा उद्देश्य भी रहा है। मौजूदा परिस्थितियों ने व्यापार समझौते पर इतनी गंभीर बातचीत करने का माहौल पैदा किया है।

---

**खबर संक्षेप**


### म्यांमार मदद पर यूएन ने की भारत की तारीफ



**मांडले।** संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय के लिए कार्यालय (ओसीएचए) के म्यांमार प्रमुख सज्जाद मोहम्मद सज्जाद ने म्यांमार की मदद के लिए भारत की तारीफ की है। म्यांमार में हाल ही में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने जिस तेजी और प्रभावी तरीके से सहायता पहुंचाई है, उसने उसे एक प्रमुख मानवतावादी सहयोगी के रूप में स्थापित कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत तेजी से मदद पहुंचाई है।

### भारत ने बांग्लादेश को दी छूट समाप्त की

**नई दिल्ली।** चीन की गोद में बैठे बांग्लादेश के सलाहकार प्रो. मोहम्मद



यूनुस को भारत ने उसकी औकात दिखा दी है। 8 अप्रैल को भारत के सेंट्रल बोर्ड ऑफ इंडायरेक्ट टैक्सेज एंड कस्टम्स ने 2020 में जारी एक सर्कुलर को रद्द कर दिया, जिसके तहत बांग्लादेश को अपने निर्यात को नेपाल, भूटान और म्यांमार जैसे देशों तक भारतीय जमीन के जरिए भेजने की छूट मिली थी। अब यह सुविधा खत्म कर दी गई है, जिससे बांग्लादेश का थर्ड-कंट्री ट्रेड बुरी तरह से प्रभावित होगा।

---

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने दी मंजूरी

# फ्रांस से 26 राफेल मरीन विमान खरीदे जाएंगे 63000 करोड़ के सौदे पर जल्द होंगे हस्ताक्षर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर विमान मिलेंगे। यह सौदा भारतीय वायुसेना के राफेल विमानों की क्षमताओं को भी अपग्रेड करने में मदद करेगा। राफेल-एम जेट को भारतीय नौसेना के विमानों के बेड़े में शामिल किया जाएगा*

भारत ने फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमान खरीदने के लिए मेगा डील को मंजूरी दे दी है। 63,000 करोड़ रुपए से अधिक के इस सरकारी सौदे पर जल्द ही हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर विमान मिलेंगे। यह सौदा भारतीय वायुसेना के राफेल विमानों की क्षमताओं को भी अपग्रेड करने में मदद करेगा। राफेल-एम जेट को भारतीय नौसेना के विमानों के बेड़े में शामिल किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने इस सौदे को मंजूरी दे दी।

जुलाई 2023 में रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से 26 राफेल समुद्री जेट विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी। इसे स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा। भारतीय वायु सेना ने उड़ान भरने की स्थिति में 36 राफेल लड़ाकू विमान खरीदे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की आपूर्ति लगभग चार वर्षों में शुरू होने का अनुमान है। नौसेना को 2029 के अंत तक पहला बैच प्राप्त होने की उम्मीद है। पूरा बेड़ा 2031 तक शामिल होने की संभावना है। एक बार आपूर्ति हो जाने के बाद, ये जेट विमान भारत के विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य और स्वदेशी आईएनएस विक्रांत से संचालित होंगे, जो पुराने हो रहे मिग-29 के बेड़े की जगह लेंगे।

**स्वदेशी विमानवाहक पोतों पर होगी तैनाती**

**जुलाई 2023 में रक्षा मंत्रालय ने दी थी मंजूरी**



**विमानवाहक मिशनों के लिए उपयोगी**

### भारतीय नौसेना की सामरिक ताकत में इजाफा

डील में जल्द डिलीवरी समय सीमा पर सुनिश्चित होगी और फ्रांसीसी निर्माता डसॉल्ट एविएशन से रखरखाव में सहायता भी देगा। राफेल एम को विमानवाहक-आधारित मिशनों के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें मजबूत लैंडिंग गियर, अरेस्टर हुक्स और शॉर्ट टेक-ऑफ बट अरेस्टेड रिकवरी (एसटीओबीएआर) ऑपरेशनों को अंजाम देने के लिए मजबूत एयरफ्रेम की सुविधा है। यह एक ऐसी तकनीक है जिसका उपयोग नौसेना के विमान वाहकों पर विमान को लॉन्च करने और वापस लाने के लिए किया जाता है।

*राफेल-एम जेट फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन कंपनी की ओर से तैयार किए गए भारतीय वायुसेना के राफेल विमानों की तरह राफेल मरीन भारत में मौजूद राफेल फाइटर जेट्स से अधिक एडवांस्ड है। इसका इंजन ज्यादा ताकतवर है। ये अत्याधुनिक तकनीक और क्षमता से लैस होंगे। यह विमान भारतीय नौसेना के लिए एक गेम-चेंजर साबित होंगे, जो समुद्र में संचालन की क्षमता को बढ़ाएंगे। इन जेट का इस्तेमाल विमानवाहक पोत पर भी किया जाएगा, जिससे भारतीय नौसेना की सामरिक ताकत में काफी इजाफा होगा।*

### पैकेज में ट्रेनिंग, कंपोनेंट शामिल

भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीटर जेट के साथ-साथ 4 ट्विन-सीटर वैरिएंट भी मिलेंगे। भारत को एक बड़ा पैकेज मिलेगा जिसमें बेड़े का रखरखाव, लॉजिस्टिकल सपोर्ट, कर्मियों की ट्रेनिंग और स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग कंपोनेंट के लिए ऑफसेट दायित्व शामिल होगा। राफेल मरीन जेट विमानों को भारत के स्वदेशी विमानवाहक पोतों पर तैनात किया जाएगा और इससे समुद्र में नौसेना की हवाई शक्ति में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

---

भारत-यूएई रिश्तों में नई मजबूती

## आईआईएम अहमदाबाद और आईआईएफटी के कैंपस दुबई में खुलेंगे



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। इनमें समग्र द्विपक्षीय संबंधों को प्रगति देने के प्रयासों के तहत दुबई में भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद (आईआईएमए) और भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) का एक परिसर खोलने का निर्णय शामिल है। अल मकतूम द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ अलग-अलग बैठकों के कुछ घंटों बाद इन निर्णयों की घोषणा की गई।

### दुबई में बनेगा भारत मार्ट कांप्लेक्स

*क्राउस प्रिंस ने दोपहर में भोज के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर भी चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि इस यात्रा के दौरान अनेक घोषणाएं की गई हैं। दुबई में भारत मार्ट कांप्लेक्स बनेगा। दुबई में यूएई-भारत फ्रेंडशिप अस्पताल के लिए जमीन आवंटन, कोच्चि एवं वडीनार में पोत मरम्मत केंद्रों की स्थापना, दुबई चेम्बर आफ कामर्स का भारत में आफिस खोलना शामिल है।*

### एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए

आईआईएम अहमदाबाद ने अपने एक्स प्लेटफॉर्म पर ट्वीट करते हुए लिखा कि यह बताते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है कि हम दुबई इंटरनेशनल एकेडमिक सिटी में आईआईएमएम दुबई ब्रांच कैंपस के साथ अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार कर रहे हैं। आईआईएमए के निदेशक प्रोफेसर और दुबई के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन विभाग के महानिदेशक हेलाल सईद आलमारी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

---

स्लोवाकिया पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## राष्ट्रपति महल में हुआ स्वागत, कई एमओयू पर किए जाएंगे हस्ताक्षर

एजेंसी ⏭ ब्रैटिस्लावा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का बुधवार को स्लोवाक गणराज्य के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने राष्ट्रपति भवन में स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार को अपनी दो-राष्ट्र राजकीय यात्रा के दूसरे चरण में यहां पहुंचीं, वह स्लोवाक गणराज्य की यात्रा करने वाली दूसरी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष बन गईं। राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का ब्रातिस्लावा में राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ औपचारिक स्वागत किया। लोक परिधान पहने एक जोड़े ने उन्हें रोटी और नमक देकर पारंपरिक स्लोवाक स्वागत किया।

### सांसदों के बीच ज्ञान और अनुभव को बढ़ावा मिलेगा



*राष्ट्रपति ने स्लोवाक गणराज्य की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष रिचर्ड राशी से मुलाकात की। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत और स्लोवाकिया के बीच सद्भावना और आपसी समझ बढ़ाने में सांसदों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिषद मैत्री समूह की परंपरा रही है और कहा कि इससे हमारे सांसदों के बीच ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा।*

### भारत और स्लोवाकिया से गहरे संबंध

इस यात्रा के दौरान कई समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए जाएंगे। पिछली बार किसी भारतीय राष्ट्रपति ने 29 साल पहले स्लोवाकिया का दौरा किया था। राष्ट्रपति मुर्मू मध्य यूरोपीय देश का दौरा करने वाले दूसरे भारतीय राष्ट्रपति बन गई हैं। स्लोवाकिया में विशेष रूप से संस्कृत अध्ययन के साथ गहरे संबंध हैं।

---

जम्मू में उधपमुर और किश्तवाड़ में एनकाउंटर

## तीन आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेरा दोनों ओर से लगातार गोलीबारी जारी

एजेंसी ⏭ श्रीनगर

जम्मू के उधमपुर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच एनकाउंटर शुरू हो गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि किश्तवाड़ जिले के छात्रू क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई है। आतंकवादी और सुरक्षाबलों के बीच लगातार फायरिंग जारी है।

उधमपुर पुलिस ने 'एक्स' पर बताया कि पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान के दौरान उधमपुर के रामनगर थाना क्षेत्र के जोफर गांव में तीन



आतंकवादियों से मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी जारी है। उधमपुर-रियासी रेंज के डीआईजी मोहम्मद रईस भट ने कहा कि दो से तीन आतंकवादी हैं और रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। यह स्थान खब्बल के उत्तर में जोफर है। यह वही इलाका है जहां सुरक्षा बलों ने 3 अप्रैल को आतंकवादियों को देखा था।

---

केंद्रीय वित्त मंत्री ने भारत-यूके निवेशक गोलमेज को किया संबोधित

## भारत बैंकिंग क्षेत्र में विदेशी निवेश को तेजी से प्रोत्साहित कर रहा है

एजेंसी ⏭ लंदन

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जोर देते हुए कहा है कि भारत विदेशी बैंकों के लिए एक आकर्षक विकास अवसर प्रदान करता है और भारत सरकार बैंकिंग क्षेत्र में विदेशी निवेश को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कर रही है। लंदन में विभिन्न पेंशन फंड, बीमा कंपनियों, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 60 निवेशकों के साथ भारत-यूके निवेशक गोलमेज चर्चा को संबोधित करते हुए, उन्होंने नीतिगत समर्थन के साथ सतत आर्थिक विकास और निवेश के अवसरों को सक्षम करने के लिए सरकार की प्राथमिकताएं बताई।




### निवेश के लिए अनुकूल वातावरण की सुविधा

*निर्मला सीतारमण ने अनुपालन बोझ कम करने और व्यापार और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण की सुविधा के लिए विनियमन को आसान बनाने के लिए प्रक्रिया और शासन सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।*

### भारत का बाजार पूंजीकरण चौथे स्थान पर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निवेशकों को बताया कि भारत का बाजार पूंजीकरण 4.6 ट्रिलियन डॉलर है, जो वर्तमान में वैश्विक स्तर पर चौथे स्थान पर है।

---

दुनियाभर में चल रहे टैरिफ वार के बीच ट्रंप की एक और नई चेतावनी

# जल्द ही फार्मास्यूटिकल्स पर एक बड़ा टैरिफ लगाने की करेंगे घोषणा

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

दुनियाभर में चल रहे टैरिफ वार के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि फार्मास्यूटिकल्स को रेसिप्रोकल टैरिफ से दी गई छूट जल्द समाप्त हो जाएगी। मंगलवार रात को ट्रंप ने कहा कि हम बहुत जल्द ही फार्मास्यूटिकल्स पर एक बड़ा टैरिफ लगाने की घोषणा करने जा रहे हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब अमेरिका की ओर से लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ बुधवार से प्रभावी हो गए हैं। ट्रंप ने कहा कि जब फार्मा कंपनियों को टैरिफ की जानकारी मिलेगी, वे चीन और अन्य देशों को छोड़ देंगी, क्योंकि उन्हें अपने ज्यादा उत्पादन अमेरिका में बेचने हैं। टैरिफ के बाद सभी फार्मा कंपनियां पूरे देश के अगले हिस्सों में प्लांट खोलेंगी।

**ट्रेड वार का सर्वाधिक असर कमजोर देशों पर: गुटेरेस**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि ट्रेड वार बहुत नुकसानदायक होते हैं। इसमें कोई भी नहीं जीतता, सभी हारते हैं। मैं खासकर सबसे कमजोर विकासशील देशों को लेकर चिंतित हूं, क्योंकि इसका असर उन पर ज्यादा बुरा होगा। व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) की महासचिव रेबेका ग्रिनस्पैन ने कहा कि वैश्विक व्यापार नियमों को आज की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बदला जाना चाहिए, लेकिन इन बदलावों में यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वे सबसे कमजोर लोगों की रक्षा करें और विकास को बढ़ावा दें। यह एकजुट होने का समय है, न कि तनाव बढ़ाने का।

### रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा में फार्मास्यूटिकल्स पर छूट थी

जब राष्ट्रपति ट्रंप ने पिछले सप्ताह रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा की तो उन्होंने फार्मास्यूटिकल्स, कॉपर, सेमीकंडक्टर, लकड़ी, बुलियन, एनर्जी और कुछ मिनरल को टैरिफ से छूट दी, क्योंकि यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।



रेसिप्रोकल टैरिफ में फार्मास्यूटिकल्स को राहत इसलिए मिली क्योंकि आयातित दवाएं, विशेष रूप से भारत से आने वाली जेनेरिक दवाएं, अमेरिकी हेल्थ सिस्टम की लागत को कम रखने में मदद करती हैं, जो दुनिया में सबसे महंगे हेल्थ सिस्टम्स में से एक है। भारत अमेरिका को बड़ी मात्रा में फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात करता है। दरअसल भारत अमेरिका से आयात होने वाले फार्मा पर करीब 10 प्रतिशत का टैरिफ चार्ज वसूलता है जबकि अमेरिका देश भारत से आने वाले फार्मा आयात पर किसी भी प्रकार का टैरिफ नहीं वसूलता है।

### टैरिफ से निर्यात पर पड़ेगा असर आरबीआई गवर्नर का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद बताया कि दुनियाभर में चल रहे टैरिफ वार के कारण विभिन्न क्षेत्रों का आर्थिक परिदृश्य धुंधला पड़ गया है। इससे दुनिया में विकास दर और महंगाई से जुड़ी नई चुनौतियां पैदा होने का जोखिम बढ़ गया है। इससे देश के निर्यात पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण वस्तुओं के निर्यात पर दबाव दिख सकता है। वहीं सेवाओं के निर्यात में लचीलापन रहने की उम्मीद है। दुनियाभर के बाजार में गिरावट का जोखिम बढ़ाती रहेंगी। वैश्विक अनिश्चितताओं को देखते हुए आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए विकास अनुमान को भी 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है।

---

अगले माह रूस जा सकते हैं पीएम मोदी

## पुतिन ने नौ मई को विजय दिवस परेड के लिए भेजा आमंत्रण पत्र


एजेंसी ⏭ मॉस्को

रूस ने पीएम नरेंद्र मोदी को द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी पर विजय की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर नौ मई को आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। उप विदेश मंत्री आंद्रे रुदेंको ने यह जानकारी दी। रूस को पीएम मोदी के नौ मई की परेड के लिए आने की उम्मीद है। रुदेंको ने कहा कि निमंत्रण पहले ही भेजा जा चुका है और यात्रा की योजना बनाई जा रही है। रूस ने इस साल की विजय दिवस परेड में शामिल होने के लिए कई मित्र देशों के नेताओं को आमंत्रित किया है। जनवरी 1945



में, सोवियत सेना ने जर्मनी के खिलाफ एक आक्रामक अभियान शुरू किया था। नौ मई को 'कमांडर-इन-चीफ' ने जर्मनी के बिना शर्त आत्मसमर्पण से जुड़े अधिनियम पर हस्ताक्षर किए, जिसके साथ ही युद्ध समाप्त हो गया था। पीएम मोदी ने जुलाई 2024 में रूस का दौरा किया था, जो लगभग पांच वर्षों में देश की उनकी पहली यात्रा थी।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार | भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण | लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश शासन




# ₹ 5800 करोड़ से अधिक के निवेश से कुल 328 किमी लम्बी 10 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

## लोकार्पण

**उज्जैन-बदनावर खंड पर 4 लेन सड़क**
NH- 752D(SPUR), लम्बाई: 69 कि.मी., लागत: ₹1353 करोड़

**उज्जैन-गरोठ कॉरीडोर में खेड़ा खजुरिया से सुहागड़ी तक 4/6 लेन ग्रीनफील्ड हाईवे**
NH- 752D, लम्बाई: 48 कि.मी., लागत: ₹876 करोड़

**उज्जैन-गरोठ कॉरीडोर में सुहागड़ी से बर्डिया अमरा तक 4/6 लेन ग्रीनफील्ड हाईवे**
NH- 752D, लम्बाई: 46 कि.मी., लागत: ₹823 करोड़

**जीरापुर-सुसनेर-मध्य प्रदेश/राजस्थान बॉर्डर रोड खंड पर 2 लेन पेव्ड शोल्डर सड़क**
NH- 752B, लम्बाई: 46 कि.मी., लागत: ₹241 करोड़

**बाकानेर घाट पर पेव्ड शोल्डर के साथ अतिरिक्त 3 लेन सड़क**
NH- 52, लम्बाई: 09 कि.मी., लागत: ₹209 करोड़

## शिलान्यास

**संदलपुर-नसरुल्लागंज खंड पर 4-लेन सड़क**
NH- 146B, लम्बाई: 43 कि.मी., लागत: ₹1536 करोड़

**चंदेरी-पिछोर खंड पर 2 लेन पेव्ड शोल्डर सड़क**
NH- 346, लम्बाई: 56 कि.मी., लागत: ₹415 करोड़

**इंदौर-गुजरात खंड पर 7 फ्लाइओवर व अंडरपास**
NH- 59, लम्बाई: 05 कि.मी., लागत: ₹217 करोड़

**शाजापुर, कनासीया एवं MIDC इंडस्ट्रीयल एरिया में 3 फ्लाइओवर व अंडरपास**
NH- 52, लम्बाई: 05 कि.मी., लागत: ₹111 करोड़

**रसलपुर जंक्शन पर फ्लाइओवर**
NH- 52, लम्बाई: 01 कि.मी., लागत: ₹52 करोड़

## परियोजनाओं से होने वाले लाभ

- दिल्ली, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र की उज्जैन से हाई स्पीड कनेक्टिविटी, श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की यात्रा सुगम, श्रद्धालुओं को सुविधा
- दिल्ली एवं मुंबई का मालवा क्षेत्र से सुगम संपर्क, लॉजिस्टिक लागत में कमी
- संदलपुर-नसरुल्लागंज चौड़ीकरण से जबलपुर इंदौर की सीधी कनेक्टिविटी में सुधार
- कृषि उपज एवं स्थानीय उत्पादों की वैश्विक बाजारों तक पहुँच आसान, रोजगार के नए अवसरों का सृजन
- बाकानेर घाट के रिअलाइनमेंट से सुगम एवं सुरक्षित यात्रा
- बेहतर कनेक्टिविटी के कारण निवेश में वृद्धि, आर्थिक विकास को बल
- उज्जैन से बदनावर तक यात्रा का समय 2 घंटे से घट कर 45 मिनट हुआ, समय और ईंधन की बचत
- इंदौर-गुजरात एवं ब्यावरा देवास खंड पर फ्लाइओवर निर्माण से ट्रैफिक जाम से राहत
- चंदेरी किला एवं पिछोर जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल तक पहुंचना आसान, पर्यटन को बढ़ावा

**नितिन गडकरी**
केन्द्रीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग
भारत सरकार
के द्वारा

एवं

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश
की अध्यक्षता में

**गुरुवार, 10 अप्रैल 2025, प्रात: 11.30 बजे | स्थल: खेड़ा, बदनावर (जिला-धार)**

## गरिमामयी उपस्थिति

**शिवराज सिंह चौहान** — कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार | **ज्योतिरादित्य सिंधिया** — केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री, भारत सरकार

**अजय टम्टा** — राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय | **हर्ष मल्होत्रा** — राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय | **सावित्री ठाकुर** — महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री, भारत सरकार | **जगदीश देवड़ा** — उप मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश | **कैलाश विजयवर्गीय** — मंत्री, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्य प्रदेश शासन | **राकेश सिंह** — मंत्री, लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश शासन

**बालयोगी उमेश नाथ महाराज** — राज्य सभा सदस्य | **बंशीलाल गुर्जर** — राज्य सभा सदस्य | **अनिल फिरोजिया** — सांसद, उज्जैन-आलोट | **सुधीर गुप्ता** — सांसद, मंदसौर | **शंकर लालवानी** — सांसद, इंदौर | **रोडमल नागर** — सांसद, राजगढ़ | **गजेंद्र सिंह पटेल** — सांसद, खरगोन | **महेंद्र सिंह सोलंकी** — सांसद, देवास

### परियोजना क्षेत्र से जुड़े विधायक गण

अनिल जैन कालूहेड़ा | चन्दर सिंह सिसोदिया | जीतेन्द्र पंड्या | आशीष शर्मा | नीना विक्रम वर्मा | कालूसिंह ठाकुर | गायत्री राजे पवार | रमाकांत भार्गव | अरुण भीमावद | मनोज पटेल | जगन्नाथ सिंह रघुवंशी
राजकुमार मेव | रमेश प्रसाद खटीक | प्रीतम लोधी | माधव सिंह | कालूराम मेघवाल | हजारीलाल दांगी | हरदीप सिंह डंग | भंवर सिंह शेखावत | प्रताप ग्रेवाल | भैरो सिंह बापू | महेश परमार | दिनेश जैन

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

FOR LIVE STREAMING : www.facebook.com/nitingadkary | https://twitter.com/nitin_gadkari | www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

cbc 37107/15/0001/2526




# सरस्वती स्कॉलरशिप स्कीम और एआईसीटीई की अन्य योजनाओं पर कार्यशाला का आयोजन

**नई दिल्ली।** उच्च शिक्षा तक सबकी पहुंच बढ़ाने के त्रिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की ओर से जीआईटीएएम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, विशाखापत्तनम में सरस्वती स्कॉलरशिप स्कीम और एआईसीटीई की अन्य वित्तीय योजनाओं पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों, शैक्षिक पेशेवरों और संस्थानों को एआईसीटीई द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न वित्तीय सहायता योजनाओं से अवगत कराना था। कार्यशाला में छात्रों, शिक्षकों और प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया।

कार्यशाला में मुख्य रूप से सरस्वती स्कॉलरशिप योजना पर चर्चा की गई जो आर्थिक रूप से पिछड़ी पृष्ठभूमि से आने वाली प्रतिभाशाली छात्राओं को एआईसीटीई से अनुमोदन प्राप्त संस्थानों से बीबीए/बीसीए/बीएमएस जैसी डिग्रियाँ प्राप्त करने में सहायता प्रदान करती है। इसके अलावा परिषद द्वारा चलाई जा रही अन्य वित्तीय योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई जो नवाचार, कौशल विकास, संकाय विकास और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देती हैं। कार्यशाला में शामिल लोगों को परिषद द्वारा दिए जाने वाले विभिन्न अनुदानों और स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। इंटरएक्टिव सत्र में इन योजनाओं के बारे में छात्रों और शिक्षकों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए।

अपने संबोधन में एआईसीटीई के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार ने कहा कि परिषद द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता योजनाओं, विशेष रूप से सरस्वती स्कॉलरशिप के बारे में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है. ताकि टियर-2 और टियर-3 कॉलेजों तथा पिछड़े क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इन योजनाओं के माध्यम से परिषद का उद्देश्य इंजीनियरिंग के क्षेत्र में छात्राओं को प्रोत्साहित करना है। सभी कॉलेजों और शिक्षकों को इन योजनाओं के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। एआईसीटीई के सलाहकार डॉ. एन.एच. सिद्धलिंग स्वामी ने सभी हितधारकों को परिषद की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में जीआईटीएएम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के उपकुलपति डॉ. एरोल डिसूजा के साथ ही एआईसीटीई के अधिकारी भी शामिल हुए।

# धीरे-धीरे जमीन में धंस जाएगा अमेरिका का ये बड़ा क्षेत्र? नई स्टडी में चौंकाने वाला खुलासा

**न्यूयार्क।** ऑस्टिन में मौजूद टेक्सास यूनिवर्सिटी के रिसर्चर ने एक अहम जानकारी जुटाई है। उन्होंने अपने नए अध्ययन पाया है कि मध्य-पश्चिम के नीचे गहराई में दबा हुआ पृथ्वी की पपड़ी का एक टुकड़ा एक्टिव है और आज के उत्तरी अमेरिकी पपड़ी के बड़े हिस्से को मेंटल में खींच रहा है। इसे वैज्ञानिक 'क्रैटोनिक थिनिंग' कह रहे हैं। भूकंपीय इमेजिंग का इस्तेमाल करते हुए वैज्ञानिकों ने मध्य अमेरिका के नीचे विशाल, टपकन-जैसी स्ट्रक्चर्स का अवलोकन किया, जिससे पता चलता है कि लिथोस्फीयर (पृथ्वी की कठोर बाहरी परत) पतला हो रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह से महाद्वीप के प्राचीन कोर, या क्रेटन के आधार से मैटेरियल मेंटल संक्रमण क्षेत्र में डूब रही है। यह पहली बार है जब शोधकर्ताओं ने क्रैटोनिक थिनिंग की क्रिया को संभावित रूप से पकड़ा है, जैसा कि नेचर जियोसाइंस में प्रकाशित एक पेपर में विस्तार से बताया गया है।

## रिसाव क्यों हो रहा है?

जियो डायनामिक्स मॉडल बताते हैं कि उत्तरी अमेरिका के नीचे विशाल भूमिगत 'टपकन' संभवतः बड़े पैमाने पर मेंटल प्रवाह के कारण होता है, जो लंबे समय से उप-प्रवाहित फैरालोन स्लैब द्वारा गतिमान होता है, जो अब निचले मेंटल में गहराई में है। यह प्राचीन स्लैब ऊपरी लिथोस्फीयर को कमजोर कर सकता है, जिससे यह मेंटल में टपकने के लिए तिरछा हो जाता है। रिसर्चर ने अपने शोध में पाया कि ये टपकने जैसी स्ट्रक्चर्स करीब 640 किलोमीटर (400 मील) भूमिगत फैली हुई हैं और मिशिगन, नेब्रास्का और अलबामा सहित एक विस्तृत क्षेत्र के नीचे मौजूद हैंय हालांकि ये मध्य-पश्चिम में केंद्रित हैं, लेकिन इनका जियोलॉजिकल इफेकक्ट्स उत्तरी अमेरिका के अधिकांश भाग तक फैल सकता है। स्टडी इन बूंदों के निर्माण को फरालोन प्लेट से भी जोड़ता है, जब एक बार सक्रिय समुद्री प्लेट जो उत्तरी अमेरिका के पश्चिमी किनारे के नीचे धंस गई थी।करीब 20 मिलियन साल पहले, जब प्रशांत प्लेट आगे बढ़ी, तो फरालोन प्लेट टूट गई। बचे हुए स्लैब मेंटल में उतरते रहे और धीरे-धीरे उत्तरी अमेरिकी लिथोस्फीयर के टुकड़ों को अपने साथ खींचते रहे।



## एक ग्रह लंबे समय में कैसे विकसित हुआ

यह स्टडी महाद्वीपों के विकास की खोज करने वाले भूवैज्ञानिकों के लिए खासतौर पर बहुत कीमती है। जैक्सन स्कूल के प्रोफेसर और सह-लेखक थोरस्टन बेकर ने कहा,'अगर हम यह समझना चाहते हैं कि एक ग्रह लंबे समय में कैसे विकसित हुआ है, तो इस तरह की चीजें महत्वपूर्ण हैं। इससे हमें यह समझने में मदद मिलती है कि आप महाद्वीप कैसे बनाते हैं, उन्हें कैसे तोड़ते हैं और उन्हें (पृथ्वी) में कैसे रीसाइकिल करते हैं।'

# पत्नी को सबक सिखाने के लिए शख्स ने अपने दुधमुंहे बच्चे के साथ जो किया वो है शॉकिंग

**बैंकाक।** थाईलैंड से एक बेहद परेशान करने वाली खबर सामने आई है, जहां एक शख्स ने अपने दुधमुंहे बच्चे को जंगल में सिर्फ इसलिए मरने के लिए छोड़ दिया, क्योंकि वह अपनी पत्नी से एक बात का बदला लेना चाहता था। यही नहीं, शख्स ने जंगल में पड़े अपने बच्चे की तस्वीर खींची और उसे पत्नी को भेज दिया। मामला पुलिस तक पहुंचने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार 21 वर्षीय वुट्टीचाई अपने दो हफ्ते के बेटे को लेकर जंगल गया। जहां उसने बच्चे को जमीन पर रखकर उसकी कुछ तस्वीरें खींची और फिर अपनी 22 वर्षीय पत्नी ओराथाई को भेज दिया। महिला तब अपने दोस्तों के घर पर थी। बच्चे की तस्वीर देखते ही वो बुरी तरह घबरा गई और फौरन मुखिया को इस घटना की सूचना दी। वहीं, मामले को तूल पकड़ता देखकर वुट्टीचाई बच्चे को वापस घर लेकर आ गया। लेकिन, तब तक ओराथाई थाने में पति की शिकायत कर चुकी थी। ओराथाई ने आरोप लगाया कि उसका पति ड्रग्स का आदी है।



# स्कोडा की रजत जयंती


**जबलपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में 25 साल पूरे कर लिए हैं, और कंपनी ने भारत में अपने 25 साल के इतिहास में रिकॉर्ड तोड़ बिक्री की उपलब्धि हासिल की है। मार्च 2025 में स्कोडा ऑटो इंडिया ने 7,422 गाड़ियाँ बेचीं, जो भारत में इस ब्रांड की अब तक की किसी एक महीने में बिक्री की सबसे बड़ी संख्या है। यह सफलता उनकी नई कायलाक एसयूवी के लॉन्च और रणवीर सिंह को कंपनी का पहला ब्रांड सुपरस्टार बनाने के तुरंत बाद मिली है, जिससे लोगों के बीच जागरूकता और पसंद बढ़ी है।

# 13000 साल पुराने दांत, 72,000 साल पुरानी खोपड़ी का किया रिसर्च, फिर जो बना उसकी पूरी दुनिया में हो रही चर्चा

**न्यूयार्क।** अमेरिका में वैज्ञानिकों ने एक कमाल कर दिखाया है। उन्होंने आनुवंशिक बदलाव के जरिए तीन भेड़िए शावकों को तैयार किया है, जो दिखने में 10,000 साल पहले विलुप्त हो चुके 'डायर वुल्फ'जैसे लगते हैं। ये शावक अभी 3 से 6 महीने के हैं और किसी गुप्त, सुरक्षित जगह पर रह रहे हैं। ये खबर 'कोलोसल बायोसाइंसेज'कंपनी ने दी है, जो विलुप्त प्रजातियों को फिर से लाने पर काम कर रही है।

## बनाए गए तीन भेड़िए

एसोसिएटेड प्रेस में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, रिसर्च करने वाले वैज्ञानिकों के मुताबिक, इन शावकों के बाल लंबे और सफेद हैं, जबड़े मजबूत हैं और अभी इनका वजन 80 पाउंड (36 किलो) है। बड़े होने पर ये 140 पाउंड (63 किलो) तक पहुंच सकते हैं। 'डायर वुल्फ'अपने समय में आज के 'ग्रे वुल्फ'से कहीं बड़े और ताकतवर थे, जो इनके सबसे करीबी रिश्तेदार हैं।



## विलुप्त प्रजातियों को दोबारा पैदा करने की हो रही कोशिश

*'कोलोसल बायोसाइंसेज'का कहना है कि ये शुरुआत है। कंपनी पहले से ही वूल्ली मैमथ और डोडो जैसी विलुप्त प्रजातियों को लाने की कोशिश कर रही है। लेकिन, कुछ वैज्ञानिकों को शक है कि क्या ये भेड़िये सचमुच उत्तर अमेरिका के जंगलों में फिर से रह पाएंगे। अभी इन तीन शावकों को सुरक्षित जगह पर रखा गया है, जहां इनकी देखभाल हो रही है।*

## जानें कैसे बनाए गए भेड़िए

*डायर वुल्फ 10,000 साल से अधिक समय पहले विलुप्त हो गए थे। इसके बाद 'कोलोसल'की मुख्य वैज्ञानिक बेथ शापिरो ने बताया कि वैज्ञानिकों ने पुराने जीवाश्मों से डीएनए निकाला। ओहियो में मिले 13,000 साल पुराने दांत और इदाहो में मिले 72,000 साल पुराने खोपड़ी के टुकड़े से 'डायर वुल्फ'के खास गुणों का पता लगाया गया।*

## क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

*बफेलो विश्वविद्यालय के जीवविज्ञानी विन्सेंट लिंच, जो इस शोध का हिस्सा नहीं थे उन्होंने कहा कि ये कोशिश बड़ी है, लेकिन अभी हम सिर्फ सतही तौर पर 'डायर वुल्फ'जैसा कुछ बना सकते हैं। इन्हें पूरी तरह वापस लाना मुमकिन नहीं है। उनका मानना है कि ये भेड़िये दिखने में तो पुराने 'डायर वुल्फ' जैसे हो सकते हैं, लेकिन इनका व्यवहार और असली गुण वैसा नहीं होगा।*

# 'अमीर' लड़के पटाना सिखाती है महिला

**बीजिंग।** आपने देखा होगा कि लोग अच्छी तरह व्यवहार करने की ट्रेनिंग लेते हैं, लेकिन शायद ही कभी ऐसी क्लास के बारे में सुना हो, जिसमें ये सिखाया जाए कि कैसे लड़के पटाए जाएं. चीन में एक महिला ऐसी ही क्लास दे रही है। हमारे आसपास बहुत से लोग हैं, जो अपनी स्किल्स को बढ़ाने के लिए अलग-अलग क्लासेज़ लेते हैं। आमतौर पर वे ऐसी चीज़ें सीखते हैं, जो उन्हें नहीं आतीं या उन्हें बेहतर करनी हैं। कोई डांस क्लास जाता है तो कोई स्पीच क्लासेज़ लेता है। हालांकि, शायद ही आपने किसी को पार्टनर पटाने की क्लास लेते या देते हुए देखा होगा। पड़ोसी देश चीन में इसकी क्लासेज़ भी चल रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक महिला का नाम ली चुआनकू है, जो एक सोशल मीडिया एनफ्लुएंसर है। वो खुद को लव गुरु बताती है, जो महिलाओं को सिखाती है कि कैसे अमीर आदमी से शादी कर सकते हैं। इसके लिए वो तरह-तरह के नुस्खे दे रही है, जिसे लड़कियां अपना भी रही हैं और बदले में उसे पैसे देती हैं। ली चुआनकु नाम की महिला ऑनलाइन क्लासेज़ के ज़रिये लड़कियों को सिखाती है कि उन्हें किस तरह अमीर लड़कों को अपने जाल में फंसाना है और उनसे शादी करनी है। उसके इन नुस्खों को इतनी लड़कियां पैसे देकर सीख रही हैं कि महिला 167 करोड़ रुपए सालाना हंसते-हंसते कमा लेती है। हाल ही में चीन के टैक्सेशन डिपार्टमेंट ने बताया कि उसने टैक्स चोरी की और महिला पर 8.5 करोड़ रुपए का फाइन लगा है। इसके बाद वो एक बार फिर से चर्चा में आ गई है। चुआनकू लाइव-स्ट्रीम के दौरान लोगों से पैसे लेकर उन्हें सलाह देती है। एक सलाह देने के बदले वो 12,945 रुपए चार्ज करती है।



**आवश्यकता**


आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:-9202613238 (रायपुर/14/अप्रैल 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
**हरिभूमि वैवाहिकी**
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
**जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

यह कॉम्पाउंड सिर्फ लीवर कैंसर के केस में है कारगर

# चीन ने खोजा ऐसा फॉर्मूला कि तुरंत लग जाएगा कैंसर पर ब्रेक

**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों ने लीवर कैंसर के उपचार में एक महत्वपूर्ण खोज की है। उन्होंने पाया है कि सिलीबिन नामक प्राकृतिक यौगिक एमसीटी1 प्रोटीन को रोककर कैंसर कोशिकाओं में लैक्टेट के संचय को बढ़ाता है, जिससे उनकी वृद्धि रुक जाती है। यह खोज कैंसर के प्रभावी उपचार के विकास में मील का पत्थर साबित हो सकती है। सस्ता उपचार खोजने के बाद चीन के वैज्ञानिकों ने कैंसर को लेकर एक और नई खोज की है। चीनी वैज्ञानिकों ने लैक्टेट के परिवहन तंत्र की खोज की है, जिस दौरान ऐसे तत्व के बारे में पता चला जो



## लीवर कैंसर के बारे में जानिए

लीवर कैंसर एक ऐसी स्थिति है, जिसमें लीवर की कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ने लगती हैं और ट्यूमर बना लेती हैं। यह कैंसर प्रथम चरण (लीवर से शुरू होने वाला) या दूसरा चरण (किसी अन्य अंग से फैलकर लीवर में पहुँचना) हो सकता है। लीवर कैंसर के लक्षण धीरे-धीरे उभरते हैं और शुरुआत में बहुत सामान्य लग सकते हैं, जिससे पहचान करना मुश्किल होता है। आम लक्षणों में पेट के ऊपरी दाएं हिस्से में दर्द या सूजन, अचानक वजन घटना, भूख न लगना, लगातार थकान, मतली, उल्टी और आंखों या त्वचा का पीला पड़ना (पीलिया) शामिल हैं। लीवर कैंसर के कुछ मामलों में पेट में पानी भरने की समस्या भी हो सकती है। लीवर कैंसर का इलाज रोगी की उम्र, स्वास्थ्य और कैंसर के स्टेज पर निर्भर करता है।

## नए उपचार विकसित करने में मिलेगी मदद

तिआनजिन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ये शेंग और उनकी टीम ने एक रिसर्च में यह पता लगाया कि एमसीटी1 एक ट्रांसपोर्टर प्रोटीन कैंसर कोशिकाओं से लैक्टेट बाहर निकालता है। उन्होंने पाया कि सिलीबिन इस ट्रांसपोर्टर को रोक सकता है। सिलीबिन एमसीटी1 को बंद कर देता है, जिससे लैक्टेट कैंसर कोशिकाओं में जमा हो जाता है और उनकी वृद्धि रुक जाती है। चीन के वैज्ञानिकों का दावा है कि इस खोज से कैंसर का प्रभावी उपचार विकसित किया जा सकता है।

# राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

# शब्द पहेली - 5832



**बाएँ से दाए**

1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**

2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

**शब्द पहेली- 5831 का हल**



# सूडोकू नवताल - 5842

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5841 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |




# तिलक के बाद कॉन्वे... सेट बल्लेबाज छोड़ रहे मैदान, 'रिटायर्ड आउट' नियम पर उठे सवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल के 18वें सत्र में एक नए नियम को लेकर दिग्गजों ने सवाल उठाए हैं। नए नियम के तहत पहले से सेट बल्लेबाज मैदान छोड़ रहे हैं। वो खुद ही 'रटायर्ड आउट' होकर मैदान से बाहर जा रहे हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच 4 अप्रैल को हुए इस मुकाबले तलिक वर्मा रिटायॅर्ड आउट हुए।

वहीं 8 अप्रैल को पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के मुकाबले में डेवोन कॉन्वे रिटायर्ड आउट होकर पवेलियन की ओर लौट गए। इन दोनों ही फैसलों के बाद क्रिकेट विश्लेषकों, पूर्व क्रिकेटर्स और कमेंटेटर्स ने सवाल उठाए। वहीं इस पूरे मसले से एक सवाल यह भी उठ रहा है कि जो बल्लेबाज पहले से सेट है, उसकी जगह कोई दूसरा खिलाड़ी आएगा तो इस बात की क्या गारंटी है, वो तेजी से ही रन बनाएगा।

## कॉन्वे रिटायर्ड आउट रवींद्र जडेजा फेल

*पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे को 18वें ओवर में 'रिटायर्ड आउट' किया गया, जब वे 49 गेंदों में 69 रन बनाकर खेल रहे थे, उस समय चेन्नई को जीत के लिए 13 गेंदों में 49 रनों की जरूरत थी। कॉन्वे की जगह रवींद्र जडेजा मैदान में उतरे, लेकिन यह रणनीति सफल नहीं रही। नतीजतन चेन्नई की टीम को 18 रनों से हार झेलनी पड़ी। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने मैच के बाद बताया कि टीम ने कॉन्वे को तेजी से रन बनाने का मौका दिया, लेकिन जब रन रेट बढ़ता गया और वह तेजी से रन नहीं बना सके तो उन्हें वापस बुलाने का फैसला किया गया।*



## तिलक चले गए मैदान से बाहर

मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच आईपीएल 2025 का मैच नंबर 16 खेला गया। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ रन चेज में सात गेंद शेष रहते तिलक वर्मा को रिटायर आउट करने का फैसला किया। तिलक उस समय 23 गेंदों पर 25 रन बनाकर टिके हुए थे। उनकी जगह बल्लेबाजी करने मिचेल सेंटनर आए। उस समय मुंबई को 7 गेंदों पर 24 रन चाहिए थे, लेकिन आवेश खान ने अंतिम ओवर में 22 रनों का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए लखनऊ के लिए मैच जिता दिया।



## क्लार्क, चावला, जाफर हैरान

कॉन्वे मामले पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क ने हैरानी जताई. वहीं पीयूष चावला और वसीम जाफर ने माना कि यह निर्णय देर से लिया गया। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इस बात पर सहमति जताई कि मिडिल ओवर्स में टीम की बल्लेबाजी की स्पीड कम हो गई, लेकिन उन्हें खुशी है कि उन्होंने इस सीजन में पहली बार 200 का आंकड़ा पार किया।

### रिटायर्ड आउट होने वाले खिलाड़ी

| खिलाड़ी | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|
| रविचंद्रन अश्विन | लखनऊ | 2022 |
| अथर्व तायडे | दिल्ली | 2023 |
| साई सुदर्शन | मुंबई | 2023 |
| तिलक वर्मा | लखनऊ | 2025 |
| डेवोन कॉन्वे | पंजाब | 2025 |

खास खबर

## प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर, जीते किरन जार्ज



**निंगबो।** शीर्ष भारतीय खिलाड़ी एचएस प्रणय को बुधवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के पुरुष एकल के पहले दौर में चीन के झू गुआंग ल्यु के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। चिकनगुनिया से पीड़ित होने के बाद लय हासिल करने के लिए जूझ रहे प्रणय को चीन के अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक घंटा और आठ मिनट चले मुकाबले में 16-21, 21-12, 11-21 से हार झेलनी पड़ी। किरण जॉर्ज ने हालांकि कजाखस्तान के दमित्री पनारिन को 35 मिनट में 21-16, 21-8 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। महिला एकल में आकर्षी कश्यप और अनुपमा उपाध्याय भी अपने मुकाबले हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। आकर्षी को दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी चीन की हेन युई के खिलाफ 31 मिनट में 13-21, 7-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि अनुपमा को दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी और आठवीं वरीय थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन के खिलाफ 36 मिनट में 13-21, 14-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

## बीएफआई मामलों के लिए अंतरिम समिति गठित

**नई दिल्ली।** विश्व मुक्केबाजी ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के मामलों की देखरेख के लिए एक अंतरिम समिति का गठन किया है, ताकि प्रशासनिक निरंतरता और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। विश्व मुक्केबाजी के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह को पत्र लिखकर छह सदस्यीय समिति की नियुक्ति की जानकारी दी है। अजय सिंह समिति की अध्यक्षता करेंगे। वह इस पद पर '90 दिनों से अधिक की अवधि के लिए नहीं रहेंगे'। छह सदस्यीय समिति में बीएफआई के उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार निरवान, कार्यकारी निदेशक अरुण मलिक और ओलंपियन एल सरिता देवी शामिल हैं।




## हमेशा से पता था कि प्रियांश विशेष है



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर और दिल्ली के कोच सरनदीप सिंह ने युवा बल्लेबाज प्रियांश आर्य को 'इस समय देश के सबसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में से एक' करार दिया। कहा कि उचित क्रिकेट शॉट के माध्यम से तेजी से रन बनाने की उनकी क्षमता उन्हें दूसरे खिलाड़ियों से अलग बनाती है। इक्कीस साल के प्रियांश ने मंगलवार को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स के लिए शानदार शतक लगाया। घरेलू सर्किट में प्रभावित करने के बाद नीलामी में तीन करोड़ 80 लाख रुपये में खरीदे गए प्रियांश ने अपने चौथे आईपीएल मैच में ही 103 रन की तूफानी पारी खेली।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 3 | 3 | 0 | 6 |
| गुजरात | 4 | 3 | 1 | 6 |
| बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 6 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 |
| कोलकाता | 5 | 2 | 3 | 4 |
| राजस्थान | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
288 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
11 विकेट
चेन्नई

## आईपीएल : जीत से तालिका में शीर्ष पर कायम होगी बादशाहत

# विराट और स्टार्क के बीच चिन्नास्वामी स्टेडियम में आज होगा महामुकाबला

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना गुरुवार को आईपीएल के मैच में दिल्ली कैपिटल्स से होगा तो सभी की नजरें विराट कोहली और मिचेल स्टार्क की टक्कर पर लगी होंगी। दिल्ली ने अब तक तीनों मैच जीते हैं जबकि आरसीबी ने चार में से तीन मैच में जीत दर्ज की है। दोनों टीमें हालात और विरोधी टीम के अनुकूल खुद को ढालने में कामयाब रहीं हैं। विराट के फॉर्म में आने से मेजबान टीम के हौसले बुलंद है।

छत्तीस वर्ष के विराट को हालांकि आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव से पार पाना होगा। कोहली ने स्टार्क के खिलाफ टी20 क्रिकेट में 31 गेंद में 72 रन बनाए हैं लेकिन इस सत्र में स्टार्क तीन मैचों में 11 की औसत से नौ विकेट ले चुके हैं। पावरप्ले में स्टार्क और कोहली की भिड़ंत पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। इसके बाद कुलदीप से सामना होगा जो छह की इकॉनॉमी रेट से छह विकेट ले चुके हैं। वैसे टी20 क्रिकेट में स्पिनरों के खिलाफ ऊंचे और स्वीप शॉट खेलने की अपनी कमजोरी से पार पा चुके कोहली काफी उम्दा प्रदर्शन कर रहे हैं।



## रजत स्पिनरों को खेलने में माहिर


आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार भी फॉर्म में हैं और वह स्पिनरों को खेलने में माहिर हैं। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स को बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल से अधिक प्रभावी भूमिका की उम्मीद होगी। कप्तान अक्षर ने अब तक तीन मैचों में आठ ओवर डाले हैं लेकिन एक भी विकेट नहीं ले सके हैं। आरसीबी के लिए नई गेंद संभालने वाले जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार पावरप्ले में प्रभावी रहे हैं। उन्हें दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल पर लगाम लगानी होगी जो यहां के हालात से बखूबी वाकिफ हैं।



## दिल्ली के डु प्लेसी फिट नहीं

दिल्ली की नजरें फाफ डु प्लेसी की फिटनेस पर भी लगी होंगी जो चेन्नई के खिलाफ पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। यहां के हालात से वाकिफ डु प्लेसी अगर फिट होते हैं तो आरसीबी के नई गेंद के गेंदबाजों को अतिरिक्त प्रयास करने होंगे।

## खबर संक्षेप



### मैक्सवेल पर 25 फीसदी जुर्माना, डिमेरिट अंक भी

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के कारण मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक लगाया गया है। छत्तीस वर्ष के मैक्सवेल ने धारा 2.2 के तहत लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है जो मैच के दौरान साजोसामान को नुकसान पहुंचाने के संबंध में है। बीसीसीआई ने एक ईमेल में कहा, पंजाब किंग्स के हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ न्यू पीसीए स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के कारण जुर्माना लगाया गया है।

### दीक्षा-प्रणवी से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**केपटाउन।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर जोबर्ग ओपन गोल्फ में शीर्ष-10 में जगह बनाने के बाद बृहस्पतिवार से यहां होने वाले दक्षिण अफ्रीका महिला ओपन में अपनी शानदार लय को बरकरार रखना चाहेंगी। दीक्षा के साथ इस प्रतियोगिता में भारत की चार अन्य खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगी जिसमें प्रणवी उर्स, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत और रिया पूर्वी शामिल है। साल 2019 की चैम्पियन दीक्षा के पास इस टूर्नामेंट से जुड़ी अच्छी यादें है।


### बेहतर हुई बल्लेबाजी पर सत्र निराशाजनक

**मुल्लांपुर।** शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को रन बनाते देख चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने राहत की सांस ली लेकिन लगातार चार हार के बाद उन्हें लगता है कि आईपीएल का यह सत्र टीम के लिए निराशाजनक है। पंजाब किंग्स से मिले 220 रन के लक्ष्य के जवाब में चेन्नई 18 रन से चूक गई। फ्लेमिंग ने कहा, 'अब तक यह सत्र निराशाजनक रहा है। कैचिंग खराब रही है लेकिन वह दोनों टीमों की ही खराब थी। लाइट के साथ कुछ दिक्कत थी या क्या, पता नहीं लेकिन फील्डिंग चिंता का विषय है।'



## शीर्ष वरीय ज्वेरेव मोंटे कार्लो के दूसरे दौर में बेरेतिनी से हारे

**मोनाको।** दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव को मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस के दूसरे दौर में इटली के मातेओ बेरेतिनी ने 2-6, 6-3, 7-5 से हरा दिया। अब बेरेतिनी का सामना जिरि लेहेका या 13वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेत्ती से होगा। आखिरी बार इटली के नाम यह खिताब 2019 में फेबियो फोगनिनी ने किया था। अन्य मुकाबलों में तीन बार के चैंपियन यूनान के स्टेफानोस सिटसिपास ने आस्ट्रेलिया के जोर्डन थॉम्पसन को 4-6, 6-4, 6-2 से मात दी। वहीं अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल में पहुंचे जैक ड्रेपर ने मार्कोस जिरोन को 6-1, 6-1 से हराया। पहले दौर के मैच में डेनमार्क के होल्गर रूने 2-6, 0-3 से पिछड़ रहे थे जब नुनो बोर्गेस के खिलाफ उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा।



## विजयवीर ने विश्व कप में भारत को दिलाया चौथा स्वर्ण पदक

**ब्यूनस आयर्स।** पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके विजयवीर सिद्धू ने यहां पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल स्पर्धा में बुधवार को यहां शीर्ष स्थान हासिल कर आईएसएसएफ विश्व कप में भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाया। विजयवीर ने कम स्कोर वाले लेकिन रोमांचक फाइनल में 29 अंक हासिल किए। उन्होंने इटली के अनुभवी रिकार्डो माजेटी को पीछे छोड़ा। माजेटी पांच रैपिड-फायर की आठ सीरीज के बाद एक अंक से चूक गए। चीन के 19 साल के निशानेबाज यांग युहाओ ने कांस्य पदक जीता। विजयवीर ने स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, 'मैंने गुरप्रीत सर, अनीश और अन्य लोगों के साथ पहले भी कई फाइनल खेले हैं। इसमें राष्ट्रीय, ट्रायल आदि शामिल हैं और मैंने इन सब में अच्छा प्रदर्शन किया है।

## अक्षर खिलाड़ियों की बातों को देते हैं तरजीह

**बेंगलुरु।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच मैथ्यू मॉट ने इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में टीम की सफलता का श्रेय कप्तान अक्षर पटेल को देते हुए कहा कि उनकी नेतृत्व शैली खिलाड़ियों को तुरंत सहज बना देती है। दिल्ली कैपिटल्स लगातार तीन मैच जीतकर अंक तालिका में शीर्ष पायदान पर है। मॉट ने कहा, 'क्रिकेट और जीवन के बीच उनका संतुलन बहुत बढ़िया है। वह टीम को लेकर अपनी विचारों को साझा करते समय यह सुनिश्चित करते हैं कि अन्य खिलाड़ियों को भी इसमें शामिल किया जाए। उनके चेहरे पर मुस्कान रहती है। वह सभी की सोच के साथ सामंजस्य बिठाते हैं।'


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, लोककर्म विभाग**

N.I.T. NO/PWD/2024-25/04/45/E-tendering/PRO No.34 — Dated 09/04/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का विवरण | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_415535_1 Date- 09/04/2025 | संभाग क्रमांक -04 नरसिंह वार्ड अंतर्गत कनक होटल के पास पुलिया एवं संदीप नेमा प्रशांत जी के घर के सामने सी. सी. रोड़ निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह रू. 10.68 | 2000/- 8015/- | 08/05/2025 |
| 2 | 2025_UAD_415535_2 Date- 09/04/2025 | संभाग क्रमांक -04 डॉ. जॉर्ज डिसिल्व वार्ड अंतर्गत पंचायती व्यायाम शाला का विस्तारीकरण हेतु हॉल, बाउण्ड्रीबॉल सिडी निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 06 माह रू. 17.60 | 2000/- 13205/- | 08/05/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड www.mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
संभाग क्रमांक - 04 नगर निगम, जबलपुर



**कार्यालय नगर परिषद भुआ बिछिया, जिला- मण्डला (म. प्र.)**

थाने के सामने, मेन रोड भुआ बिछिया, जिला मण्डला, पिन कोड-481995, Tel. No. - 07648-232229 Fax No. - 07648-232550
E-mail: cmobichhiya@mpurban.gov.in Website : www.nagarparishadbhuabichhiya.com

क्रमांक 06/न. परि./राजस्व/2025 — भुआ बिछिया, दिनांक 03/04/25

**फीस वसूली ठेके पर दिये जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद भुआ बिछिया द्वारा निम्न तालिका अनुसार मध्यप्रदेश नगर पालिका (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम 2016 एवं संशोधित नियम, मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) प्राधिकार से प्रकाशित नगरीय विकास एवं आवास विभा मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल, दिनांक 04 मई 2021 में दिये गये प्रावधानों के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु (01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक) 12 माह की अवधि के लिये बाजार फीस वसूली ठेके पर दिये जाने हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। नगर परिषद भुआ बिछिया में ई-निविदा दरें प्रस्तुत कर सकते हैं। अतिरिक्त जानकारी इस वेबसाईट पर टेण्डर डॉक्यूमेंट पर देखी जा सकती हैं, या नगर परिषद कार्यालय की राजस्व शाखा में उपस्थित होकर भी कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती हैं।

**द्वितीय ई-निविदा फीस वसूली ठेकों का विवरण**

| निविदा आई.डी. क्र. | ठेके का नाम | आरक्षित मूल्य | अमानत राशि | सालवेशी राशि | निविदा प्रपत्र राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_407922_2 | दैनिक एवं साप्ताहिक बाजार बैठकी ठेका | 26,00,000 | 2,60,000 | 2,60,000 | 5000 |
| 2025_UAD_407924_2 | पशु पंजीयन फीस वसूली ठेका | 23,000 | 2,300 | 2,300 | 1000 |
| 2025_UAD_407925_2 | वाहन पार्किंग फीस वसूली ठेका | 5,10,000 | 51,000 | 51,000 | 2000 |

शर्तेः- 1. प्रत्येक निविदाकार शासन द्वारा केन्द्रीय पंजीकृत प्रणाली के पोर्टल की वेबसाईट में पंजीकृत होना अनिवार्य है, जिस नाम से आई.डी. होगी उसी नाम से निविदा ऑफर प्रस्तुत किया जावेगा। 2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 03/04/2025 को 18:30 बजे से दिनांक 19/04/2025 को 17:30 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं। 3. ऑनलाईन बिड (बोली) सबमिट करने की तिथि 19/04/2025 को 17:30 बजे तक है। 4. ई-निविदा दिनांक 21/04/2025 को 11:00 बजे से खोली जावेगी। 5. निविदा में संशोधन केवल वेबसाईट पर देख सकते हैं, अखबारों में इसका प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद भुआ बिछिया जिला - मण्डला



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर, भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिए गए कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 09.05.2025 को 12:00 बजे तक। **निविदा सूचना क्रमांक:** Mech-MWP-QWA-NITR-NAB-25 **कार्य का नाम:** ईतवारी स्टेशन पर त्वरित जलापूर्ति व्यवस्था और नागभीड स्टेशन पर साधारण जल व्यवस्था की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग कार्य, टर्नकी आधार पर। **निविदा मूल्य:** रु. 4,12,69,482.77/- (चार करोड़ बारह लाख उनहत्तर हजार चार सौ बयासी रुपये और सत्तर-सात पैसे मात्र) **ईएमडी:** रु. 3,56,400.00/- **अनुबंध अवधि:** 10 महीने **निविदा फॉर्म की लागत:** शून्य

निविदा दस्तावेज IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर 07.04.2025 से उपलब्ध होंगे। **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 09.05.2025 को 12:00 बजे तक। ई-निविदा केवल IREPS पोर्टल पर ही स्वीकार की जाएगी।
किसी भी प्रकार की मैनुअल ऑफर की अनुमती नहीं है और उसे अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता
द.पू.म. रेलवे नागपुर
AAA/02/08

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय
हस्तशिल्प पुरस्कार 2024

विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय असाधारण सिद्धहस्तशिल्पियों को उनके शिल्प की प्रगति एवं विकास की ओर उनके योगदान को पहचान देने के लिए, हस्तशिल्प क्षेत्र में सर्वोच्च, हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान करता है। वर्ष 2024 के हस्तशिल्प पुरस्कारों के लिए पात्र शिल्पियों से निम्नलिखित श्रेणियों के अनुसार आवेदन ऑनलाइन/ऑफ़लाइन आमंत्रित किए जाते हैं:

| पुरस्कार का नाम | श्रेणी | | पुरस्कारों की संख्या |
|---|---|---|---|
| शिल्प गुरु पुरस्कार | शिल्प श्रेणी | | 05 |
| | महिलाओं के लिए | | 01 |
| | कुल | | 06 |
| राष्ट्रीय पुरस्कार | | | |
| 1 | शिल्प श्रेणी | धातु पात्र | 01 |
| | | लकड़ी का कार्य | 01 |
| | | बेंत और बांस तथा वन-आधारित उत्पाद | 01 |
| | | पत्थर के पात्र | 01 |
| | | कुंभकारी, सेरेमिक और टेराकोटा | 01 |
| | | चित्रकारी | 01 |
| | | आभूषण और अर्द्ध-कीमती पत्थर | 01 |
| | | पेपर मशीन शिल्प और पेपर शिल्प | 01 |
| | | कलात्मक वस्त्र | 01 |
| | | हस्तनिर्मित कालीन/गलीचे/दरियाँ | 01 |
| | | खिलौने और गुड़िया, कठपुतली खेल, और पतंगें | 01 |
| | | विविध शिल्प | 01 |
| | | महिला कारीगर | 01 |
| | | 30 वर्ष से कम के युवा कारीगर | 01 |
| | | दिव्यांग कारीगर | 01 |
| | | लुप्तप्राय शिल्प | 01 |
| | | जनजातीय कारीगर | 01 |
| 2. | डिज़ाइन नवीनता | | 01 |
| 3. | स्टार्ट-अप उद्यम / उत्पादक कंपनी | | 01 |

2. पात्रता, आयु, अनुभव, आवेदन प्रपत्र आदि से संबंधित अधिक जानकारी विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय की वेबसाइट www.handicrafts.nic.in में 'विज्ञापन' पर क्लिक करने के उपरांत देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। आवेदक किसी भी प्रकार की सूचना सहायता के लिए नजदीकी हस्तशिल्प सेवा केन्द्रों से भी संपर्क कर सकते हैं।

3. विधिवत रूप से भरे और पूर्ण आवेदन प्रपत्रों को हस्तशिल्प प्रविष्टियों / वांछित दस्तावेजों सहित नजदीकी हस्तशिल्प सेवा केन्द्रों 12.05.2025 तक जमा करवा दें।

CBC 41103/11/0001/2526



गर्म हवाओं से लोग बेहाल, पारा 40 डिग्री पर

# उफ ये गर्मी... संस्कारधानी में गर्मी ने दिखाये अपने तीखे तेवर

हरिभूमि जबलपुर।

मौसम के मिजाज अब लगातार तीखे होते जा रहे है तापमान औसत से ऊपर निकल गया अब दिन और रात दोनों गर्म होने लगे बिना कूलर पंखो के राहत महसूस नही होती दिन में धूप का मुकाबला करने गमछा और टोपियों का इस्तेमाल होने लगा है। पिछले 24 घंटो के दौरान अधिकतम पारा 40.0 डिग्री पर पहुंच गया जो समान्य से 3 डिग्री अधिक रहा, इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 22.02 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 52 प्रतिशत और सांय काल 35 प्रतिशत आंकी गयी। सूर्य उदय सुबह 5 बजकर 53 मिनिट पर और सूर्य अस्त शाम 6 बजकर 29 मिनिट पर हुआ। दक्षिण पूर्वी हवाएं 5-6 किमी प्रतिघंटे के रफ्तार से चली प्रदेश में सबसे अधिक 43.4 डिग्री तापमान गुना में दर्ज किया गया अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की सम्भावना।



*लू से बचने दिये गये सुझावों का पालन करें : सीएमएचओ डॉ मिश्रा*

## लू व तापघात से बचाव एवं उपचार हेतु एडवायजरी जारी


स्वास्थ्य विभाग द्वारा बढ़ते तापमान को देखते हुये जन समुदाय को लू (तापघात) से बचने के लिये एडवाइजरी जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों को सलाह दी है कि लू के लक्षण दिखाई देते ही निकट के अस्पताल में संपर्क करने तथा आवश्यक दवा का उपयोग सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में लू लगने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। वृद्ध, बच्चे, खिलाड़ी, धूप में काम करने वाले श्रमिक सर्वाधिक खतरे में रहते हैं। पसीना न आना, गर्म-लाल एवं शुष्क त्वचा, मतली, सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, उल्टियां होना, बेहोश हो जाना एवं पुतलियां छोटी हो जाना लू (तापघात) के प्रमुख लक्षण एवं संकेत हैं।

सामान्य बिजली उपभोक्ताओं का बढ़ रहा बिजली बिल

# पारे की उछाल ने बिगाड़ा बिजली सब्सिडी का खेल

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र में एक तरफ बिजली की दरों में वृद्धि और दूसरी तरफ भीषण गर्मी के कारण उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का चार गुना तक भार पड़ रहा है। दरअसल, पारे के उछाल से बिजली की मांग बढ़ गई है। इसका असर सबसे अधिक उन उपभोक्ताओं पर पड़ेगा जो अभी तक 150 यूनिट तक खपत के दायरे में आते थे। ऐसे उपभोक्ता अगर 150 से 1 यूनिट ज्यादा बिजली खपत कर लेते हैं, तो उन्हें बिजली का पूरा टैरिफ देना होता है। इस वजह से बिजली बिल में तीन से चार गुना तक का इजाफा हो जाता है। सरकार की सब्सिडी योजना का लाभ प्रदेश के 1 करोड़ से अधिक बिजली उपभोक्ता उठा रहे हैं।



गौरतलब है कि 1 अप्रैल से बिजली की दरों में 3.46 फीसदी की बढ़ोत्तरी हो गई है। हालांकि न्यूनतम प्रभार खत्म कर बिजली उपभोक्ताओं को मामूली राहत भी दी गई है। वहीं पीक ऑवर्स में बिजली जलाने पर उसके ज्यादा बिजली भुगतान करना होगा। बिजली की नई दर 1 अप्रैल से लागू होने के बाद मई माह को बिजली बिल बढ़ी हुई दरों के साथ आएगा। महीने में 50 यूनिट तक बिजली जलाने वालों को 18 पैसे यूनिट ज्यादा देने होंगे। वहीं 150 यूनिट तक खपत करने पर 26 पैसे प्रति यूनिट महंगी बिजली बिल देना होगा। वहीं भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका।

### मांग 15 हजार मेगावॉट से अधिक पहुंची

प्रदेश में बिजली की डिमांड भी अब बढने लगी हैं। यह डिमांड 15 हजार मेगावॉट से अधिक पहुंच गई है। अगले दो महीने ऐसी ही स्थिति रहेगी। इस वजह से जिन बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल पिछले महीने तक 500 रुपए से कम आ रहा था, अब उन बिजली उपभोक्ताओं का बिजली 1500 से 2000 रुपए के बीच आ रहा है। वहीं अप्रैल से बिजली का नया टैरिफ भी लागू हो गया है। इससे भी अगले महीने बिजली बिल बढकर आएगा। बिजली के टैरिफ में 3।46 फीसदी का इजाफा हुआ है। बिजली कंपनियों ने घरेलू, उद्योग, नगर निगम, नगर पंचायत तक के बिजली टैरिफ में इजाफा कर दिया है। कृषि के टैरिफ में भी इजाफा हुआ है। सरकार 150 यूनिट तक बिजली खपत पर सब्सिडी देती है। 100 यूनिट बिजली खपत होने पर 100 रुपए और उसके बाद की 50 यूनिट का सामान्य टैरिफ के मुताबिक बिजली बिल आता है। इस तरह से 150 यूनिट तक की बिजली खपत वाले बिजली उपभोक्ताओं को सरकार 566 रुपए की सब्सिडी हर महीने देती है। गर्मी के दिनों में 150 यूनिट तक की बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं की खपत बढ़ जाती है। इससे वे सब्सिडी से बाहर हो जाते हैं। एक बिजली उपभोक्ता ने मार्च के महीने में 144 यूनिट बिजली जलाई। यानी 30 दिन के हिसाब से प्रति दिन की खपत 4।65 यूनिट रहीं। इससे बिजली उपभोक्ता शासन की सब्सिडी योजना के लिए पात्र रहा। संबंधित बिजली उपभोक्ता का मासिक बिजली बिल 894 रुपए आया। सब्सिडी की पात्रता होने से बिजली उपभोक्ता को 537 रुपए की सब्सिडी मिल गई है। इससे बिजली बिल 339 रुपए आया। अगर संबंधित बिजली उपभोक्ता की बिजली खपत 150 यूनिट से ज्यादा 160 यूनिट हो जाती है, तो मौजूदा टैरिफ के मुताबिक उपभोक्ता का बिजली बिल 1086 रुपए आएगा। यानी 10 यूनिट बिजली खपत बढने पर बिजली बिल में 747 रुपए का इजाफा हो जाएगा।

एसीएफ से लेकर वनरक्षक तक के पद खाली

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 100 अधिकारी-कर्मचारियों की कमी

**जबलपुर।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में कर्मचारियों की भारी कमी से वन्य जीवों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 341 कर्मचारियों की आवश्यकता के विरुद्ध केवल 243 कर्मचारी ही कार्यरत हैं। रिजर्व में एसीएफ के 3 पद, वनपाल और वन क्षेत्रपाल के 27 पद, वनरक्षक के 40 पद रिक्त हैं। इसके अलावा महावत, हेड महावत और सहायक महावत के 13 पद तथा एक वायरलेस टेक्नीशियन का पद भी खाली है। कर्मचारियों की कमी से फील्ड में तैनात स्टाफ को सुरक्षा कार्य में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बीट केवल बीट गार्ड के भरोसे चल रही हैं। टाइगर रिजर्व प्रबंधन सुरक्षा श्रमिकों के सहारे काम चला रहा है। हाल ही में शहडोल सर्कल के मुख्य वन संरक्षक द्वारा सामान्य वन मंडल से कर्मचारियों को बांधवगढ़ में स्थानांतरित किया गया था। लेकिन कुछ ही दिनों में वे कर्मचारी वापस अपने पूर्व स्थान पर लौट गए। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पी।के। वर्मा के अनुसार, रिक्त पदों की जानकारी हर माह की पहली तारीख को वरिष्ठ कार्यालय को भेजी जाती है। वे लगातार फील्ड स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए पत्राचार कर रहे हैं।

*शातिर को जीआरपी ने किया गिरफ्तार*

# सीआरपीएफ के जवान की वेशभूषा धारण कर ट्रेनों में चोरी

हरिभूमि, जबलपुर।

सीआरपीएफ के जवान की वेशभूषा धारण कर ट्रेनों में चोरी करने वाले शातिर बदमाश को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी केमुताबिक 6 जून 2023 को नेवी के जवान शासन सॉंई कुमार निवासी श्रीराम कालोनी आदिलाबाद तेलंगाना के ट्रेन 11056 गोदान एक्सप्रेस से प्रयागराज से मुम्बई की यात्रा कर रहे थे यात्रा दौरान उन्हें सीआरपीएफ की वेशभूषा धारण किये व्यक्ति द्वारा छल से उनका मोबाईल लेकर रेल्वे स्टेशन जबलपुर में उतरकर आनलाईन पैसे ट्रान्सफर कर नगदी 20240 रूपये चोरी कर लिये गये थे। आर्मी के जवान अजीत सिंह यादव का मोबाईल छल से चोरी कर उनके मोबाईल फोन के माध्यम से आनलाईन ट्रांजेक्शन कर 49000 रूपये रेल्वे स्टेशन मैहर से चोरी कर लिया गया था। इसी तरह की वारदात ट्रेन 15647 लोकमान्य तिलक डिब्रूगढ गुवाहाटी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे आईटीबीपी के जवान श्रीराम मालाकर निवासी ग्राम बगरधा जिला खरगोन म.प्र. का मोबाईल चोरी कर अज्ञात बदमाश द्वारा 4 जुलाई 2024 को रेल्वे स्टेशन सतना में उनके मोबाईल से 97000 रूपये आनलाईन ट्रांजेक्शन कर चोरी कर लिये गये थे। पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर सुश्री सिमाला प्रसाद एवं उप पुलिस अधीक्षक रेल लोकेश मार्को द्वारा अपराधों की पतासाजी कर सायबर सेल को भी अपराधों की विवेचना में विशेष निर्देश दिये गये। विवेचना टीम में निरीक्षक थाना प्रभारी जीआरपी थाना जबलपुर बलराम यादव, उप.निरी संजीवनी राजपूत, सउनि एम.एस. धुर्वे, प्र.आर. अरूण तिवारी, सतेन्द्र सिंह, सागर उपाध्याय (सायबर सेल), आर. ओमप्रकाश बघेल, गोपाल सिंह, परसूराम यादव, रविकांत रजक को लगाया गया। विवेचना टीम द्वारा तरीका वारदात के आधार पर सायबर सेल की मदद से उपरोक्त घटनाओं की पतासाजी कर मध्यप्रदेश, बिहार, राजस्थान, उत्तरप्रदेश जाकर उपरोक्त घटनायें घटित करने वाले शातिर बदमाश अरविन्द तिवारी उर्फ विराट पिता भगवान तिवारी 26 वर्ष निवासी ग्राम महरेव पोस्ट चितबडागांव थाना चितवडा गाँव जिला बलिया (उ.प्र.) हाल पता श्रमिक कॉलोनी (बिहारी कॉलोनी) वासनी सेकण्ड फेस थाना वासनी जिला जोधपुर (राजस्थान) की तलाश कर आरोपी से प्रकरण का मोबाईल एवं नगदी तथा सीआरपीएफ की ड्रेस बरामद की गयी है। कड़ाई से पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि मैं सीआरपीएफ का जवान दिखने के लिये सीआरपीएफ की ड्रेस धारण करता था और ट्रेनों में यात्रा करने वाले फोर्स के जवानों से दोस्ती बनाकर उन्हे अपना मोबाईल रिचार्ज करने को कहता था रिचार्ज करते समय उनका पासवर्ड और पिन देख लेता था इसके बाद उनका मोबाईल चोरी कर उनके खाते की रकम निकालकर चोरी कर लेता था। बदमाश द्वारा थाना रामपुर बघेलान जिला सतना के क्षेत्राधिकार ग्राम मतहा जिला सतना की खाद-बीज की दुकान से एक महिला के मोबाईल से 95000 रूपये आनलाईन ट्रांजेक्शन कर 20 जनवरी 2025 को चोरी कर लिया गया था। जिसकी सूचना थाना रामपुर बघेलान जिला सतना को दी गयी है। गिरफ्तार बदमाश से अन्य मामलों में भी पूछताछ की जा रही है।

संभागायुक्त जबलपुर 30 दिन के भीतर निर्णय लें, हाईकोर्ट ने दिये निर्देश

## घंसौर में आदिवासी किसानों के खेतों में राखड़ (फ्लाई एश) डंप करने पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सिवनी जिले के घंसौर में आदिवासी किसानों के खेतों में राखड़ (फ्लाई एश) डंप करने के मामले में लंबित अपील पर संभागायुक्त जबलपुर को 30 दिन के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिए। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने कहा कि अपील पर फैसला आने तक किसानों के खेतों में राखड़ न डाली जाए। कोर्ट ने निर्देश दिए कि सभी को सुनवाई का पर्याप्त अवसर प्रदान किया जाए। सिवनी निवासी प्रभा बाई की ओर से अधिवक्ता आलोक वागरेचा व विशाल बघेल ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि झाबुआ पॉवर लिमिटेड के बरेला स्थित प्लांट से निकलने वाली राखड़ अवैध रूप से किसानों की बिना सहमति के उनके खेतों में जबरदस्ती डाली जा रही है। याचिकाकर्ताओं की शिकायत पर कलेक्टर ने डंपिंग कार्य पर रोक लगा दी थी। कंपनी ने कलेक्टर के आदेश को संभागायुक्त के समक्ष अपील के जरिए चुनौती दी और स्थगन प्राप्त कर लिया। दलील दी गई कि डंपिंग कार्य फिर शुरू हो गया है। वहीं झाबुआ पॉवर प्लांट की ओर से हाईकोर्ट को बताया गया कि किसानों ने अपने हस्ताक्षर कर स्टांप पेपर पर सहमति दी थी। वैधानिक अनुमति के बाद ही डंपिंग कार्य किया जा रहा है। याचिकाकर्ताओं की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अनपढ़ आदिवासी किसानों को झूठे वादे कर उनकी जमीन को समतल व उपयोगी बनाने के नाम पर कोरे कागजों और स्टांप पर अंगूठे लगवाये गये।

## ईओडब्ल्यू ने पूर्व बिशप पीसी सिंह के खिलाफ दर्ज किया पौने 3 करोड़ की धोखाधडी का मामला

हरिभूमि जबलपुर।

पूर्व बिशप जबलपुर डायोसिस पीसी सिंह सहित अन्य के खिलाफ एनडीटीए की भूमि पर स्थापित बार्लेय स्कूल कटनी की 0।022 हेक्टेयर भूमि को रेल्वे द्वारा अधिगृहण किये जाने पर मिली 2 करोड़ 45 लाख 30 हजार 830 रुपये की रकम को एनडीटीए की बिना जानकारी के फर्जी खाता खोलकर जमा कराकर अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त करने के आरोपों की जांच आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, इकाई जबलपुर के द्वारा की गई थी। जांच में सामने आया की पॉल दुपारे चेयरमेन एनडीटीए द्वारा पूर्व बिशप पीसी सिंह को जबलपुर स्थित डायोसिस ऑफ जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में एनडीटीए की संपत्तियों को विक्रय करने तथा उन्हें देखरेख के लिये पावर ऑफ अटार्नी दी गई थी।



यह उल्लेखनीय है कि एनडीटीए चेरिटी कमिश्नर नागपुर के कार्यालय में बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट एक्ट के अंतर्गत एक पंजीकृत संस्था है, जिसमें बिना चेरिटी कमिश्नर की अनुमति के ट्रस्ट की भूमियों को विक्रय अथवा उनके बदले में मुआवजा राशि प्राप्त नही की जा सकती। पीसी सिंह द्वारा बार्लेय स्कूल कटनी की भूमि खसरा 404 / 1 रकवा 0।022 हे। जो एनडीटीए के नाम पर दर्ज थी, जिसे भारतीय रेल्वे ने अधिगृहण कर लिया था। उस जमीन के अधिग्रहण की मुआवजा राशि 2,45,30,830 रुपये एनडीटीए चेयरमेन पॉल दुपारे के साथ अपराधिक षड़यंत्र रचकर पीसी सिंह, पूर्व बिशप जबलपुर डायोसिस द्वारा धोखाधड़ी पूर्वक, कूटरचित एनडीटीए का अधिकार पत्र तैयार किया और प्राप्त रकम को 16 जनवरी 2021 को एनडीटीए के द्वारा अधिकृत खातों में न हस्तांतरित कर उसे बोर्ड ऑफ एजूकेशन सीएनआई जबलपुर डायोसिस के खातें में हस्तांतरित किया जाकर 2,45,30,830 रुपये का गबन करना प्रमाणित पाया गया। जांच में अपराध प्रमाणित पाये जाने पर आरोपी भीमराव पॉल दुपारे पिता प्रभुदास दुपारे निवासी बिशप हाउस रेसीडेंसी रोड, नागपुर, चेयरमेन, नागपुर डायोसिस ट्रस्ट एसोसिएशन नागपुर और पीसी सिंह पिता स्व। बिलट सिंह, निवासी, 2131, बिशप हाउस, नेपियर टाउन, इनकम टैक्स चौराहे के पास, जबलपुर, पूर्व बिशप, बोर्ड ऑफ एजूकेशनसीएनई जबलपुर डायोसिस के खिलाफ अपरध क्रमांक 82 / 25 धारा 406, 420, 120बी भादवि के अंतर्गत दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

माढ़ोताल में दर्ज हुई थी एफआईआर, भेजा जेल

# 38 लाख की ठगी, मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

कंट्रक्शन कंपनी को 38 लाख की चपत लगाने पर टेस्टिंग इंजीनियर, मार्केटिंग मैनेजर को माढ़ोताल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

विदित हो कि रविन्द्र तोमर पिता खूबचंद तोमर 34 वर्ष निवासी सकार उदय तुलसी नगर थाना कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आर.के.सी.टी. लेबोरेटरी प्रा. लि. जो कि एक मल्टी नेशनल कम्पनी है एवं रैगवां, पाटन बायपास रोड, ग्रीन वैली स्कूल के पास स्थित है, मिनिस्ट्री ऑफ कर्पोरेट अफेयस शक्ति भवन, नई दिल्ली में रजिस्टर्ड है। आर. के. सी.टी. लेबोरेटरी प्रा.लि. क्वालिटी कन्ट्रोल ऑफ इंडिया के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त है इससी प्रकार आर. के टेस्टिंग लेबोरेटरी प्रा.लि. जीएसटी, नगर निगम एवं अन्य समस्त आवश्यक शासकीय विभागों से लाइसेंस रखती है समस्त सरकारी विभाग जैसे पीडब्ल्यूडी, स्मार्ट सिटी, जेडीए, फूड डिपार्टमेंट, निर्माण विभाग, इलेक्ट्रिल विभाग आदि द्वारा मान्यता प्राप्त कम्पनी है। प्रवेश कुमार जंघेला को इंजीनियर के पद पर नियुक्त किया गया है एवं कम्पनी के समस्त नियम व शर्ते हस्ताक्षरित करवाकर कार्य पर रखा गया था। इसी प्रकार धनेन्द्र बडग़ैयां पिता स्व. महेन्द्र बडग़ैयां, निवासी शिवाजी वार्ड, वार्ड नं. 09, सिहोरा मार्केटिंग मैनेजर के रूप में पिछले 4 वर्षों से हमारी कम्पनी में कार्यरत थे।



### ऐसे उजगार हुई थी धोखाधड़ी

पीड़ित ने शिकायत में ताया था कि एक कान्ट्रेक्टर के बिल से यह गड़बड़ी उजागर हुई थी साथ ही कम्प्यूटर से डाटा चैक करने पर यह भी पता चला कि प्रवेश कुमार जंघेला द्वारा कम्पनी का सारा डाटा चोरी करके अपनी स्वतः की ई-मेल पर भेजा गया है एवं कुछ उपकरण कम्पनी के स्टाक से चोरी करके कन्ट्रेक्टर्स को बेचे गये हैं। इस चोरी एवं जालसाजी में कम्पनी के पूर्व मार्केटिंग मैनेजर धनेन्द्र बडग़ैया की मिलिभगत उजागर हुई है धनेन्द्र बडग़ैयां द्वारा पूर्व में की गई वित्तीय अनियमितताओं के कारण मार्केट में कम्पनी की बकाया राशि लगभग 38 लाख रूपये है जिससे संस्था को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### फर्जीवाड़ा कर बनाई स्वतः की कम्पनी

शिकायतकर्ता के अनुसार प्रवेश कुमार जंघेला के द्वारा विगत कुछ दिनों से कार्य के प्रति लापरवाही देखी जा रही थी एवं कम्पनी के नियमों का उल्लंघन करते हुए कम्पनी के नियमो को तोड़ते हुए स्वतः हित एवं पूर्व मार्केटिंग मैनेजर धनेन्द्र बडग़ैया द्वारा दिये गये प्रलोभन में आकर कम्पनी के कान्ट्रेक्टस को निजी रूप से लेकर स्वतः की कम्पनी भूमि कन्सल्टेंसी एण्ड केलिब्रेशन सर्विस बना ली गई जो कि प्रवेश कुमार जंघेला के नाम से जीएसटी विभाग में रजिस्टर्ड हुई है एवं जिसमें पता फ्यूचर नगर, महाराजपुर, डाला गया है जो कि घनेन्द्र बडग़ैयां का आवासीय निवास है। भूमि कन्सल्टेंसी एण्ड केलिब्रेशन सर्विस का आईएसओ एवं लोगो हमारी कम्पनी के लेटरहेड से चोरी करके हमारी कम्पनी के कम्प्यूटर पर बैठकर बनाये गये थे।

निजी अस्पताल के डॉक्टरों पर बिफरे परिजन

# वेंटिलेटर हटाते ही मरीज की मौत पर हंगामा

हरिभूमि जबलपुर।

नेपियर टाउन स्थित एक निजी अस्पताल में वेंटिलेटर हटाते ही मरीज की हालत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मदनमहल पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाईश देने के बाद मामला शांत कराया।

मृतक के रिश्ते के साले पंकज ने बताया कि मंडला निवासी आशीष सिंधियां की 4 अप्रैल को तबितय खराब होने पर उन्हें जबलपुर के नेपियर टाउन स्थित आदित्य हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। डाक्टर पंकज असाटी की निगरानी में मरीज का इलाज चल रहा था। बीती रात ड्यूटी डॉक्टर निगम ने परिजनों को बिना सूचित किए पाइप साफ करने के नाम पर उनका वेंटीलेटर निकाला गया था, जिससे उनकी मौत हो गई।

जिस पर परिजनों ने जब यह पूछा कि बिना डॉ असाटी से पूछे आपने किसके कहने पर वेंटीलेटर हटाया। वहीं परिजनों ने ड्यूटी डॉ की योग्यता पर भी सवाल खडे. कर दिए। परिजनों का यह भी कहना था कि वेंटिलेटर हटाने के पूर्व कम से कम अस्पताल में मौजूद मरीज के परिजनों को तो सूचना दी जानी चाहिए थी।




उनका आरोप था कि डॉ। निगम ने इसकी जानकारी देने की जगह परिजनों के साथ अभद्रता की। आशीष की मौत के बाद अस्पताल में हो रहे हंगामे की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया और परिजनों व अस्पताल प्रबंधन को शांत कराया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240